


फरवरी में 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा जीएसटी संग्रह - 12




ईरान संकट : पश्चिम एशिया में शिपिंग लागत का जोखिम खरीदारों पर डालें चावल निर्यातक - 12



कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया - 13



ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की - 14


आज का मौसम
32.0° अधिकतम तापमान
17.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.32
सूर्यास्त 06.10


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 05:55 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2082

सोमवार, 2 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 191, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


# ईरान ने की खामेनेई की मौत की पुष्टि, रक्षामंत्री समेत कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी मारे गए

## खामेनेई के बेटी-दामाद, बहू-पोती की भी मौत, राष्ट्रपति सहित तीन लोगों की परिषद ने संभाली ईरान की बागडोर

- भारी बमबारी से बुरी तरह तबाह दिखाई दिया खामेनेई का कार्यालय
- शीर्ष सैन्य अधिकारी अहमद वाहिदी आईआरजीसी के नए कमांडर

दुबई, एजेंसी

ईरान के सर्वोच्च नेता 86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई की इजराइल और अमेरिका की ओर से किए गए बड़े हमले में मौत हो गई है। ईरान की सरकारी मीडिया ने रविवार तड़के इसकी पुष्टि की। तेहरान पर हुए हमलों में इसके अलावा ईरान के रक्षा मंत्री अजीज नासिरजादेह, सेना प्रमुख अब्दुलरहीम मौसवीं और आईआरजीसी कमांडर जनरल मोहम्मद पाकपुर सहित चार वरिष्ठ अधिकारियों के भी मारे जाने की खबर है। खामेनेई की मौत के बाद ईरान में 40 दिन के शोक का एलान किया गया है और देश की बागडोर तीन सदस्यीय समिति को सौंपी गई है। इनमें राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश गुलाम हुसैन मोहसेनी एजेई और कानून विद अलीरेजा अराफी शामिल हैं।

यूरोपीय एयरोस्पेस कंपनी 'एयरबस' की ओर से ली गई सैटेलाइट तस्वीरों में वह स्थान भारी बमबारी से क्षतिग्रस्त दिखाई दिया, जहां खामेनेई की मौत हुई। खामेनेई के कई रिश्तेदार भी इस हमले में मारे गए, जिनमें उनकी एक बेटी, दामाद, बहू और एक पोता-पोती शामिल हैं। सरकारी टीवी ने कहा कि खामेनेई की अपने कार्यालय में हुई मौत दिखाती है कि वह लगातार जनता के बीच खड़े रहे और अपनी जिम्मेदारियां निभाते रहे। ईरान सरकार ने खामेनेई की हत्या को बड़ा अपराध बताते हुए कहा कि यह घटना इस्लामी दुनिया के इतिहास में एक नया अध्याय लिखेगी। इस बीच अमेरिकी मीडिया ने इजराइली सूत्रों का हवाला देते हुए कहा है कि शनिवार के हमलों में 40 ईरानी अधिकारियों की मौत हुई है।



तेहरान में रविवार को हुए हमले के बाद आसमान में उठता धुएं का गुबार। ● एजेंसी



### खामेनेई की मौत का बदला लेंगे: पेजेशकियन

राष्ट्रपति पेजेशकियन ने कहा है कि इजराइल और अमेरिका के हमलों का बदला लेना ईरान का कानूनी हक और जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, खामेनेई दुनिया के सबसे बुरे खलनायक के हाथो मारे गए। उन्होंने खामेनेई की हत्या का बदला लेने का संकल्प लेते हुए चेतावनी दी कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों को पछताना पड़ेगा। यह अपराध कभी बिना जवाब नहीं रहेगा।

### इजराइल-अमेरिका के ईरान में सैकड़ों ठिकानों पर हमले, तेहरान में सैन्य ठिकानों पर गिरीं मिसाइलें

- कई जगह उठे घने काले धुएं के गुबार तीन अमेरिकी सैनिकों की भी मौत

इजराइल और अमेरिका की ओर से रविवार को ईरान के भीतर सैकड़ों ठिकानों पर हवाई हमले किए। तेहरान के बीचोबीच इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के मुख्यालय थार-अल्लाह, सेना के अस्पताल और बासिज मिलिशिया के ठिकानों को निशाना बनाया गया। अमेरिका ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों को पूरी तरह नष्ट करने का दावा किया है। उपग्रह चित्रों में ईरान के फोर्डो परमाणु स्थल पर भारी नुकसान देखा गया। इजराइली हमलों का निशाना इराक का जुर्फ अल-सखर बेस भी बना जहां ईरान समर्थित 2 लड़ाकों की मौत हो गई। इस अभियान के दौरान 3 अमेरिकी सैनिक मारे गए हैं और 5 गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इजरायल ने आईआरजीएस मुख्यालय को भी निशाना बनाया और सेना के अस्पताल भी उसकी गोलीबारी की जद में आ गए। इजराइल ने कई सैन्य ठिकानों पर भी मिसाइलें दागीं। इजराइली रक्षा बल के अनुसार, ऑपरेशन रोरिंग लायन शुरू होने के बाद पहली बार तेहरान के शासकीय केंद्रो पर हमला किया जा रहा है। तेहरान से मिली खबरों के मुताबिक, रविवार सुबह शहर के कई इलाकों में धमाके हुए। तस्वीरों में तेहरान के कई हिस्सों से घने धुएं के बड़े गुबार उठते देखे गए।

### ईरान ने अमेरिकी युद्धपोत अब्राहम लिंकन पर मिसाइलें दागीं, इजराइल और खाड़ी देशों को भी बनाया निशाना

- यूएई में तीन की मौत, इजराइल के बेत शेमेश में नौ मारे गए, 20 लापता

ईरान ने रविवार को जवाबी कार्रवाई करते हुए ताबड़तोड़ हमले किए। समुद्री सीमा पर मौजूद अमेरिका के विशाल युद्धपोत अब्राहम लिंकन पर ईरानी सेना ने चार मिसाइलें दागीं। ईरान के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर किए गए हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 58 लोग घायल हुए हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार ईरान ने कुल 165 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, इसके अलावा 541 ड्रोन भी लॉन्च किए। ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों ने मध्य तेल अवीव पर भी हमला किया। इस दौरान पूरे शहर में विस्फोटों की आवाजें सुनाई जिसके बाद आपातकालीन सेवाएं सक्रिय होती नजर आईं। इजराइल के बेत शेमेश में बेत शेमेश में ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल हमले में नौ लोगों की मौत हो गई। करीब 20 लोग लापता हैं। ईरानी मिसाइल एक आवासीय क्षेत्र में गिरी, जिससे एक यहूदी उपासना स्थल नष्ट हो गया और आसपास के घरों को भारी नुकसान हुआ।

**ब्रिटेन के सैन्य ठिकानों की ओर भी दागीं मिसाइलें** : ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने बताया ईरान ने साइप्रस में ब्रिटेन के दो सैन्य ठिकानों की ओर दो मिसाइलें दागी हैं। हीली ने कहा, हमें पूरा यकीन है कि वे हमारे ठिकानों को निशाना बनाकर नहीं दागी गई थीं, लेकिन यह दिखाता है कि ईरानी प्रतिशोध कितना अंधाधुंध है।

### ऐसा हमला करेंगे जो कभी पहले देखा नहीं होगा: ट्रंप

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान की चेतावनी के जवाब में उसे चेताते हुए कहा, उनके लिए बेहतर होगा कि वे ऐसा न करें। अगर वे ऐसा करते हैं तो हम उन पर इतनी ताकत से हमला करेंगे जो पहले कभी नहीं देखी गई होगी। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर लिखा, इतिहास के सबसे क्रूर लोगों में से एक खामेनेई की मौत न केवल ईरान के लोगों के लिए न्याय है, बल्कि सभी महान अमेरिकियों और दुनिया भर के कई देशों के लोगों के लिए भी न्याय है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो बयान में कहा, हमने तानाशाह खामेनेई के परिसर को नष्ट कर दिया। अब इस तानाशाह का शासन समाप्त हो गया है। नेतन्याहू ने ईरानियों से शासन को उखाड़ फेंकने और अपने भविष्य को सुरक्षित करने का आह्वान किया।



- शासन को उखाड़ फेंके ईरान की जनता: नेतन्याहू



खामनेई की मौत के विरोध में श्रीनगर में हजारों लोगों ने किया प्रदर्शन।

### भारत में छायी गम-गुस्से की लहर

**नई दिल्ली।** खामेनेई की मौत के बाद कश्मीर से लेकर कर्नाटक तक भारत के विभिन्न हिस्सों में शिया समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए और जमकर गम और गुस्से का इजहार किया। कश्मीर के लाल चौक, सैदा कदल, बडगाम, बांदीपोरा, अनंतनाग और पुलवामा में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन हुए। लखनऊ में बड़ा इमामबाड़ा मस्जिद के पास बड़ी संख्या में लोग जुटे और उन्होंने नारे लगाए। शोकाकुल महिलाएं ईरानी नेता की तस्वीर से लिपटकर रोती दिखीं।



जम्मू: बुजुर्ग महिलाओं ने भी जताया गुस्सा।

**ब्रीफ न्यूज**

### वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 28 रुपये महंगा

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने होली से ठीक पहले वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए हैं। हालांकि घरेलू सिलेंडर के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की वेबसाइट के अनुसार दिल्ली में रविवार से 19 किलोग्राम वाला वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 1,768.50 रुपये का हो गया है। यह मार्च 2025 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में इस साल लगातार तीसरी बार वृद्धि हुई है।

### विमान ईंधन की कीमत भी 5.74 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने लगातार दो बार की कटौती के बाद रविवार से विमान ईंधन की कीमतों में बड़ी बढ़ोतरी की है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार दिल्ली में विमान ईंधन की कीमत 5,245 रुपये (5.74 प्रतिशत) बढ़कर 96,638 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है। यह दिसंबर 2025 के बाद का उच्चतम स्तर है। इससे पहले जनवरी और फरवरी में दाम घटाए गए थे। दोनों बार में कीमत में कुल 8,283 रुपये की कटौती की गई थी जो 9.06 प्रतिशत के बराबर है।

# काशी में श्रद्धा, व्यवस्था, विकास से कोई समझौता नहीं करेंगे: योगी

- वाराणसी में प्रोजेक्ट रिव्यू मीटिंग के दौरान मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश
- बोले- श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शनार्थियों से दुर्व्यवहार अक्षम्य



प्रोजेक्ट रिव्यू मीटिंग को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या दुर्व्यवहार का सामना नहीं करना चाहिए। काशी जैसे विश्वविख्यात धार्मिक केंद्र पर श्रद्धालुओं के सम्मान और सुविधा से कोई समझौता नहीं होगा।

दो दिवसीय वाराणसी दौरे के पहले दिन रविवार को सर्किट हाउस सभागार में आयोजित प्रोजेक्ट रिव्यू मीटिंग के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने विकास कार्यों, निर्माण परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा करते हुए मंदिर प्रशासन और पुलिस को व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाराणसी में लगभग 17 हजार करोड़ रुपये की 74 परियोजनाएं संचालित हैं, जिनका समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आगामी पर्वों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री काशी विश्वनाथ धाम केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक है। यहां आने वाला हर श्रद्धालु सम्मान, सुरक्षा और सुव्यवस्थित दर्शन का अनुभव लेकर लौटे, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है।

### नगरीय व्यवस्था, रोपवे अमृत-2 पर फोकस

गोदौलिया क्षेत्र में निर्माणाधीन रोप-वे स्टेशन को लेकर मुख्यमंत्री ने यात्रियों के सुरक्षित चढ़ने-उतरने की व्यवस्था के लिए कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा। अमृत-2 योजना के अंतर्गत सीवरेज और पेयजल कार्यों में सघन मॉनिटरिंग, क्षतिग्रस्त सड़कों की प्राथमिकता से मरम्मत और गर्मी में पेयजल संकट न होने देने के निर्देश दिए। विद्युत तारों की अंडरग्राउंड केबलिंग मानकों के अनुसार कराने और स्वच्छता के लिए आधुनिक मशीनों के उपयोग पर जोर दिया।

### नई परंपरा न पड़ने दें

कानून व्यवस्था की समीक्षा में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि धार्मिक आयोजन केवल धार्मिक परिसरों में ही होंगे, किसी नई परंपरा की अनुमति नहीं दी जाएगी। तेज आवाज वाले साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, अवैध पार्किंग और अतिक्रमण पर सख्ती के निर्देश दिए। अवैध शराब, कोडीन कफ सिरप के कारोबार और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर कठोर कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

## ईरान संकट : बदलती वैश्विक स्थिति के मद्देनजर बुलाई गई सीसीएस बैठक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) की बैठक बुलाई है जो रविवार देर रात होगी। कहा गया है कि यह बैठक अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान पर हमले के बाद पैदा हुई मौजूदा वैश्विक स्थिति और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के मद्देनजर बुलाई गई है।



- पश्चिम एशिया में फंसे भारतीयों की सुरक्षा पर भी होगी चर्चा

बताया गया है कि प्रधानमंत्री राज्यों के अपने दो दिवसीय दौरे से दिल्ली लौटने के बाद सीसीएस की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। वह संभवतः रात लगभग साढ़े नौ बजे यहां पहुंचेंगे। सीसीएस देश के सुरक्षा और रणनीतिक मामलों पर निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है। प्रधानमंत्री सीसीएस के अध्यक्ष हैं तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इसके सदस्य हैं। सूत्रों के अनुसार, बैठक में पश्चिम एशिया में रहने वाले और फंसे हुए भारतीय नागरिकों की सुरक्षा पर चर्चा होने की संभावना है, साथ ही स्थिति बिगड़ने पर उससे निपटने के तरीकों पर भी विचार किया जाएगा। फिलहाल, पश्चिम एशिया का हवाई क्षेत्र लगभग बंद है। पश्चिम एशिया में सैन्य तनाव बढ़ने के कारण हवाई सेवाएं बाधित हो गई हैं, जिससे सैकड़ों भारतीय दुबई और अन्य प्रमुख हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं।

# भारत से 335 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द खाड़ी देशों में फंसे सैकड़ों भारतीय

नई दिल्ली, एजेंसी

- दुबई समेत खाड़ी देशों के हवाई अड्डों पर फंसे सैकड़ों भारतीय



ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों और खाड़ी क्षेत्र के हवाई क्षेत्र बंद होने के बाद रविवार को भारत से 335 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। इनमें मुंबई हवाई अड्डे पर 125 और दिल्ली हवाई अड्डे पर 100 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुईं। उड़ानें रद्द होने से दुबई और अन्य प्रमुख हवाई अड्डों पर सैकड़ों भारतीय फंसे हुए हैं।

नागर विमानन मंत्रालय ने पहले ही रविवार को घरेलू विमानन कंपनियों की 444 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द होने की आशंका जताई थी। अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी 10 उड़ानें रद्द कर दी गईं। इस बीच, पश्चिम एशिया से आने-जाने वाली उड़ानें बाधित होने के कारण सैकड़ों भारतीय दुबई व अन्य प्रमुख हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं, जिनमें से कई लोग सहायता के लिए भारत सरकार से अपील करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं।

### सीबीएसई की पश्चिम एशिया क्षेत्र में परीक्षाएं स्थगित

**नई दिल्ली।** ईरान-इजराइल संघर्ष के मद्देनजर सीबीएसई ने पश्चिम एशिया के बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में दो मार्च को होने वाली परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, नई तारीखों का एलान बाद में किया जाएगा।

### दुबई हवाई अड्डे पर फंसीं पीवी सिंधु और मंचू विष्णु

भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु, अभिनेता मंचू विष्णु के साथ और कई हस्तियां दुबई हवाई अड्डे पर फंसी हुई हैं। दोनों ने एक्स पर इसकी जानकारी दी है। सिंधु तीन मार्च से शुरू होने वाली अखिल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए बर्मिंघम जा रही थीं, हवाई अड्डे का संचालन निलंबित होने के बाद दुबई में रुकने के लिए मजबूर हो गईं। उनके कोच इरवान्सिया आदि प्रतामा भी उनके साथ हैं। सिंधु ने कहा है कि वे जानलेवा स्थिति से बाल-बाल बचीं। पास में हुए एक विस्फोट और आकाश में मिसाइलों की आवाज का उन्होंने जिक्र किया है। कई और प्रमुख हस्तियां पश्चिम एशिया के हवाई अड्डों पर फंसी हुई हैं।

# नागपुर के कारखाने में धमाके से 18 की मौत, शवों के चीथड़े उड़े

नागपुर, एजेंसी

- नहीं पता चला धमाके का कारण फडणवीस ने दिया जांच का आदेश

महाराष्ट्र के नागपुर जिले में विस्फोटक पदार्थ बनाने वाले एक कारखाने में रविवार सुबह हुए शक्तिशाली धमाके में 18 लोगों की मौत हो गई और 24 घायल हो गए। यह विस्फोट कटोल तहसील के राउलगांव में खनन और औद्योगिक विस्फोटक निर्माता कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड की डेटोनेटर पैकिंग इकाई में सुबह करीब 7:15 बजे हुआ।

पुलिस के मुताबिक 24 घायल श्रमिकों का नागपुर के दो अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। धमाके से कई शवों के चीथड़े उड़ गए और कुछ शव इतनी बुरी तरह जल गए कि उनकी पहचान करना असंभव हो गया।



मृतकों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए परिवार के सदस्यों के डीएनए नमूने लिए जा रहे हैं। एक अस्पताल के मुताबिक अस्पताल में भर्ती सभी 18 मरीज आईसीयू में गंभीर हालत में हैं। विस्फोट के कारण अधिकांश रोगी 30 से 80 प्रतिशत तक गंभीर रूप से जले हुए हैं, साथ ही छर्रे लगने से भी चोटें आई हैं।

## अलीगढ़ के आरटीओ व एआरटीओ निलंबित

**लखनऊ।** अलीगढ़ में स्कूल बस हादसे के बाद प्रदेश सरकार ने कड़ा कदम उठाया है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के निर्देश पर शासन ने अलीगढ़ के संभागीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ प्रवर्तन) वंदना सिंह और तत्कालीन संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) चम्पालाल, जो वर्तमान में सिद्धार्थनगर में आरटीओ (प्रशासन-प्रवर्तन) के पद पर तैनात थे, को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। अपर मुख्य सचिव परिवहन अर्चना अग्रवाल द्वारा ये आदेश जारी किए गए। परिवहन आयुक्त किंजल सिंह ने रविवार को बताया कि 28 फरवरी 2026 को अलीगढ़ सीमा से सटे कासगंज के नगला साधु गांव में स्कूल बस (यूपी-81 बीटी-8873) का फर्श टूटने से एक बच्ची सड़क पर गिर गई, जिस पर टायर चढ़ने से उसकी मौत हो गई थी।

**पुराना ताल्लुक** किंतूर गांव में गम और गुस्सा, ईरान की इस्लामी क्रांति के दो सबसे बड़े चेहरों की जड़ें इसी गांव से जुड़ीं

# अयातुल्ला खामेनेई के पूर्वजों का था बाराबंकी से गहरा संबंध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** इजराइली हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने से बाराबंकी जिले के किंतूर गांव के लोग गमगीन हैं। खामेनेई के पूर्वजों के बारे में दावा किया जाता है कि वह इसी गांव के थे। लखनऊ के नवाबों संग ईरान की धार्मिक यात्रा पर खामेनेई के पूर्वज बाराबंकी से गए थे।

बाराबंकी जिले का इतिहास महाभारतकाल से जुड़ा है। प्राचीन महाभारत कालीन कुंतेश्वर मंदिर जिस स्थान पर स्थित है उसे ही किंतूर गांव कहा जाता है। इसी किंतूर की धरती से ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला खामेनेई का नाता जुड़ने की बात कही जा रही है। हालांकि कभी अयातुल्ला खामेनेई इस गांव में नहीं आए मगर उनके पूर्वजों की पीढ़ियां गांव से संबंध थे।



किन्तूर गांव में खामेनेई की मौत पर गम में डूबे लोग।

बाराबंकी के किंतूर से ईरान गए सैयद अहमद मूसवी के पोते रूहुल्लाह खामेनेई के उत्तराधिकारी ही ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई थे। बताते हैं कि वर्ष 1790 में जिले की सिरौली गौसपुर तहसील के किंतूर गांव में सैयद अहमद मूसवी का जन्म हुआ था। पढ़ाई-लिखाई के बाद सन् 1830 में 40 वर्ष की उम्र में अहमद मूसवी अवध के नवाब के साथ धार्मिक यात्रा पर इराक गए। पहले नजफ पहुंचे, जहां उन्होंने हज़रत इमाम अली की दरगाह पर ज़ियारत की। बाद में फिर स्थायी रूप से ईरान के एक गांव खुमैन में बस गए थे। उनके पूर्वज बताते हैं कि अहमद मूसवी ने अपने नाम के आगे उपनाम हिंदी जोड़ा ताकि यह अहसास बना रहे कि वह हिंदुस्तान से हैं। उन्हें शेरों शायरी का भी काफी शौक था।

### शाह का शासन उखाड़ फेंका था

अयातुल्ला रूहोल्लाह खुमैनी ने वर्ष 1979 की इस्लामी क्रांति का नेतृत्व कर शाह के शासन को उखाड़ फेंका और ईरान को एक शिया इस्लामी गणराज्य में बदल दिया। पश्चिम एशिया की राजनीति को दशकों तक प्रभावित करने वाली इस क्रांति के पीछे खुमैनी के भाषणों की गूंज थी। जिन्हें अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने भी सम्मोहक और जनभावनाओं को आंदोलित करने वाला बताया। आज ईरान की मुद्रा पर उनकी तस्वीर छपी है और तेहरान में उनका भव्य मक़बरा मौजूद है। लेकिन कम लोग जानते हैं कि उनकी वंश परंपरा की जड़ें उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में छिपी हैं।

### मशहद में हुआ परिवार का उदय

नजफ़ के बाद सैयद अहमद मुसवी हिन्दी ईरान के मशहद चले गए, जो इमाम रज़ा की दरगाह के कारण शिया इस्लाम का प्रमुख तीर्थस्थल है। वहीं से मुसवी परिवार ईरान के धार्मिक प्रतिष्ठान में स्थापित हुआ। यह परिवार सातवें शिया इमाम इमाम मूसा अल-काज़िम का वंशज माना जाता है, जिससे इसे धार्मिक नेतृत्व की ऐतिहासिक वैधता मिली। अयातुल्ला अली खामेनेई का जन्म वर्ष 1939 में मशहद में हुआ। उनके पिता सैयद जवाद खामेनेई एक साधारण लेकिन सम्मानित धर्मगुरु थे और सैयद अहमद मुसवी हिन्दी के प्रत्यक्ष वंशज थे।








# 12 कराची में अमेरिकी दूतावास पर हमला की मौत

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान के कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के गेट तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच रविवार को हुई झड़पों में 12 लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक घायल हो गए। अमेरिका-इजराइल के हवाई हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के विरोध स्वरूप यह हिंसक संघर्ष हुआ। खामेनेई की मौत की खबर मिलते ही प्रदर्शनकारी वाणिज्य दूतावास की ओर जाने वाली सड़क पर एकत्र होने लगे। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि पुलिस ने उन पर गोली चलाई।

सिविल अस्पताल की प्रवक्ता डॉ. सुमैय्या सैयद ने बताया कि 10 शव अस्पताल में लाए गए हैं, जिनमें कुछ शवों पर गोली लगने से घाव के निशान हैं। सैयद के मुताबिक, करीब 30 घायल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में उपचाराधीन हैं। घायलों में चार पुलिसकर्मी भी हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक असद रजा ने कहा कि भीड़ के पुलिस पर हमला करने के बाद स्थिति नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे गए और लाठीचार्ज किया गया।



कराची में अमेरिकी दूतावास के बाहर प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए छोड़े जाते आंसू गैस के गोले।

**अमेरिकी मरीन ने नहीं चलाई गोली:** सिंध के गृह मंत्री जिया उल हसन लंजार ने कहा कि "किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।" लंजार ने कहा कि पूरे घटनाक्रम की जांच के लिए न्यायिक जांच के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने उन अटकलों को खारिज किया कि मारे गए लोगों को वाणिज्य दूतावास की सुरक्षा में तैनात अमेरिकी मरीन ने गोली मारी। अमेरिकी वाणिज्य दूतावास माई कोलाची रोड पर नौसेना की एक आवासीय सोसाइटी के निकट एक किलेबंद इमारत में है, लेकिन आसपास निम्न-आय वर्ग के इलाके हैं।

## इस्लामाबाद, पेशावर और लाहौर में भी सड़कों पर उतरे लोग

- ईधी वेलफेयर ट्रस्ट के फैसल ईधी ने कहा कि कुछ प्रदर्शनकारी बेहद हिंसक हो गए और उन्होंने उनके स्वयंसेवकों तथा एंबुलेंस पर भी हमला किया। इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने बयान में कहा, "हम कराची और लाहौर में अमेरिकी वाणिज्य दूतावासों के निकट जारी प्रदर्शनों पर नजर रख रहे हैं। साथ ही इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास और पेशावर स्थित वाणिज्य दूतावास के सामने प्रदर्शनों के आह्वान की खबरें भी देख रहे हैं।'' हम पाकिस्तान में मौजूद अमेरिकी नागरिकों को सलाह देते हैं कि वे स्थानीय समाचारों पर नजर रखें और व्यक्तिगत सुरक्षा के उपाय अपनाएं। पुलिस के अनुसार, शिया संगठनों ने खामेनेई की मौत के विरोध में कराची स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास की ओर मार्च निकालने की घोषणा की थी। इस्लामाबाद में तहरीक-ए-जाफरिया पाकिस्तान ने विरोध प्रदर्शन और अमेरिकी दूतावास का घेराव करने घोषणा की, जिसके बाद अधिकारियों ने 'रेड जोन' सील कर दिया और उससे जुड़ी सड़कों पर अतिरिक्त बल तैनात किए। जिला प्रशासन ने बताया कि इस्लामाबाद में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। लाहौर में प्रेस क्लब के बाहर इजराइल और अमेरिका की ईरान के खिलाफ सैन्य हमले के विरोध में प्रदर्शन जारी हैं।

**30** से ज्यादा लोग घायल, लाठी डंडे लेकर पहुंची थी भीड़

- उपद्रवी भीड़ ने गेट और शीशे तोड़े, पथराव व आगजनी
- अमेरिका और इजरायल के खिलाफ जमकर नारेबाजी

## रिएक्शन

### ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान बोले बदला लेना हमारा वैध अधिकार



- ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद कहा कि इस अपराध के अपराधियों और कमांडरों के खिलाफ रक्तपात और बदला लेना ईरान वैध अधिकार मानता है, और इस महान जिम्मेदारी और कर्तव्य को पूरी ताकत से पूरा करेगा। खामेनेई की हत्या दुनिया के मुसलमानों, विशेषकर शियाओं के खिलाफ एक खुला युद्ध है।

### सनक में की गयी हत्या, नैतिकता और कानून का उल्लंघन : व्लादिमीर पुतिन



- **मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने खामेनेई की लक्षित हत्या को 'सनक में की गयी हत्या' करार दिया है। पुतिन ने खामेनेई की मृत्यु को एक ऐसी हत्या बताया जिसने 'मानवीय नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी मानदंडों' का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा, खामेनेई को रूस में एक 'उत्कृष्ट राजनेता' के रूप में याद किया जाएगा। यूक्रेन के साथ युद्ध में ईरान ने रूस को ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों सहित सैन्य सहायता प्रदान की है और ड्रोन निर्माण सुविधा बनाने में मदद की है।

### चीन ने कहा, ईरान पर हमला और नेता को खुलेआम मारना मंजूर नहीं



- **शिन्हुआ।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि उसने हमेशा संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों को कायम रखा है और वह अंतरराष्ट्रीय संबंधों में ताकत के इस्तेमाल का विरोध करता है। जब ईरान-अमेरिकी बातचीत चल रही हो, तो उस दौरान अमेरिका और इजराइल का ईरान पर हमला करना मंजूर नहीं है। यह भी मंजूर नहीं है कि वे किसी आजाद देश के नेता को खुलेआम मारें और सरकार बदलने को बढ़ावा दें।

### इतिहास में निर्णायक क्षण, भविष्य अभी अनिश्चित : यूरोपीय संघ



- यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास ने कहा कि अली खामेनेई की हत्या ईरान के इतिहास में एक निर्णायक क्षण है। आगे क्या होगा यह अनिश्चित है। लेकिन अब एक अलग ईरान की ओर खुला रास्ता है, एक ऐसा ईरान जिसे आकार देने में वहां के लोगों को अधिक स्वतंत्रता मिल सकती है।

### ईरान को परमाणु हथियार की अनुमति नहीं दी जा सकती: ब्रिटेन



- ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने खुलासा किया है कि ईरान ने साइप्रस में ब्रिटेन के दो सैन्य ठिकानों की ओर दो मिसाइलें दागी हैं। लेकिन हमें यकीन है कि वे हमारे ठिकानों को निशाना बनाकर नहीं दागी गई थीं, लेकिन यह दिखाता है कि ईरानी प्रतिशोध कितना अंधाधुंध है। इसमें कोई संदेह नहीं कि ईरान में एक ऐसा शासन है जो अन्य देशों को परेशान करता है और इसे कभी भी परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

### फ्रांस और ब्रिटेन बोले, फिर से शुरू की जाए ईरान-अमेरिका में वार्ता

- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने अमेरिका-ईरान से फिर से बातचीत शुरू करने का आह्वान किया है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके देश ईरान पर हुए हमलों में शामिल नहीं हैं, लेकिन वे अमेरिका, इजराइल और क्षेत्र के सहयोगी देशों के साथ लगातार संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, "हम क्षेत्र के देशों पर ईरान के हमलों की कड़ी निंदा करते हैं। ईरान को बिना सोचे समझे सैन्य हमले करने से बचना चाहिए।

### खामेनेई की मौत पर कई जगह जश्न

- ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने अमेरिकी हमलों के लिए जहां खुला समर्थन व्यक्त किया है, वहीं खामेनेई की मौत के बाद कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन के बीच कुछ जगह लोग जश्न मनाते भी दिखे। न्यूयॉर्क से लेकर बर्लिन और उससे आगे तक, ईरानी प्रवासी समुदाय के सदस्यों और उनके समर्थकों द्वारा खामेनेई के शासन के अंत का जश्न मनाने के लिए प्रदर्शन भी आयोजित किए गए। शनिवार दोपहर बर्लिन में ईरानी लोग जश्न मनाते हुए तेज संगीत पर नाचते और नारेबाजी करते नजर आए।

# दुबई में बरसीं मिसाइल व ड्रोन निशाने पर होटल-एयरपोर्ट

दुबई, एजेंसी

अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद ईरान ने इजराइल के तेल अवीव समेत मिडिल ईस्ट के देशों पर ताबड़तोड़ हमले किए। इसमें संयुक्त अरब अमीरात के शहर दुबई को भी निशाना बनाया गया। दुबई के मशहूर लग्जरी होटल बुर्ज अल अरब पर भी हमला होने की खबरें सामने आईं। रिपोर्ट के अनुसार, एक अटैक ड्रोन के बिल्डिंग से टकराने के बाद आग की लपटें उठने लगीं। दुबई मीडिया ऑफिस ने एक्स पर कहा, अधिकारियों ने पुष्टि की है कि एक ड्रोन को रोका गया था। उसका मलबा बुर्ज अरब के बाहरी हिस्से से टकरा गया, जिससे हल्की आग लग गई। ईरान ने दुबई में स्थित सीआईए के ठिकाने और एक अमेरिकी एजेंसी पर भी हमला किया। दुनिया के सबसे व्यस्तम दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन पर भी संदिग्ध हवाई हमले से मामूली नुकसान हुआ है। चार कर्मचारी घायल बताए गए हैं। इसी तरह दुबई के प्रमुख बंदरगाह जेबेल अली पोर्ट पर इंटरसेप्ट किए गए ड्रोन के मलबे से आग लग गई। रिहायशी इलाकों पाम जुमेराह और अल नहदा में भी तेज धमाकों की कई आवाजें सुनी गईं।



तेल अवीव में ईरानी मिसाइल से क्षतिग्रस्त हुई इमारत।

### आसमान में आग और धुएं की लकीरें

- दुबई के रिहायशी इलाकों में रहने वाले लोगों ने बताया कि लगातार धमाकों से उनके फ्लैट की खिड़कियां हिल गईं और रात में एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा इंकमिंग प्रोजेक्टाइल्स को इंटरसेप्ट करने से आसमान में आग और धुएं की लंबी रेखाएं बनती रहीं। एक भारतीय नागरिक विष्णु मंचू ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि इंटरसेप्शन की आवाजों की वजह से उनका घर हिल गया और बेटी आयरा डर गई। उन्होंने शांति की प्रार्थना करते हुए कहा कि किसी भी बच्चे को जंग की आवाजें सुनते हुए बड़ा नहीं होना चाहिए। एक महिला ने कहा कि लोग पूछते हैं कि दुबई में सुरक्षित महसूस क्यों होता है, आज इसका जवाब मिल गया।

### पीवी सिंधू दुबई एयरपोर्ट पर घंटों छिपी रहीं

- दुबई। मध्य पूर्व के अधिकतर देशों में एयरस्पेस बंद होने से बड़ी संख्या में भारतीय दुबई में फंसे हुए हैं। ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने दुबई हवाई अड्डे पर स्थिति को ''तनावपूर्ण और डरावना'' बताते हुए कहा कि वह और उनके इंडोनेशियाई कोच जहां रुके थे, पास ही एक धमाका हुआ। सिंधू के अनुसार जैसे ही उनका विमान दुबई में उतरा, थोड़ी देर में वायु क्षेत्र बंद कर दिया गया और पिछले कुछ घंटे बहुत तनाव वाले रहे। हम ऊपर से इंटरसेप्शन की आवाजें सुन सकते थे। कुछ घंटों बाद दुबई हवाई अड्डे पर हम जहां छिपे थे, उससे 100 मीटर की दूरी पर धमाका हुआ। हमें जल्दी से उस जगह से बाहर निकलना पड़ा। एक्ट्रेस सोनल चौहान ने पीएम मोदी से मदद मांगी है।

### श्रीनगर और लखनऊ में प्रदर्शन शिया धर्म गुरुओं ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** भारत में भी ईरान के सर्वेच्च नेता खामेनेई की मौत के विरोध में प्रदर्शन हुए। श्रीनगर और लखनऊ में प्रदर्शनों के बीच अजमेर में शिया मुस्लिम महासभा ने 3 दिन के शोक का ऐलान किया, जबकि कई धर्मगुरुओं ने खामेनेई की मौत पर दुख जताया है। शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद ने कहा, ये सदी के सबसे दुखद शब्दों में से हैं कि इतनी महान हस्ती, जिसने हमेशा दबे-कुचले लोगों के लिए आवाज उठाई, वो चला गया, वो कभी किसी से नहीं डरे, यहां तक कि सबसे बड़ी ताकतों से भी नहीं। शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद ने कहा, "ये सदी के सबसे दुखद शब्दों में से हैं कि इतनी महान हस्ती, जिसने हमेशा दबे-कुचले लोगों के लिए आवाज़ उठाई, वो चला गया। वो कभी किसी से नहीं डरे, यहां तक कि सबसे बड़ी ताक़तों से भी नहीं।"



श्रीनगर में खामेनेई के मौत पर शोकजदा युवक।

ट्रंप के दामाद, उनके विशेष दूत और ईरान के विदेश मंत्री के बीच जिनेवा में वार्ता स्थगित होने के बाद तेजी से बदला घटनाक्रम

# ...इस तरह लिखी गई ईरान पर हमले की पटकथा

स्पेशल डेस्क

अमृत विचार। ईरान पर इजराइल और अमेरिका का साझा हमला सटीक खुफिया जानकारी और कई घटनाओं के एक साथ घटित होने से अपरिहार्य बन गया। हुआ यह कि ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर, उनके विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के नेतृत्व वाले ईरानी प्रतिनिधिमंडल के बीच जिनेवा में गुरुवार को हुई बातचीत बिना किसी निर्णायक मोड़ पर पहुंचे स्थगित हो गई थी। हालांकि अराघची ने कहा था कि वार्ता में अच्छी प्रगति हुई है। उधर, ओमान के जिन अधिकारियों ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी, उनका भी कहना था कि बातचीत अगले सप्ताह वियना में फिर से शुरू होगी। लेकिन ट्रंप के सलाहकार ईरान में अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप को सही ठहराने की कोशिश में लगे थे। विटकॉफ और कुशनर को जिनेवा इसी उम्मीद में भेजा गया था कि वे ईरान को न सिर्फ आत्मसमर्पण के लिए राजी कर लेंगे बल्कि जैसा कि इजराइल भी चाहता है कि ईरान को न केवल परमाणु कार्यक्रम बल्कि मिसाइल उत्पादन के लिए राजी कर लेंगे। लेकिन रणनीतिकार मान रहे थे कि ट्रंप ने जिस तरह सैन्य बल एकत्र किया है, उसे देखते हुए ईरान का कोई भी प्रस्ताव युद्ध रोकने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसी कारण विटकॉफ और कुशनर के वाशिंगटन लौटने पर, ट्रंप ने खुद को "असंतुष्ट" बताया। अगले दिन, अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रमुख एडमिरल ब्रैड कूपर और ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन ने ट्रंप को सैन्य विकल्पों पर अंतिम ब्रीफिंग दी, और इसी दौरान दुनिया का सबसे बड़ा विमानवाहक पोत, यूएसएस गेराल्ड फोर्ड हाइफा पोर्ट पर पहुंचा। इसी पोत ने वेनेजुएला के नेता निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाने में भाग लिया था। हाइफा में फोर्ड का काम ईरान की जवाबी कार्रवाई से इजरायल की रक्षा करना था। फोर्ड के तैनात होते ही इजरायल में अमेरिकी राजदूत ने अपने कर्मचारियों से कह दिया कि यदि वे देश छोड़ना चाहते हैं तो आज ही निकल जाएं। माहौल की नजाकत भांपते हुए, ओमान के विदेश मंत्री बदर अलबुसैदी, जिन्होंने वार्ता में मध्यस्थता की थी, तत्काल वाशिंगटन पहुंचे और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस से कुछ और दिन देने का आग्रह किया। इस बीच इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद व अमेरिकी सर्विलांस खामेनेई और रणनीतिकारों की बैठक की सूचना साझा कर चुके थे। इसी के बाद शनिवार सुबह ईरान पर बमबारी शुरू हो गई और ईरान की मिसाइलें भी इजराइल और अमेरिकी सैन्य ठिकानों की ओर बरसने लगीं।



**न्यूज ब्रीफ**

### मुख्यमंत्री ने दी होली की शुभकामनाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रंगों के पावन पर्व होली पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि होलिकोत्सव भारतीय संस्कृति का जीवंत उत्सव है, जो सामाजिक समरसता, सौहार्द, सहयोग और आपसी सम्मान की भावना को सशक्त करता है। यह पर्व केवल रंगों का नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास और सकारात्मकता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विविधताओं से सम्पन्न उत्तर प्रदेश में होली जैसे लोक-उत्सव समाज के सभी वर्गों को जोड़ते हैं और द्वेष व भेदभाव से ऊपर उठने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि त्योहार को हर्षोल्लास, शालीनता और मर्यादा के साथ मनाएं तथा किसी भी अफवाह या असामाजिक गतिविधि से दूर रहें।

### होली सभी के जीवन में खुशियां लाए : केशव

**अमृत विचार, लखनऊ :** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पावन पर्व होली की सभी प्रदेशवासियों को मंगलमय शुभकामनाएं दी हैं। शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा है कि यह मंगल पर्व सभी के जीवन में अपनों का प्यार बनाए रखें, आपसी भाईचारा बढ़े और हर व्यक्ति राष्ट्र निर्माण भावना से प्रेरित होकर आगे बढ़े। आपसी प्रेम और भाईचारे का प्रतीक यह रंगोत्सव सभी के जीवन में खुशियों के रंग लेकर आये। कहा, मेरी कामना है यह त्योहार सभी के जीवन में आनंद, उमंग और नई ऊर्जा का संचार करें। ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे किसी की पवित्र भावना को कोई ठेस पहुंचे।

### होली पर्व पर चलेगा स्वच्छता अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** होली पर्व को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता और मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत 2 से 4 मार्च तक प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों में व्यापक स्वच्छता एवं सैनिटाइजेशन अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने त्योहार के दौरान सफाई व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं, जिसकी मॉनिटरिंग सभी जिलाधिकारी (डीएम) और मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) करेंगे। अभियान के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम स्थलों, घाटों, तालाबों, अमृत सरोवरों और स्नान स्थलों की सफाई के साथ फॉगिंग, एंटी-लार्वा छिड़काव और अपशिष्ट निस्तारण कराया जाएगा। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि होलिकोत्सव से पहले और बाद में कार्यक्रम स्थलों पर विशेष सफाई सुनिश्चित की जाए। सभी जिला पंचायतीराज अधिकारियों को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करती स्टार पैरा तीरंदाज व अर्जुन अवार्ड से सम्मानित शीतल देवी समेत भारतीय महिला तीरंदाजी टीम। अमृत विचार

# पोर्टल पर वेतन स्लिप जारी पर बैंक खाते में नहीं पहुंची धनराशि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद राज्य कर्मियों व पेंशनर्स के खातों में नहीं पहुंचा वेतन

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी के निर्देश के बावजूद तमाम विभागों के राज्य कर्मियों के बैंक खाते में फरवरी माह का वेतन नहीं पहुंचा है। इससे कर्मचारी परेशान हैं। सैलरी का ब्रेसब्री से इंतजार कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि मानव संपदा पोर्टल पर तो वेतन स्वीकृत दिखा रहा है, मगर खाते में न आने से जरूरतें पूरी नहीं हो रही हैं।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उप्र. के महामंत्री अतुल मिश्रा का कहना है कि डिविजनल लेवल पर काम करने वाले कर्मचारियों की सैलरी आ गई है, लेकिन कई जिलों में ऐसा नहीं हुआ है और लाखों कर्मचारी सैलरी का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने होली से पहले सैलरी और पेंशन देने का वादा किया था, जो कि अभी तक पूरा नहीं हुआ है। त्यौहार की तैयारियां नहीं हो सकीं, अब देखना होगा कि वेतन और पेंशन कब मिलेगी।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के ही रीजनल इंचार्ज आनंद मिश्रा ने बताया कि जौनपुर, गाजीपुर, मऊ, चंदौली, बहराइच और वाराणसी में कर्मचारी वेतन का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि तमाम कर्मचारियों की सैलरी ट्रेजरी लेवल पर अटकी हुई है क्योंकि डिपार्टमेंट ने बिल बना दिया और टोकन भी बनवा लिया, लेकिन बैंक ट्रांसफर नहीं हो सका।

वेतन की बाट जोह रहे एक कर्मचारी का दर्द है कि मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद भी माह के अंतिम दिन तक सैलरी और पेंशन नहीं मिली है। जिला अधिकारी और ट्रेजरी ऑफिसर चाहते तो राज्य सरकार का निर्देशानुसार 28 फरवरी तक वेतन भुगतान किया जा सकता था। अधिकारियों की हीलाहवाली से होली पर्व पर राज्य कर्मचारियों के साथ पेंशनर्स भी परेशान हो रहे हैं।

# विशिष्ट महानुभावों की सुरक्षा होगी और मजबूत

## प्रदेश में 4 एंटी-ड्रोन गन खरीद को शासन की मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 2.19 करोड़ रुपये की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति



**अमृत विचार:** अति विशिष्ट एवं विशिष्ट महानुभावों के प्रदेश आगमन और भ्रमण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। शासन ने 4 एंटी-ड्रोन गन विद डिटेक्शन सिस्टम की खरीद के लिए 2 करोड़ 19 लाख 65 हजार 332 रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है।

गृह विभाग द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार, यह स्वीकृति राज्यपाल की सहमति से प्रदान की गई है। प्रत्येक एंटी-ड्रोन गन की कीमत 54,91,333 रुपये निर्धारित की गई है। यह उपकरण किसी भी संदिग्ध ड्रोन गतिविधि की पहचान और उसे निष्क्रिय करने में सक्षम होंगे। शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि इन उपकरणों की खरीद उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय व सुरक्षा मुख्यालय द्वारा की जाएगी। खरीद प्रक्रिया सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम से जुड़े नियमों, यूपी प्रोक्योरमेंट मैनुअल और अन्य वित्तीय नियमों के अनुरूप होगी।

शासन ने यह भी निर्देश दिए हैं कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग केवल निर्धारित सीमा में ही किया जाएगा। उपकरणों की गुणवत्ता, उपयोगिता और समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। 31 मार्च 2026 तक धनराशि का उपयोग कर लिया जाएगा। किसी भी प्रकार की अनियमितता या ऑडिट आपत्ति की जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। यदि धनराशि बचती है तो उससे कोई अन्य उपकरण या सेवा क्रय नहीं की जाएगी।

**बढ़ते ड्रोन खतरे के बीच अहम कदम :** विशेषज्ञों के अनुसार, हाल के वर्षों में ड्रोन के जरिए सुरक्षा जोखिम बढ़े हैं। ऐसे में यह निर्णय राज्य की वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था को तकनीकी रूप से और मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

# इजराइल में यूपी के 6 हजार से अधिक श्रमिक पूरी तरह सुरक्षित, योगी सरकार सतर्क मोड में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास से सतत समन्वय
- सभी श्रमिकों के कुशलक्षेम पर लगातार निगरानी

**अमृत विचार:** मध्य एशिया में बने तनावपूर्ण हालात के बीच इज़राइल में कार्यरत उत्तर प्रदेश के 6,004 निर्माण श्रमिक पूरी तरह सुरक्षित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सरकार पूरी तरह सतर्क मोड में है और प्रत्येक श्रमिक की सुरक्षा, आवास और संपर्क व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम पहले से सक्रिय कर दिए गए हैं।

ये सभी श्रमिक वर्ष 2024 में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और इजराइल की सरकारी संस्था पॉपुलेशन, इमिग्रेशन एंड बॉर्डर अथॉरिटी (पीआईबीए) के माध्यम से चयनित होकर इजराइल की विभिन्न निर्माण परियोजनाओं में कार्यरत हैं। इज़राइल में कुल लगभग 42 हजार भारतीय नागरिक रह रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में निर्माण श्रमिक शामिल हैं। प्रदेश के प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन डॉ. एम.के. शन्मुगा सुन्दरम् ने इज़राइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह से फोन पर वार्ता कर श्रमिकों की स्थिति की जानकारी ली। राजदूत ने अवगत कराया कि हालात पूरी तरह नियंत्रण में हैं और दूतावास सभी भारतीय श्रमिकों के सतत संपर्क में है।

प्रथम सचिव डॉ. गारिका तेजेश्वर ने भी बताया कि अधिकांश आवासीय भवनों में सुरक्षा शेल्टर उपलब्ध हैं और श्रमिकों को सुरक्षित स्थानों पर रहने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

### 24 घंटे हेल्पलाइन सक्रिय

भारतीय दूतावास, तेल अवीव द्वारा 24 घंटे संचालित हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। 972-54-7520711, 972-54-2428378 इसके अतिरिक्त, पीआईबीए की ओर से 1-700-707-889 हेल्पलाइन संचालित की जा रही है, जिसे सेंटर फॉर इंटरनेशनल माइग्रेशन एंड इंटीग्रेशन द्वारा प्रबंधित किया जा रहा है।

### सुरक्षा को लेकर किया आश्वस्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्रम, सेवायोजन एवं समन्वय मंत्री अनिल राजभर ने इजराइल में कार्यरत उत्तर प्रदेश के श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर उन्हें एवं उनके परिवारों को आश्वस्त किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी श्रमिकों की सुरक्षा के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है और उनकी सुरक्षा में सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसके लिए इजराइल स्थित भारतीय दूतावास एवं एनएसडीसी के साथ सतत संपर्क में है, जिससे इजराइल में कार्यरत 6,004 श्रमिकों की सुरक्षा, संरक्षा एवं कुशलक्षेम की कार्रवाई की जा सके। श्रम मंत्री ने रविवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. एम के शन्मुगा सुन्दरम् द्वारा इजराइल में भारत के राजदूत, जेपी सिंह से वार्ता की गयी। उन्होंने अवगत कराया कि स्थिति नियंत्रण में है। वर्तमान में किसी प्रकार की चिंता की कोई बात नहीं है। साथ ही बताया कि पॉपुलेशन, इमिग्रेशन एंड बॉर्डर ऑथोरिटी (पिबा) द्वारा एक हेल्पलाइन नंबर 1-700-707-889 जारी किया गया है। संबन्धित जानकारी अथवा आपात स्थिति में इस हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। भारतीय दूतावास में तैनात प्रथम सचिव डॉ. गारिका तेजेश्वर ने बताया कि इजराइल में अधिकांश भवनों में सुरक्षा शेल्टर (आश्रय स्थल) उपलब्ध हैं तथा सभी श्रमिकों को निर्देशित किया गया है कि वे भवनों के शेल्टर क्षेत्रों में ही रहें और संबंधित प्राधिकरणों द्वारा जारी निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें, जिससे उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# एक घंटे में 2,51,446 पौधे रोपकर बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

- मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में काशी ने रचा इतिहास
- सुजाबाद डोमरी बना विशाल 'ऑक्सीजन बैंक'

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में काशी ने रविवार को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में विश्व इतिहास रच दिया। वाराणसी के सुजाबाद डोमरी क्षेत्र में आयोजित वृहद पौधरोपण अभियान के तहत मात्र एक घंटे में 2,51,446 पौधों का रोपण कर काशीवासियों ने चीन का आठ साल पुराना गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ ही वाराणसी ने वैश्विक पर्यावरण मानचित्र पर भारत और उत्तर प्रदेश को नई पहचान दिलाई।

इस अभूतपूर्व उपलब्धि की घोषणा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के जज ऋषिनाथ ने ड्रोन कैमरों और आधुनिक डिजिटल गणना तंत्र से सटीक सत्यापन के बाद की। मौके पर महापौर अशोक कुमार तिवारी और नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल को आधिकारिक प्रमाणपत्र सौंपा गया। महापौर ने इसे "सीएम योगी के कुशल नेतृत्व और काशीवासियों की सामूहिक चेतना" का परिणाम बताया। इससे पहले 10 मार्च 2018 को चीन की हेनान प्रांतीय समिति ने 1,53,981 पौधों के रोपण का रिकॉर्ड बनाया था। रविवार को वाराणसी ने इस आंकड़े को काफी पीछे छोड़ते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम सुबह से ही मौके पर मौजूद रही और हर गतिविधि की बारीकी से निगरानी की गई।

# 76,785 स्मार्ट प्रीपेड मीटर कनेक्शन काटे गए, जांच की मांग

- नोएडा, गाजियाबाद में सबसे ज्यादा असर

**अमृत विचार, लखनऊ :** होली के ठीक पहले लंबे समय से नेगेटिव बैलेंस में चल रहे 76,785 स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए गए। इस कार्रवाई से सबसे ज्यादा दिक्कतें नोएडा और गाजियाबाद में सामने आईं। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

परिषद का दावा है कि जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए, उनमें ऐसे लोग भी शामिल हैं, जिनका बैलेंस पॉजिटिव था, लेकिन सिस्टम में खाता माइनस दिख रहा था। परिषद अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि त्योहार से ठीक पहले इस तरह की सख्ती नहीं होनी चाहिए थी। पहले पावर कॉरपोरेशन को अपना सिस्टम दुरुस्त करना चाहिए था। उनका कहना है कि कई उपभोक्ता नियमित रूप से मीटर रिचार्ज करते हैं, लेकिन उन्हें बैलेंस का सही अपडेट नहीं मिल पाता। कई मामलों में मीटर पर बैलेंस पॉजिटिव दिख रहा है, जबकि खाते में राशि माइनस दर्शाई जा रही है। परिषद अध्यक्ष ने इसे उपभोक्ताओं के साथ अन्याय बताते हुए कहा कि त्योहार के दौरान कनेक्शन काटने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।



सपा मुख्यालय में रविवार को मिजोरम, उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल जनाब अजीज कुरैशी की दूसरी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अमृत विचार

# सामाजिक न्याय के राज की स्थापना को लोकतंत्र बचाना है : अखिलेश यादव

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि सामाजिक न्याय के राज की स्थापना करने लिए लोकतंत्र, संविधान, धर्मनिरपक्ष और समाजवाद को 2027 में बचाना है। इसके लिए प्रदेश में सपा की सरकार बनाना जरूरी है।

सपा प्रमुख रविवार को पार्टी मुख्यालय में विभिन्न जिलों से आये नेताओं और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा पीडीए को बदनाम करने के लिए कुप्रचार करेगी। अपने विरोधियों को झूठे मुकदमों में फंसाती है। भाजपा सरकार से पीड़ित, दुःखी अपमानित लोग एकजुट होकर पीडीए के साथ है। भाजपा ने शंकराचार्य को अपमानित किया। गंगा में स्नान नहीं करने दिया। आज किसान, नौजवान, महिलाएं और व्यापारी सहित हर वर्ग परेशान और त्रस्त है। सपा प्रमुख ने कहा कि बीते नौ साल में कहीं कोई निवेश नहीं आया। अब मुख्यमंत्री के पास समय नहीं बचा तो विदाई से पहले घूमने गये थे।

# मनरेगा का बकाया भुगतान न हुआ तो होगा आंदोलन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार पर लगाया संवेदनहीनता का आरोप

**अमृत विचार :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मनरेगा मजदूरों और राज्य कर्मियों के बकाया भुगतान का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि अकुशल व कुशल मजदूरी तथा सामग्री मद समेत लगभग 1600 करोड़ रुपये का भुगतान लंबित है। साथ ही चेतावनी दी कि अगर 10 दिनों के भीतर भुगतान न होने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

राजधानी माल एवेन्यू स्थित कांग्रेस कार्यालय में रविवार को प्रदेश अध्यक्ष प्रेस कांफ्रेंस संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा होली से पहले मजदूरों, मिस्त्रियों, महिला मेट और आपूर्ति कर्ताओं को भुगतान न होना सरकार की संवेदनहीनता दर्शाता है। आरोप लगाया कि सरकार द्वारा पूर्व में घोषित सुविधाएं भी लागू नहीं की गईं।



कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों से संवाद करते प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, साथ में अन्य।

कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन आरपी गौतम ने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि गोरखपुर के चौरी-चौरा में प्रस्तावित दलित सम्मान समारोह में शामिल होने जा रहा था, उन्हें लखनऊ एयरपोर्ट से बाहर जाने से रोक दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि होली के मद्देनजर कार्यक्रम की अनुमति निरस्त कर दी गई है। लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए उन्होंने कहा कि अनुमति लेकर सभा करना असंवैधानिक नहीं हो सकता। सरकार विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है।

**बढ़ते कदम** मुख्यमंत्री योगी के सिंगापुर-जापान दौरे ने खोले नए द्वार

# निवेश से लाखों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 2.5 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव बने 'ब्रांड योगी' पर भरोसे की नई कहानी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि विदेश यात्रा के दौरान प्रस्तावित निवेश धरातल पर उतरते हैं तो लाखों युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। आईटी, ऑटोमोबाइल, लॉजिस्टिक्स, रक्षा उत्पादन, ग्रीन एनर्जी और एमएसएमई सेक्टर में निवेश प्रदेश की आर्थिक संरचना को नई मजबूती देगा। उनका कहना है कि 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि व्यापक आर्थिक परिवर्तन का रोडमैप है, जहां उद्योग, कृषि, सेवाएं और निर्यात की समान भागीदारी अनिवार्य है।

हालिया सिंगापुर-जापान दौरा केवल एक शिष्टाचार यात्रा नहीं था। यह आर्थिक कूटनीति का सुविचारित प्रयास था। सरकार-से-सरकार (जी2जी), सरकार-से-व्यवसाय (जी2बी) और उद्योग-से-उद्योग (बी2बी) संवादों के माध्यम से 60 से अधिक उच्चस्तरीय बैठकें आयोजित की गईं। नतीजा, जापान में लगभग 90,000 करोड़ के एमओयू और 1.5 लाख करोड़ तक के निवेश प्रस्ताव तथा सिंगापुर में 60,000 करोड़ के एमओयू और लगभग 1 लाख करोड़ तक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। कुल मिलाकर 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों को मुख्यमंत्री ब्रांड यूपी पर वैश्विक भरोसे की मुहर मानते हैं। उनका कहना है कि उत्तर प्रदेश अब निवेशकों के लिए केवल संभावनाओं का प्रदेश नहीं, बल्कि क्रियान्वयन की क्षमता वाला राज्य बन चुका है। उत्तर प्रदेश अब निवेश मानचित्र पर उभरता विकल्प नहीं, विश्वसनीय गंतव्य बन चुका है। मुख्यमंत्री मानते हैं कि किसी भी निवेश का पहला आधार आंकड़े नहीं, बल्कि विश्वास होता है।

### टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और स्किल डेवलपमेंट भी

सिंगापुर-जापान दौरे की एक अहम विशेषता यह रही कि फोकस सिर्फ पूंजी निवेश तक सीमित नहीं रहा। टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, स्किल डेवलपमेंट और फ्यूचर टेक्नोलॉजी जैसे ग्रीन हाइड्रोजन, क्लीन एनर्जी, रोबोटिक्स, सेमीकंडक्टर, फिनटेक और मेडिटेक पर भी गंभीर संवाद हुआ। मुख्यमंत्री का मानना है कि दीर्घकालिक औद्योगिक शक्ति बनने के लिए भविष्य की तकनीकों से जुड़ना अनिवार्य है। निवेश की इस रफ्तार की सबसे मजबूत रीढ़ कानून व्यवस्था और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस है। माफिया और संगठित अपराध पर सख्ती, निवेशकों की सुरक्षा की गारंटी और सिंगल विंडो सिस्टम के जरिए समयबद्ध स्वीकृतियों ने प्रदेश की छवि बदली है।

### एनजीएसपी पोर्टल पर शिकायत निस्तारण में यूपी रहा अव्वल

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल (एनजीएसपी 2.0) पर शिकायतों के निस्तारण और नागरिक संतुष्टि के मामले में उप्र. ने उपलब्धि हासिल की है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि फरवरी 2026 में विशेष पुनरीक्षण अवधि के दौरान प्रदेश में कुल 22,469 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 21,864 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। यह कुल शिकायतों का 97.3 प्रतिशत है। शिकायत निस्तारण के मामले में उप्र. को देश में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एनजीएसपी पोर्टल के माध्यम से मतदाता अपनी निर्वाचन संबंधी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं।

# प्रदेश में विद्युत सखियों ने बिजली बिल संग्रह में रचा कीर्तिमान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है। उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों की 'विद्युत सखियों' ने बिजली बिल संग्रह में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है।

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अभिसरण से संचालित यह कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता का सशक्त मॉडल बनकर उभरा है। मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत से अब तक विद्युत सखियों द्वारा 3,227 करोड़ रुपये से अधिक का बिजली बिल संग्रह किया जा चुका है। लगभग 1.40 करोड़ बिलों के माध्यम से 42 करोड़ रुपये से अधिक का कमीशन अर्जित हुआ है। फरवरी 2026 तक प्रदेश में 15,413 सक्रिय विद्युत सखियां कार्यरत हैं।



उन्होंने बताया कि दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 तक संचालित ओटीएस योजना के दौरान 657 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड कलेक्शन हुआ। दिसंबर में 349 करोड़, जनवरी में 188 करोड़ और फरवरी में 120 करोड़ रुपये का संग्रह किया गया। इस अवधि में 17.75 लाख बिलों का निस्तारण हुआ और 8 करोड़ रुपये से अधिक कमीशन अर्जित किया गया। प्रदेश की 70 विद्युत सखियों ने एक-एक करोड़ रुपये से अधिक का बिल संग्रह कर कीर्तिमान स्थापित किया। अमेठी की सोनी द्विवेदी (3.1 करोड़), रामपुर की मेहर जहां (2.7 करोड़) और बाराबंकी की राजश्री शुक्ला (2.3 करोड़) का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय है।

न्यूज ब्रीफ

### कार की टक्कर से महिला की मौत

**सिकंदरा।** सिकंदरा थाना क्षेत्र के मूडादेव गांव के पास नेशनल हाईवे पर रविवार की शाम हादसा हुआ। खेतों पर जाने के लिए हाईवे पार कर महिला कार की चपेट में आ गई। मूड़ादेव गांव के रोहित ने बताया मां शशि प्रभा पत्नी राज किशोर कटियार (50) घर से खेत जा रही थी। औरैया से कानपुर जा रही तभी पीछे से इनोवा कार टक्कर मारते हुए निकल गई। जिससे उनकी मौत हो गई। सिकंदरा थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि टक्कर मारने वाले की तलाश की जा रही है।

### चोरी के आरोप में दो युवक और एक किशोर को पकड़ा

**कानपुर देहात।** जिले की थाना मंगलपुर पुलिस ने चोरी की घटना के खुलासे का दावा किया। दो शातिर आरोपियों और एक बाल अपचारी अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि जीतू पुत्र रामप्रकाश निवासी मकनियापुर थाना मंगलपुर की लिखित तहरीर पर चोरी का मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसके खुलासे में लगी पुलिस ने रविवार को सहकारी संघ के पास से अर्पित कुमार पुत्र ब्रजेश कुमार व रिषभ पुत्र सतनाम को धर दबोचा। दोनों मकनियापुर थाना मंगलपुर के रहने वाले बताए गए। एक बाल अपचारी किशोर को भी अभिरक्षा में लिया गया है। तीनों के पास से चोरी का माल मिला है। पुलिस ने बताया कि पकड़ में आए लोगों ने एक राय होकर बताया कि दो फरवरी की रात्रि में अपने गांव के जीतू के घर में घुसकर चोरी की थी। रविवार को चुराया हुआ सामान बांटकर जा रहे थे।

### प्रोजेक्ट नई किरण में निपटे दो मामले

**कानपुर देहात।** महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में चल रहे अभियान मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन के सभागार में प्रोजेक्ट नई किरण की बैठक हुई। नई किरण में 32 मामले आए जिनमें नई किरण के सदस्यों द्वारा समझाने के बाद दो परिवारो में आपसी सहमति के आधार पर समझौता हो गया। पति-पत्नी खुशी-खुशी साथ रहने को तैयार हो गए। बैठक में महिला थानाध्यक्ष सुषमा सहित ज्योति देवी, जयमाला, कुमारी रीनू, शालू, रंजना सोनकर, पिंकी देवी, डॉ. पूनम गुप्ता, राम प्रकाश रहे।

### 188 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई

**कानपुर देहात।** सड़क सुरक्षा को मजबूत करने और सड़कों पर यातायात व्यवस्थित कराने को पुलिस का अभियान जारी है। अभियान रविवार को भी चला। अलग-अलग थानों की पुलिस ने नियमों के उल्लंघन पर 188 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। अनियमितता पर वाहन चालकों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किया गया। पुलिस ने बताया कि बिना नंबर प्लेट के वाहन, ट्रिपल राइडिंग, हेलमेट न पहनने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाने आदि यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की गई है। अभियान आगे भी चलेगा। दूसरी तरफ, रविवार को चले अभियान को लेकर वाहन चालकों में हड़कंप दिखा। वाहन चालक पुलिस से बचने की जुगत में रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## किशोरी की संदेह जनक हालात में मौत, फंदे से लटका मिला शव

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** रविवार की दोपहर शिवली क्षेत्र के अडनपुर मजरा बारनपुर कहिंजरी गांव में एक किशोरी ने घर के अंदर बनी गैलरी में पड़ी बीम के निकले बयाले में साड़ी के फंदे से संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। शव देख परिजनों के बीच चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कोतवाली क्षेत्र के अडनपुर मजरा बारनपुर कहिंजरी गांव निवासी कन्हैया लाल राजपूत अपनी पत्नी मंजू के साथ खेतों पर खड़े टमाटर की फसल देखने के साथ ही पशुओं की हरियाली लेने गये थे। इसी बीच 16 वर्षीय बेटी मुस्कान घर के अंदर गैलरी में पड़ी बीम से निकले बयाले में साड़ी का फंदा बनाकर संदिग्ध परिस्थितियों में अपनी जान दे दी।

मृतक मुस्कान के पिता कन्हैया लाल व मां मंजू खेतों से वापस लौटे तो बेटी को आवाज दी अंदर से कोई जवाब न मिलने पर घर से बाहर निकलने जीने से अंदर झांका तो वह फांसी के फंदे पर झूल रही थी तो परिजनों के बीच चीख-पुकार मच गई। बाबा छोटे लाल, दादी मुन्नी देवी, छोटे भाई शिवा व आयुष का रो रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक किशोरी के पिता की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। औनहां चौकी प्रभारी नरसिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## रिक्रूट्स के लिए क्रॉस कंट्री रेस

**कानपुर देहात।** पुलिस लाइन माती में रविवार को रिक्रूट आरक्षियों के लिए क्रॉस कंट्री रेस का हुई। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों में अनुशासन, सहनशक्ति (एंड्योरेंस), शारीरिक दक्षता और टीम भावना का विकास करना था। कठोर पुलिस प्रशिक्षण के इस महत्वपूर्ण हिस्से में रिक्रूट्स ने उत्साह और जोश के साथ प्रतिभाग किया। रेस के दौरान सभी प्रशिक्षुओं ने अपनी ऊर्जा और स्फूर्ति का परिचय देते हुए निर्धारित मार्ग को पूरा किया। इस आयोजन से रिक्रूट्स को न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनने का अवसर मिला। एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने आयोजन को प्रशिक्षण का एक अनिवार्य और सराहनीय हिस्सा बताया।

## सरकार से मिलीं तीन करोड़ की सड़कें

होली पर सौगात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** होली के पहले अकबरपुर-रनियां विधान सभा क्षेत्र को बड़ी सौगात मिली है। विधायक और सरकार की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला की कोशिशों से क्षेत्र में तीन सड़कों के निर्माण के लिए तीन करोड़ से अधिक की धनराशि शासन से मंजूर हुई है।

जिले, खासकर अकबरपुर-रनियां विधान सभा क्षेत्र की कई सड़कों के निर्माण की मांग की जा रही थी। हालत खराब होने के कारण लोग परेशानी उठा रहे थे। अनेकों बार जिला प्रशासन तक बात पहुंचाई गई। शासन में भी पत्राचार हुआ। समय पर काम नहीं होने के कारण लोग मायूस थे। इस बीच विधायक प्रतिभा शुक्ला ने क्षेत्र के भ्रमण के दौरान सड़कों की खस्ता हाल देखी तो मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से मिल कर सड़कों के निर्माण की मांग की। इसके बाद जरूरी प्रस्ताव तैयार कराया। हाल में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा क्षेत्र के मार्गों के निर्माण के लिए तीन करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत कर दी।

राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने बताया कि मार्गों के निर्माण की योजना मंजूर हो गई है। प्रारंभिक औपचारिकताओं के लिए प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर संपर्क सुविधा मिलेगी, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी। उन्होंने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार निरंतर ग्रामीण अंचलों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

### इन मार्गों के लिए मंजूर हुई राशि

- मंजूरी के बाद मैथा ब्लाक में मांडा से देवीपुर मार्ग बन सकेगा। इसके लिए एक करोड़ 2 लाख 50 हजार रुपए मंजूर हुए हैं। इसी तरह, रनियां-सरवनखेड़ा से पामा संपर्क मार्ग के लिए भी स्वीकृति मिली है। इस पर 98 लाख 10 हजार रुपए खर्च होने का अनुमान है। शासन से मंजूरी मिलने के बाद जरिहा मार्ग से एनटीपीसी बिलसरायां मार्ग के निर्माण का भी रास्ता साफ हुआ है। इसके निर्माण के लिए सरकार से सर्वाधिक एक करोड़ 5 लाख 70 हजार रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है।

# आपस में टकराईं बाइकें, दो युवकों की मौत, एक घायल

## अलग-अलग परिवारों के एकलौते बेटे थे दोनों युवक, त्योहार की तैयारियों के बीच हुए हादसे से परिवारों में मातम

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** रंगों और खुशियों के त्योहार के पहले दो घरों ने एकलौते बेटों को खो दिया। रविवार को मेघजाल मोड़ के पास दो मोटर साइकिलें आपस में टकराईं। इनमें दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। एक युवक घायल भी हुआ। हादसे की खबर युवकों के घर पहुंची तो त्योहार की तैयारियों में लगे परिजनों में कोहराम मच गया। महिलाएं दहाड़ मार कर रोईं। पुरुषों की आंखों से भी आंसुओं का झरना बह निकला। उन्हें सांत्वना देने को आए लोग भी फफक कर रो पड़े। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लिया। उनके पोस्टमार्टम की लिखा पढ़ी शुरू कराई।

हादसा दिन में करीब 11 बजकर 30 मिनट पर हुआ। थाना पुरवा निवासी प्रेमचंद राजपूत का हाई स्कूल में पढ़ने वाला इकलौता बेटा अनुज कुमार 17वर्ष पिता को फसल सिंचाई के लिए खेत में छोड़कर बाइक से बाल कटवाने लालू गांव जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे कसमड़ा गांव निवासी राजमिस्त्री संतोष उर्फ सतीश रैदास का इकलौता बेटे अमित 25वर्ष की बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए और दोनों बाइक के चालक अमित व अनुज की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। अमित के साथ बाइक में बैठा नैनपुर निवासी चंद्रावली का बेटा मोहित 25वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे असालतगंज चौकी इंचार्ज केशव देव ने घायल मोहित, अमित को एंबुलेंस से सीएचसी भेजा वहां ईएमओ डॉक्टर सौरभ शाक्य व फार्मासिस्ट पंकज पाल ने परीक्षण के बाद अमित को मृत घोषित कर दिया जब कि मोहित की हालत में नाजुक देखते हुए इलाज के बाद हैलट रेफर कर दिया।



अमित।



बिलखती बहन प्रांशी व अन्य परिजन। अमृत विचार

दुर्घटना की जानकारी पाकर मृतक अनुज के परिजन घटनास्थल मेघजाल मोड पहुंचे और दहाड़ मार कर सड़क पर बिलखने लगे। जानकारी पाकर नायब तहसीलदार शिव दर्शन सिंह ने परिजनों को समझा कर अनुज के शव को पंचायतनामा की कार्रवाई के लिए सीएचसी भिजवाया। घटना से अमित के पिता सतीश उर्फ संतोष, मां बेबी देवी, बहन सलोनी व गुड़िया तथा मृतक अनुज कुमार के पिता प्रेमचंद उर्फ पिंटू, मां ममता देवी, बहने प्रांसी, गौरा व मानवी समेत अन्य परिजन बिलखने लगे। प्रभारी निरीक्षक शिवनारायण सिंह ने बताया कि दोनों शवों को सीएचसी से प्राप्त मेमो के आधार पर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। हादसे में घायल मोहित का उपचार हैलट में किया जा रहा है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

### त्योहार पर बहन को लेने जा रहा था अनुज

तेज रफ्तार का शिकार बना अनुज कुमार तीन बहनों में इकलौता भाई था। रविवार को वह होली के त्यौहार के कारण बहन प्रांशी को विदा कराने उसकी ससुराल सबलपुर झीझक जाना था। परिजनों ने बताया कि प्रांशी की शादी लगभग एक माह पूर्व 6 फरवरी को सबलपुर झींझक निवासी दीपू के साथ हुई थी। होली में बहन को ससुराल से मायके लाने के लिए अनुज बाल कटवाने लालू गांव जा रहा था। इसी दौरान हादसा हो जाने से अनुज की मौत हो गई, घटना की जानकारी पाकर परिजन रोते बिलखते रहे। सूचना पा कर पहुंची विवाहित बहन प्रांशी भी रोते-रोते बेहोश हो जा रही थी।

### 6 अप्रैल को होनी है अमित की बहन की शादी

मेघजाल मोड़ के पास हुए सड़क हादसे में मृतक अमित पुत्र सतीश उर्फ संतोष भी दो बहनों में इकलौता भाई था। परिजनों ने बताया कि अमित की शादी करीब 5 वर्ष पहले हुई थी लेकिन आपसी मनमुटाव के चलते करीब 4 वर्ष से अमित की पत्नी ससुराल नहीं आई थी। पिता सतीश ने बताया कि बेटी सलोनी की शादी 6 अप्रैल को होनी है। शादी की तैयारी के सिलसिले से नैनपुर निवासी मोहित के साथ अमित किसी काम से रसूलाबाद जा रहा था तभी हादसा हो गया।

### दो अन्य हादसों में पति-पत्नी समेत चार घायल

**रसूलाबाद:** अलग-अलग स्थानों में हुए सड़क हादसे में दंपति समेत चार लोग घायल हो गए। इसमें दो की हालत चिंताजनक देखते हुए डॉक्टर ने हैलट रेफर कर दिया। ठकपुरवा गांव निवासी गंगाराम 60 वर्ष पत्नी सोमवती 58 वर्ष के साथ बाइक से बिल्हा गांव जा रहे थे तभी अजनपुर गांव के पास अज्ञात बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंचे परिजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए

## त्योहारों को लेकर एसडीएम व कोतवाल ने किया पैदल मार्च

**शिवली:** होली व रमजान पर्व के मद्देनजर रविवार की शाम उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में शिवली कोतवाल ने भारी पुलिस बल के साथ शिवली बस स्टॉप पर पैदल गस्त करते हुए व्यापारियों दुकानदारों एवं खरीदारों तथा कस्बा वासियों को शांति व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद होने का एहसास करवाया।

जिलाधिकारी कपिल सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय के निर्देश पर रविवार की शाम उप जिलाधिकारी मैथा राजकुमार पांडेय के नेतृत्व में शिवली कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने कस्बा शिवली बस स्टॉप पर भारी पुलिस बल के साथ पैदल गस्त करते हुए दुकानदारों व्यापारियों एवं कस्बा वासियों को पुलिस सुरक्षा का एहसास दिलाया। पैदल गश्त के दौरान एसडीएम एवं कोतवाल ने व्यापारियों एवं ठेला दुकानदारों से रूबरू होते हुए उनके हालचाल लिए और पुलिस सुरक्षा के बारे में भी जानकारी ली।

## अराजकतत्वों से निपटेगी पुलिस

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** उल्लास एवं रंगों के त्योहार होली, ईद और नवरात्रि पर्व पर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम के लिए नई पहल करते हुए नवागंतुक थाना प्रभारी ने थाना क्षेत्र की बिरहुन, तिस्ती, कहिंजरी आदि समस्त चौकियों में रविवार को दोनों संप्रदायों के गणमान्य लोगों की बैठक बुलाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इन सभी शांति कमेटी की बैठकों की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी आलोक चौधरी ने की।

सीओ आलोक चौधरी ने शांति कमेटी की इन बैठकों में एक बात मुख्य रूप से कहीं कि त्योहारों पर आपसी भाईचारा बनाए रखने की सभी की जिम्मेदारी है। इन पर्वों पर यदि कोई शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करेगा और शांति भंग करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध सख्ती से निपटा जाएगा। इन त्योहारों पर अफवाहों पर कोई ध्यान न दें और यदि कोई अफवाह फैलाने वाले की जानकारी मिले तो उसे सीधे थाना प्रभारी या चौकी प्रभारी को बताएं उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने व्यापक रूप से बात कही कि थाना क्षेत्र के 369 होलिका दहन स्थल चिन्हित किये जा चुके हैं। सभी क्षेत्रीय निवासियों को बताया जा चुका है कि वह कोई नई परंपरा ना शुरू करें। निर्धारित स्थानों पर ही होलिका दहन करें। त्योहार के मौके पर सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण से बचें। दुकानदार भी इसमें सहयोग दें और आवागमन के रास्तों पर अनावश्यक सामान फैला कर यातायात बाधित न करें। इसके साथ ही बैठक में ईद के अवसर पर नमाज के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु रखने, साफ-सफाई बनाए रखने और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने पर भी चर्चा हुई। उपस्थित लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया और क्षेत्र में शांति, सद्भाव तथा भाईचारे का माहौल बनाए रखने का संकल्प लिया। थाना प्रभारी सहित बिरहुन में चौकी प्रभारी जयप्रकाश सिंह सहित क्षेत्रीय पुलिस बल, तिस्ती में चौकी प्रभारी बृजेश कुमार, कहिंजरी में चौकी प्रभारी प्रवीण कृष्णा मिश्रा आदि मौजूद रहे।



चौकी कहिंजरी में हुई शांति समिति की बैठक। अमृत विचार

**369** स्थानों पर होगा होलिका दहन

## बग्घी पर उमा को ब्याहने निकलेंगे भोले भंडारी

गीतेश अग्निहोत्री, शिवली

**अमृत विचारः** कस्बा शिवली के आजाद नगर स्थिति प्राचीन शिव मंदिर महाकालेश्वर में होली के बाद दूज पर अनोखी शिव बारात निकलती है। 49 साल से यहां लगातार शिव उमा परिणय समारोह का आयोजन लगातार किया जा रहा है। बग्घी पर बैठकर दिन में शिव नाचते गाते चल रहे बारातियों के साथ में उमा को ब्याहने निकलते हैं। रात में धनुष भंग के साथ राम-सीता का विवाह संपन्न होता है। इस अनोखी शिव बारात में बड़ी संख्या में लोग भाग लेने के लिए आते हैं।

वर्तमान में मोहल्ला आजाद नगर, नगर पंचायत शिवली (पूर्व में राजस्व गांव बिरतियाना शिवली) के प्राचीन शिव मंदिर महाकालेश्वर में 49 साल पहले शिव उमा परिणय के नाम से शिव बारात होली के बाद दूज के दिन निकलना शुरू हुई। वह परम्परा अभी भी कायम है। बारात महाकालेश्वर मंदिर से कस्बे के विभिन्न मन्दिरों से होकर जागेश्वर मंदिर पहुंचती है। जहां बारातियों की जमकर खातिरदारी होती है। इसके बाद शिव उमा की शादी धूमधाम से की जाती है।

विवाह के बाद बारात फिर से महाकालेश्वर मंदिर आ जाती है। रात में यहीं पर धनुषभंग में सीताराम विवाह भी संपन्न होता है। शिव उमा परिणय समारोह के विकल्प तिवारी, साहुल दीक्षित, अनिल स्वर्णकार, गोलू शुक्ला, टिंकू अग्निहोत्री, बाबू तिवारी, चंकी तिवारी, सुरेश दीक्षित, अविनाश मिश्र, लाला कश्यप ने कहा कि अनोखी शिव बारात निकलती है। जिसके देखने के लिए बाहर से भी लोग पहुंचते हैं। शिव उमा परिणय समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष विकल्प तिवारी ने कहा कि पुरानी परंपरा का हम सब निर्वहन कर रहे हैं। शिव विवाह के इस समारोह में शामिल होना बड़ी बात है। साहुल दीक्षित ने बताया कि शिव विवाह के इस आयोजन का सभी को इंतजार रहता है। होली के पर्व का आनंद दो गुना हो जाता है। विशाल तिवारी ने बताया कि शिवनगरी में शिव विवाह का आयोजन का कार्यक्रम बहुत ही पुराना है।





महाकालेश्वर मंदिर व मंदिर में स्थापित शिवलिंग। अमृत विचार

### बग्घी पर बैठकर उमा को ब्याहने जाएंगे

- शिवली में भी 49 वर्ष पूर्व महाकालेश्वर मन्दिर से शुरू हुई शिव बारात में बैलगाड़ी पर बैठकर शिव उमा को ब्याहने निकलते थे। बदलते परिवेश में शिवजी बग्घी पर बैठकर बारातियों के साथ निकलते हैं। बाराती आगे आगे नाचते गाते चलते हैं।

### बाबा का आशीर्वाद लेने जाती है शिव बारात

- मंदिर के बारे में मान्यता है कि इसका दूसरा छोर पाताल से जुड़ा है। इसी शिवलिंग के नाम पर कस्बे का नामकरण शिवली किया गया है। शिवली में कई शिव मंदिर है। जागेश्वर मंदिर के अलावा रामनगर में ओमकारेश्वर, निराला नगर में रामेश्वर, शंकर नगर में पंचमुखी शिवमंदिर व महाकालेश्वर मंदिर के साथ सभी प्रमुख अन्य मंदिरों में शिवलिंग स्थापित है।

### आकर्षण का केंद्र बनती हैं झांकियां

- शिवली में दिन में शिव बारात में व रात में धनुषभंग लीला के दौरान देवी देवताओं व भारत माता की आकर्षक झाकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहती है।

बैठक

डीएम और एसपी ने अब तक हुई तैयारियों का लिया जायजा

# होली और रमजान पर अलर्ट मोड पर रहेगी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** होली तथा रमजान पर शांति व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज की हैं। रविवार को डीएम के कैंप कार्यालय में अहम बैठक हुई। इसमें डीएम कपिल सिंह के साथ एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय भी रहीं। उन्होंने अब तक हुई तैयारियां परखीं और लोगों से मिल जुलकर त्योहार मनाने की अपील की। इसके साथ यातायात व्यवस्था और नो एंट्री जोन पर भी चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी कपिल सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं। उन्होंने कहा कि होली के पावन पर्व पर आपसी भाईचारा और सौहार्द बना रहे, यह सुनिश्चित करना हम सबका दायित्व है। उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने पर विशेष बल देते हुए कहा कि संवेदनशील स्थानों पर यातायात पुलिस की तैनाती बढ़ा दी जाए। पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने बैठक में सुरक्षा संबंधी रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि त्योहारों के मद्देनजर जिले भर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल को अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने कहा, होली के दिन मुख्य बाजार क्षेत्रों एवं संवेदनशील इलाकों में नो एंट्री जोन घोषित किए जाएंगे, जहां बिना उचित अनुमति के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, फ्लैग मार्च और ड्रोन से निगरानी की भी योजना है। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसके बाद प्रशासन ने जिले वासियों से त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। यातायात नियमों का पालन करें, बिना हेलमेट या नशे की अवस्था में वाहन न चलाएं और किसी भी अप्रिय स्थिति की सूचना तुरंत निकटतम पुलिस स्टेशन या डायल 112 पर दें।



रविवार को हुई बैठक में शामिल हुए डीएम और एसपी। अमृत विचार

### सुबह 7 से रात 10 बजे तक भारी वाहनों की नो इंट्री

- **कानपुर देहात।** नगर पालिका परिषद झींझक क्षेत्र में भारी वाहनों के अत्यधिक आवागमन के संबंध हुई शिकायतों पर कार्रवाई हुई है। भारी वाहनों की आवा जाही और संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए डीएम एसपी के निर्देशन में संबंधित अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें कई अधिकारी उपस्थित रहे। निर्णय लिया गया कि किसी भी दिशा से सिकंदरा-झींझक (बिरहना चौराहा) से रसूलाबाद मार्ग की ओर जाने वाले भारी वाहन सुबह सात बजे से रात 10 बजे तक प्रतिबंधित रहेंगे। हालांकि परमिट धारक पैसेंजर वाहनों, आवश्यक वस्तुओं से संबंधित माल वाहनों एवं परिवहन विभाग की बसों पर प्रतिबंध लागू नहीं होगा। जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी का आरोपी गिरफ्तार, माल बरामद

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** कोतवाली शिवली पुलिस को शनिवार की रात मुखबिर की सूचना पर बड़ी सफलता हाथ लगी। शिवली पुलिस ने एक सप्ताह पूर्व कोतवाली क्षेत्र के अरशदपुर गांव में एक किसान के घर चोरी कर नगदी व सोने चांदी के जेवरात चोरी करने वाले गांव के ही एक युवक को गिरफ्तार कर नगदी एवं चांदी के कुछ जेवरात बरामद किए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपी को चोरी के आरोप में जेल भेज दिया है जबकि चोरी का सामान खरीदने वाला दुकानदार फरार चल रहा है।

बताते चलें कि बीती 22 फरवरी को शिवली कोतवाली क्षेत्र के अरशदपुर गांव निवासी अरुण कुमार के घर चोरी की घटना हुई थी। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि बीते 22 फरवरी की रात दस बजे उसके गांव का निवासी राजू उसके घर घुसकर घर में रखी दो जोड़ी तोड़िया एक सोने का माला 8 चांदी की हाय दो सोने की हाय तथा हाथों के खडुवा सहित सात हजार रुपए नगद चोरी करके फरार हो गया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। उप निरीक्षक लोकेश सैनी ने बताया कि शनिवार की रात मुखबिर की सूचना पर पांडेयहार गांव जाने वाले रास्ते से चोरी की घटना के नामजद आरोपी राजू को पकड़ लिया गया।

पुलिस के मुताबिक पूछताछ के दौरान राजू ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसने अरुण कुमार के घर से सात हजार रुपए नगद एवं सोने चांदी के जब जेवरात चोरी किए हैं। उसकी तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 53 सौ रुपये नगद व चांदी के खड़आ बरामद हुए हैं। बाकी जेवर के बारे में उसने बताया कि एक सोने की माला एक सोने की हाय उसने कस्बा शिवली निवासी एक ज्वेलर्स को बेंच दी है। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।



पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी। अमृत विचार

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.

•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT

दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में

सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य

117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर

9889538233, 7880306999




| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| सोमवार शाम | मंगलवार सुबह |
| सुन्नी: 6:14 | सुन्नी: 5:10 |
| शिया: 6:23 | शिया: 5:01 |

पैग़म्बर मोहम्मद साहब ने फ़रमाया : जो शख्स ईमान के साथ सवाब की उम्मीद से रोजा रखेगा तो उसके अगले गुनाह बख्श दिये जाएंगे।

### ईरान पर हुए हमले से निर्यातक परेशान, रुक सकता भुगतान, ऑर्डर पर भी संकट

# खाड़ी देशों में कार्गो सेवा रुकी, करोड़ों का नुकसान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इजरायल-ईरान युद्ध के बीच कार्गो सेवा बंद हो गई है। खाड़ी देशों में जाने वाले शहर के निर्यातकों के उत्पाद रास्ते में ही रुक गए हैं। उत्पादों के रुकने के बाद अब निर्यातकों को भुगतान रुकने का भी डर सताने लगा है। निर्यातक मान रहे हैं यदि यह स्थिति कुछ दिन और खिंचती है तो उनके ऑर्डर तक कैंसिल होने की नौबत आ सकती है।

शहर से खाड़ी देशों में टेक्सटाइल, लेदर व पैक्ड फूड सहित अन्य कृषि संबंधी उत्पादों का निर्यात होता है। निर्यात विशेषज्ञों का मानना है कि युद्ध जैसे हालात को देखते हुए निर्यात व खरीदारों ने पहले से ही इस स्थिति की योजना बना ली थी। बावजूद इसके उनके उत्पादों के रुक जाने से उन्हें सबसे बड़ा झटका लगा है। उम्मीद के विपरीत ईरान की ओर से हुई कई देशों में बमबारी से पूरे खाड़ी देशों के हालातों पर इसका असर पड़ा है। खासतौर पर ओमान, दुबई, बहरीन कतर, यूएई, कुवैत के अलावा इजराइल, जॉर्डन, ईरान का निर्यात कारोबार बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। यदि इन देशों के कुल निर्यात कारोबार की बात की जाए तो लगभग 25 सौ करोड़ रुपये का सालाना कारोबार शहर से होता है। ऐसे में सिर्फ 24 घंटे के भीतर ही लगभग सौ से दो सौ करोड़ रुपये का निर्यात कारोबार पर असर पड़ा है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्ग्नाईजेशन (फियो) के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि युद्ध के हालात में शहर का निर्यात कारोबार प्रभावित होना लाजमी है। अब यह देखना है कि यह युद्ध कितना लंबा चलता है। यह हालात यदि लंबे समय के लिए बने रह सकते हैं तो शहर के निर्यात कारोबार में निर्यातकों के ऑर्डर तक कैंसिल हो सकते हैं। यह स्थिति और अधिक जटिल हो सकती है।



पटकापुर में कैंडल मार्च निकाला गया। अमृत विचार

### नवाब साहब हाता में कैंडल मार्च निकाला

- ईरान में आयतुल्लाह खामनेई की मौत की खबर पर नवाब साहब हाता में कैंडल मार्च निकाला गया जिसमें लोग नारे लगा रहे थे, तुम कितने हुसैनी मारोगे, हर घर से हुसैनी निकलेगा। मौलाना हामिद हुसैन जैदी, जफरुल रिजवी, राशिद अली जैदी, हाशिम रिजवी, सफदर हुसैन, अली हैदर, नवाब मुमताज, असद नकवी, सुहेल अहमद आदि थे। असद नक़वी, राजाआगा कोठी, राजू सुनार, आदि थे। इसी तरह इमामबाड़ा आगामीर ग्वालटोली में मजलिस हुई मौलाना शाहिद इमाम बाकरी, मौलाना नाजिमुल मनहाशी और अबुजर काजमी ने विचार रखे। संचालन फुरकान कानपुरी ने किया।

(संबंधित पैकेज पढ़ें पेज-III पर भी)



**25** सौ करोड़ रुपये का सालाना कारोबार शहर से

**100** से 200 करोड़ के निर्यात कारोबार पर असर

### दस दिन बाद असर

- शहर के निर्यातकों का मानना है कि फिलहाल वे लोग स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। यदि दस दिन तक यही हालात रहते हैं तो उसके बाद उन्हें उत्पादन कम करने का भी निर्णय लेना पड़ सकता है। निर्यातक खाड़ी देशों के खरीदारों के साथ संपर्क में हैं। फिलहाल कुछ खरीदार ऐसे भी हैं जो युद्ध के हालात लंबे खिंचने पर उत्पादन कम करने की बात कह रहे हैं।

# रिटायरमेंट और चिल्ड्रेन फंड्स के निवेशक असमंजस में फंसे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सेबी के रिटायरमेंट और चिल्ड्रेन फंड के रूप में पहचान रखने वाली स्कीमों को बंद करने से इनमें निवेश करने वाले खासे परेशान हैं, कि अब आगे क्या होगा। यही नहीं, एसेट मैनेजमेंट कंपनियों (एएमसी) भी उलझन में हैं कि क्या जारी एसआईपी भी रुकेंगी। शहर में बड़ी संख्या में मध्यमवर्गीय परिवारों ने बच्चों की उच्च शिक्षा या विवाह और सेवानिवृत्ति सुरक्षा के उद्देश्य से रिटायरमेंट या चिल्ड्रेन फंड्स में निवेश कर रखा है। शहर में एकमुश्त और एसआईपी मिलाकर लक्ष्य आधारित योजनाओं में करीब 300 करोड़ रुपये का निवेश है। सेबी ने साफ किया है कि सॉल्यूशन-ओरिएंटेड स्कीम्स में नए सब्सक्रिप्शन बंद कर दिए जाएंगे और इन्हें किसी अन्य स्कीम के साथ मर्ज किया जाएगा, जिसकी एसेट एलोकेशन और रिस्क प्रोफाइल समान हो। इससे साफ है कि निवेश बंद नहीं होगा, लेकिन समय के साथ यह किसी अलग कैटेगरी में शिफ्ट हो सकता है। कोर पोर्टफोलियो और रिस्क प्रोफाइल आमतौर पर समान बने रहने की उम्मीद है। हालांकि मर्ज और री-कैटेगराइजेशन प्रक्रिया के दौरान स्कीम का नाम, स्ट्रक्चर या उसका मकसद बदल सकता है।

सेबी की ओर से रिटायरमेंट और बच्चों की सॉल्यूशन ओरिएंटेड योजनाओं को बंद करने के निर्देश के बाद एसेट मैनेजमेंट कंपनियों (एएमसी) ने कई बिंदुओं पर स्पष्टता मांगी है। सेबी ने फंड हाउसेस को सात दिन में उनके संगठन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के माध्यम से प्रतिक्रिया देने को कहा है। सेबी के सर्कुलर के अनुसार, इन योजनाओं में तत्काल प्रभाव से नया निवेश लेने से रोका गया है और बाद में सेबी की मंजूरी से समान श्रेणी की योजनाओं में विलय करना होगा। सॉल्यूशन फंड्स सभी प्रकार का सब्सक्रिप्शन स्वीकार करना बंद करें। फंड हाउसेस इसी बात से असमंजस में हैं कि क्या पहले से चल रही एसआईपी भी तुरंत रोक दी जाएं, क्योंकि इनके विलय की प्रक्रिया में समय लग सकता है। कुछ फंड हाउसेस की रिटायरमेंट योजनाएं आयकर में लाभ देती हैं, यदि ये योजनाएं बंद या विलय होती हैं तो पहले से मिले कर लाभ को किस तरह देखा जाएगा।



**5,000** एसआईपी सॉल्यूशन ओरिएंटेड स्कीमों में शहर में हैं

**300** करोड़ रुपये का एकमुश्त और एसआईपी में निवेश है।

### निवेशकों को क्या करना चाहिए?

- वित्तीय सलाहकार राजीव सिंह के मुताबिक सॉल्यूशन-ओरिएंटेड योजनाओं में बदलाव के इस दौर में निवेशकों के लिए धैर्य और जानकारी के आधार पर निर्णय लेना जरूरी है। घबराहट में एकमुश्त या एसआईपी द्वारा निवेशित रकम नहीं निकालें। अपने फंड हाउस, वितरक या जानकर से स्पष्टता लें कि आगे चलकर आपके एसआईपी और निवेशित रकम की स्थिति क्या होगी? जब योजना का विलय प्रस्ताव आये तब नई स्कीम की एसेट एलोकेशन और जोखिम प्रोफाइल को समझें। यदि योजना में कर लाभ जुड़ा है, तो आयकर प्रभाव को समझे बिना कोई कदम न उठाएं। विलय के बाद यदि योजनाएं अधिक पारदर्शी और मानकीकृत ढांचे में आती हैं तो दीर्घकाल में फायदा मिल सकता है।

## सिटी ब्रीफ

### महिला पर बंदरों के झुंड का हमला

**कानपुर।** चकेरी के रामपुरम फेस-वन में रिश्तेदार के घर से लौटते समय महिला पर रविवार दोपहर बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया। बंदरों ने महिला को गिरा दिया, दोनों हाथ समेत शरीर पर कई जगह काटकर घायल कर दिया। शोर सुनकर पहुंचे इलाकाई लोगों ने डंडा पटककर बंदरों को भगाया। रामपुरम महामाया मंदिर के पास रहने वाली बैट्स विलियम के अनुसार वह रामपुरम में रिश्तेदार के घर से लौट रही थी। वह आनंदी माता मंदिन के पीछे गली में पहुंचीं, तभी बंदरों के झुंड ने बैट्स पर हमला कर दिया। चीखने-चिल्लाने पर समीप ही रहने वाले प्रशांत, आनंद समेत कई लोगों ने डंडा लेकर बंदरों को भगाया। बैट्स ने बताया कि बंदर एक बार पहले भी उनको काट चुका है। दोबारा बंदरों के काटने पर डर गई है।

### डंपरों की भिड़ंत के बाद लगा जाम

**कानपुर।** जाजमऊ में कानपुर-लखनऊ हाईवे पर रविवार सुबह उन्नाव की तरफ कनोडिया पेट्रोल पंप के पास दो डंपरो में भिड़ंत हो गई। जिससे कानपुर से उन्नाव जाने वाली लेन जाम हो गई और वाहनों की लाइन रामादेवी फ्लाई ओवर तक करीब छह किमी तक रही। क्षतिग्रस्त वाहनों को पुलिस ने हटवाया, तब जाकर यातायात सामान्य हो सका। डंपरों की भिड़ंत से कानपुर से उन्नाव जाने वाली लेन बाधित थी। धीरे-धीरे वाहनों की लाइन जाजमऊ चेकपोस्ट तक पहुंच गई। उसके बाद यातायात का लोड बढ़ने से वाहनों की लाइन रामादेवी फ्लाईओवर तक पहुंच गई। लखनऊ एयरपोर्ट जाने वाले कई यात्री भी जाम में फंसे रहे।

# प्रेमिका से बात करने के बाद फांसी लगाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने की पड़ताल, परिजनों में कोहराम

**अमृत विचार।** सेन पश्चिम पारा में घर पर अकेले युवक ने प्रेमिका से मोबाइल पर बात करने के बाद फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। परिजन कमरे में पहुंचे तो बेटे का शव फंदे से लटका देखकर सन्न रह गए। चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल की। पूछताछ के बाद शव पोस्टमार्टम भेजा।



विशाल

बिनगंवा निवासी राजू पासवान किसान हैं। परिवार में पत्नी रूपरानी, बेटी पूजा, रोशनी व आरुषि, बेटा गोपी व 22 वर्षीय विशाल था। पिता ने बताया कि शनिवार को पत्नी को दवा दिलाने वह चिकित्सक के पास गए थे, छोटा बेटा गोपी किसी काम से बाहर गया था। बेटियां काम करने खेत पर गई थी। घटना के समय विशाल घर पर अकेला था। उन्होंने बताया कि शाम को बेटी आरुषि खेत से घर पहुंची तो कमरे में धन्नी के सहारे भाई का शव लटका देखकर चींख पड़ी। उसका मोबाइल समीप में ही टूटा पड़ा था। यह देख आरुषि ने परिजनों को फोन कर घटना की जानकारी दी। खबर पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। तत्काल सभी घर पहुंचे, गोपी ने पुलिस को सचूना दी। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर पड़ताल की। पुलिस पूछताछ में परिजनों ने बताया की विशाल पड़ोस के गांव की लड़की से प्रेम करता था। उनके बीच काफी समय से फोन पर बातचीत होती थी। इसका पता चलने पर विशाल के परिजनों को दोनों की शादी कराने की बात लड़की के घरवालों से की, लेकिन उन्होंने विवाह करने की बात से इनकार कर दिया था।



आनंदेश्वर मंदिर में होली खेली गई। (संबंधित खबरें पेज IV पर) अमृत विचार

# महादेव के साथ भक्तों ने खेली होली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रंगभरी एकादशी पर आनंदेश्वर मंदिर में उड़ा गुलाल, लगे जयकारे

**अमृत विचार।** आनंदेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों ने महादेव संग होली खेल रंगभरी एकादशी मनाई। तीन दिन तक चलने वाले इस आयोजन में भक्तों ने जयकारे लगाकर माहौल को भव्य कर दिया। मंदिर में 4 मार्च को भी भक्तों की ओर से महादेव संग रंग खेला जाएगा। रंग खेलने के बाद झांकी भी नकाली जाएगी।

आनंदेश्वर मंदिर में होली पर्व की शुरुआत हो गई। मंदिर में बाबा आनंदेश्वर महादेव को रंग मिष्ठान समर्पित करते हुए बाबा की दिव्य आरती की गई। इस दौरान बाबा आनंदेश्वर महादेव को होली महाउत्सव के लिए आमंत्रित किया गया। मंदिर कोठार महंत महाकाल गिरी महाराज ने बताया कि विशेष श्रृंगार किया गया है। जूना अखाड़ा के इच्छा गिरी जी महाराज जूना अखाड़ा मीडिया प्रभारी आशुतोष कुमार अंश मथुरा गिरी महाराज, मंदिर पुजारी संजय पुजारी, केके तिवारी, अनूप मिश्रा मौजूद रहे।

# रोजेदारों पर धोखे से रंग पड़ जाए तो बुरा नहीं मानें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- खानकाहे हुसैनी कर्नलगंज में खादिमों की बैठक में दी गई शांति बनाए रखने की नसीहत

**अमृत विचार।** खानकाहे हुसैनी कर्नलगंज में खादिमों की बैठक हुई जिसमें कहा गया कि यदि धोखे से किसी रोजेदार पर रंग पड़ जाए तो रोजेदार उसे बुरा नहीं मानें। रमजान और होली पर एक दूसरे के त्योहार का सम्मान करें। रोजेदारों से ये गुजारिश खानकाह के खादिम अखलाक अहमद डेविड चिश्ती ने की है।

- रमजान और होली पर एक दूसरे के त्योहार का सम्मान करें।
- होलिका दहन जिन चौराहों पर हो रहा हो उन चौराहों पर जाने से बचें।
- तराबीह की नमाज अदा करने के उपरांत अपने घरों की तरफ रवाना हों।
- मुसलमान हम वतनी भाइयों का और हम वतनी भाई मुसलमानों का ख्याल रखें।
- रोजेदारों पर जानबूझ कर रंग डालने से परहेज करें।
- अगर रोजेदार पर रंग धोखे से पड़ गया तो अपनी नाराजगी न जताएं।
- जहां रंग खेला जा रहा है उन सड़कों, चौराहों, मैदानो में जाने से परहेज करें
- रंग लगने से रोजे पर कोई फर्क नही पड़ता बस एहतियात करें ऐसी जगहों से न निकलें।
- तराबीह व फजिर की नमाज के बाद बाइकों से स्टंट करने न जाएं।
- सोशल मीडिया पर कोई ऐसी पोस्ट न डालें जिससे किसी के दिल को ठेस पहुंचे।
- दोनो त्यौहारों को शांति सदभाव, एकता के साथ मनाएं।
- अफवाह फैलाने वाले की सूचना तत्काल अपने चौकी/थाना प्रभारी को दें।



सद्बुद्धि यज्ञ करते पेंशनर। अमृत विचार

### मांगें मनवाने के लिए किया सद्बुद्धि यज्ञ

**कानपुर।** गोविंद नगर सी-ब्लॉक स्थित चित्रगुप्त धर्मशाला में पेंशनर फोरम ने सद्बुद्धि यज्ञ किया। यज्ञ के माध्यम से सरकार से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की लंबित मांगें जल्द मानने और संसद के अगले सत्र में इसकी घोषणा करने की प्रार्थना की।

पेंशनर फोरम की मांग है कि आठवें वेतन आयोग में पेंशनरों को भी शामिल किया जाए। 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता पेंशन में जोड़ा जाए। सभी पेंशनरों को आयकर से छूट मिले और ईपीएस-95 के तहत न्यूनतम 7500 रुपये पेंशन के साथ महंगाई भत्ता दिया जाए। इसके अलावा पुरानी पेंशन बहाल करने, कोरोना काल के 18 माह के रोके गए महंगाई राहत भत्ते का भुगतान करने, वरिष्ठ नागरिकों की रेल छूट फिर से लागू करने समेत आदि मांग सरकार से की। 28 फरवरी को सरकार द्वारा पेंशन भुगतान का आदेश भी हवा हवाई ही साबित हुआ। इस दौरान अध्यक्ष राजेश शुक्ला, महामंत्री आनंद अवस्थी, बीएल गुलबिया, डीपी बाजपेई, सत्य नारायण, भानु प्रकाश निगम, आरपी शुक्ल, पीएस श्रीवास्तव, अरुणेश तिवारी, सुभाष चंद्र भाटिया, विनय प्रकाश उपाध्याय, चंद्रशेखर रहे।

### दो लुटेरे गिरफ्तार भेजे गए जेल

**कानपुर।** रावतपुर पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से चेन लूट करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के दो शातिर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लुटेरों के पास से तमंचा, कारतूस बरामद किया है। दोनों शहर समेत प्रदेश के कई जिलों में लूट व छिनैती की वारदातें करते हैं। कई घटनाओं में शामिल भी रहे। पकड़े गए लुटेरों की पहचान अलीगढ़ के अकराबाद निवासी रवि उर्फ रोहित उर्फ नागर व महेंद्र सिंह उर्फ पिंटू उर्फ विकास के रूप में हुई है।

दोनों की लंबे समय से पुलिस को तलाश थी। बीती 19 फरवरी को शहर में हुई चेन लूट की घटना के बाद से तलाश की जा रही थी। रविवार को रावतपुर पुलिस ने सर्विलांस की मदद से घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपियों का आपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है।


www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


दिक्कत | आरक्षण कोचों से भीड़ निकालने के लिए रेलवे पुलिस ने की मशक्कत

# होली पर उमड़ रही जबरदस्त भीड़, ट्रेनों पर जबरन कब्जा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** होली पर सभी को घर पहुंचने की जल्दी है, यही कारण है कि जो भी ट्रेन, बस मिली, उसी पर परिवार के साथ सवार हो गए। ट्रेनों के आरक्षण कोचों में जबरन कब्जा कर लिया जिन्हें सेंट्रल स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ के द्वारा खाली कराया गया।

रविवार को मुंबई, दिल्ली की ओर से बिहार, गोरखपुर की ओर जाने वाली ट्रेनों में जबरदस्त भीड़ रही। कई ट्रेनों कुशीनगर एक्सप्रेस, जनसाधारण एक्सप्रेस, सप्तक्रांति, महानंदा, मुबई सुपरफास्ट समेत दर्जनों ट्रेनों की फर्श पर भी सैकड़ों यात्री बैठे रहे। कई ट्रेनों के प्रसाधन के अंदर तक लोग परिवार के साथ बैठने को मजबूर हुए जिससे महाबोधि एक्सप्रेस के यात्रियों को प्रसाधन जाने में दिक्कत हुई तो टीटी से शिकायत की। टीटी ने इसकी जानकारी कंट्रोल रुम को दी। इसकी जानकारी मिलते ही जीआरपी प्रभारी ओम नारायण सिंह, आरपीएफ पोस्ट प्रभारी सिद्धनाथ पाटीदार की अगुवाई में टीम ने ट्रेन के आरक्षण कोचों में जबरन बैठे यात्रियों को उतारकर साधारण कोच में बिठाया।

**कई ट्रेनों की प्रतीक्षा सूची 300 के पार:** होली के चलते कई ट्रेनों की वेटिंग लिस्ट 300 के पार पहुंच चुकी है जबकि कई ट्रेनों की प्रतीक्षा सूची बंद हो गई है। नई दिल्ली से वाराणसी जाने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस की प्रतीक्षा सूची भी 200 के पार पहुंच गई है। शताब्दी, स्वर्णशताब्दी, तेजस एक्सप्रेस, राजधानी एक्सप्रेस की प्रतीक्षा सूची भी 200 के पास पहुंच चुकी है जिससे इस सप्ताह सफर करने वालों के लिए बड़ी मुसीबत है।

**500 रोडवेज बसों को सड़कों पर उतारा:** झकरकटी बस अड्डे पर भी भाड़ी भीड़ उमड़ रही है। बसों की संख्या भी बढ़ गई है। होली पर भारी भीड़ को गंतव्य स्थान तक पहुंचाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की 500 बसों को रूट पर उतारा गया।

इसमें सर्वाधिक बसें दिल्ली, गोरखपुर, सोनौली, अलीगढ़, आगरा के लिए रवाना की गई है। बस अड्डे के बाहर सड़क पर रोडवेज बसों की अराजकता के चलते भीषण जाम लगा। सड़क के दोनों ओर बसों की लंबी लाइन लगी रही। शहर की बाजारों में भी भीड़ के कारण जाम लगा रहा। हलीम चौराहा से रुपम चौराहा, पानी की टंकी, रहमानी मार्केट, तलाक महल, यतीमखाना तक वाहनों की कतारें लगी रहीं। मूलगंज चौराहा से मेस्टन रोड, कोतवाली चौराहा तक जाम लगा रहा। पी रोड पर उमड़ी भीड़ के कारण जरीब चौकी चौराहा से बजरिया थाना तक वाहनों की लाइन लगी रही।



सेंट्रल स्टेशन पर ट्रेनों में भीड़। अमृत विचार



झकरकटी में बसों की अराजकता से लगा जाम। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### झांसा देकर दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**कानपुर।** गोविंदनगर पुलिस ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना प्रभारी गोविंदनगर रिकेश कुमार सिंह ने बताया कि युवती की तहरीर के अनुसार आरोपी दीपक ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण किया। युवती के अनुसार युवक से प्रेम के झूठे जाल में फंसाया और शादी का झांसा दिया। इसके बाद दीपक ने उसके साथ कई बार मनमानी की। युवती का आरोप है कि युवक ने अश्लील वीडियो वायरल कर बदनाम करने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार रविवार को आरोपी को पूछताछ के लिए बुलाया गया, जहां गिरफ्तार कर लिया गया।

### लोडर बैट्री चुराने वाला जिलाबदर गिरफ्तार

**कानपुर।** जाजमऊ पुलिस जिलाबदर को गिरफ्तार कर बैट्री चोरी में जेल भेजा है। बुढ़ियाघाट निवासी सैफ, रियाज और सलीम ने लोडर की बैट्री चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी राजा रब्बानी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं।

### तस्कर से 1073 ग्राम गांजा बरामद

**कानपुर।** किदवईनगर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम ने बताया कि रविवार पुलिस ने झंगईपुरवा में छोटू कबाड़ी की दुकान के पास से कंजड़पुरवा निवासी रंजीत को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से 1073 ग्राम गांजा बरामद हुआ है।

# पति ने हत्याकर पनकी नाले में फेंका था पत्नी का शव

## भाई ने शव की शिनाख्त की, पति को छोड़ किया था प्रेम विवाह, तीन लोग गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



आकृति सिंह उर्फ रूबी

- पति ने पुलिस की पूछताछ में गला दबाकर हत्या की बात कबूली, घर के फुटेज किए डिलीट

**अमृत विचार।** पनकी नाले में कबंल में लिपटी मिली महिला के शव की शिनाख्त रविवार उसके भाई ने की। भाई ने बहन को पहली शादी में मिले जेवर लूटने के लिए हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने पति समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। महिला ने पति की मारपीट की एक दिन पहले ही पुलिस चौकी में शिकायत की थी। पति माफी मांगकर उसे घर लाया, इसके बाद नशे में उनके बीच रातभर विवाद हुआ। तभी मारपीट के दौरान ही महिला की हत्या की गई। घर से 500 मीटर दूर नाले में शव फेंका।

सरायमीता निवासी राहुल प्राइवेट नौकरी करते हैं। रविवार पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे राहुल ने शव की शिनाख्त 28 वर्षीय आकृति सिंह उर्फ रूबी के रूप में की। राहुल ने बताया कि करीब साढ़े चार साल पहले रूबी ने पनकी मंदिर परिसर में रहने वाले नितिन सविता से लव मैरिज शादी की थी। उनके बीच शादी के बाद से ही कलह होने लगी थी। शिकायत पर पनकी थाने में कई बार समझौता हुआ। राहुल के अनुसार 26 फरवरी को भी मारपीट की शिकायत रूबी ने पुलिस चौकी में की थी। इस पर नितिन उससे माफी मांगकर घर ले आया था। इसके बाद उसने शराब के नशे में पूरी रात मारपीट की। राहुल के अनुसार उसी रात उसने रूबी की हत्या की। उसने बताया कि शनिवार को सोशल मीडिया पर बहन की फोटो देखकर वह चौकी पहुंचा था। वहां फोटो देखने के बाद वह फफक पड़ा।

उसने हत्या का आरोप लगाते हुए पति, जेठ दीपू व राहुल समेत ससुर सुरेश मास्टर के खिलाफ हत्या की तहरीर दी। पुलिस ने तीन को गिरफ्तार कर लिया, जबकि तबियत ठीक न होने से ससुर को छोड़ दिया। डीसीपी वेस्ट एमएस कासिम आबिदी ने बताया की आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ऑटो बुक करा औरैया से लाया

- नितिन के परिजनों के अनुसार रूबी जब ससुराल गई तो उसका वहां विवाद हुआ। इस पर उसने नितिन को फोन किया कि वह उसके साथ रहना चाहती है। आकर ले जाओ। इस पर नितिन कानपुर से ऑटो बुक कर उसे लेने गया था। रात के अंधेरे में रूबी अपने पूरे जेवर लेकर उसके साथ गुपचुप तरीक से चली आई थी। इसके बाद कुछ दिन लोगों से बचने के लिए किराए पर रहे। बाद में पनकी मंदिर में एक दुकान लेकर वहीं रहकरदुकान करने लगी।

### एक दिन कंबल में लपेट कर घर में रखा था शव

- पड़ोसियों के अनुसार रूबी ही नहीं उसका ससुर व जेठ भी दबंग हैं। इसलिए कोई बात नहीं करता था। 26 की रात में पति-पत्नी दोनों ने शराब पीकर विवाद किया था। लोगों के अनुसार रूबी दुकान पर बैठती थी और नितिन घर का काम करता था। लेकिन कई सालों में पहली बार 27 फरवरी को नितिन दुकान पर बैठा था, इसलिए लोगों को शक हुआ। उसके बाद उसी दिन रात में नितिन करीब दो बजे ठेला लेकर निकला था। उस पर कंबल में कुछ था और रूबी का शव भी कंबल में लिपटा मिला है। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि रूबी का शव एक दिन घर में ही लपेटकर रखा गया था। यहीं कारण है कि उसने सीसीटीवी फुटेज भी डिलीट कर दिया, लेकिन दूसरे कैमरे में कैद हो गया।

### औरैया में हुई थी रूबी की पहली शादी

- रूबी की पहली शादी छह साल पहले उसके परिजनों ने औरैया में की थी। परिवार में पिता तेज बहादुर, मां भूरा देवी, तीन बहनें आरती, ज्योति व सेजल हैं। शादी के बाद वह कुछ दिन ससुराल में रहीं। कलह होने पर वह मायके आकर रहने लगी और दादानगर में नौकरी करने लगी थी। वहीं उसकी मुलाकात नितिन से हुई। प्रेम प्रसंग होने पर वह उससे रजिस्टर्ड विवाह कर उसके साथ रहने लगी थी।

## सेंट्रल पर 10 लाख के गांजा संग तस्कर गिरफ्तार

**कानपुर।** सेंट्रल स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त चेकिंग अभियान के दौरान 10 लाख रुपये कीमत के गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। रविवार को सहायक सेनानायक आरपीएफ विवेक वर्मा, आरपीएफ प्रभारी सिद्धनाथ पाटीदार, जीआरपी प्रभारी ओमनारायण सिंह, आरपीएफ क्राइम ब्रांच के प्रभारी अजीत तिवारी के द्वारा मादक पदार्थ तस्करी की घटनाओं की रोकथाम, आगामी होली व रमजान पर्व के मद्देनजर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान स्टेशन के हैरिसगंज पुल के पास रेल पटरी के दाहिनी ओर एक अभियुक्त गुरप्रीत सिंह गुरु तेग बहादुर कालोनी राजपुरा जिला पटियाला पंजाब को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के पास एक ट्राली बैग बरामद हुआ जिसमें 8 किलो 140 ग्राम गांजा बरामद हुआ। जिसकी अनुमानित अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब दस लाख रू0 (10,00000) से अधिक है। अभियुक्त ने पुलिस को बताया कि उक्त गांजा उड़ीसा से लाया है और लखनऊ लेकर जाना चाहता था लेकिन पुलिस के हत्थे चढ़ गया।



गांजा के साथ गिरफ्तार तस्कर।





बैठक को संबोधित करते नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद।

# होली पर फैली गंदगी बजबजा रहीं नालियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सपा ने बैठक में लिया निर्णय सविनय अवज्ञा आंदोलन की होगी शुरुआत

**अमृत विचार।** होली के पर्व पर लाटूश रोड, बेनाझाबर, नेहरू नगर, जवाहर नगर, पी-रोड, सीसामऊ, कर्नलगंज, धनकुट्टी, तलाक मोहाल, सुतरखाना, कलक्टरगंज, फीलखाना, लाल कालोनी, जूही, बर्रा, दबौली, गुजैनी, रावतपुर, काकादेव, ग्वालटोली, परेड, जनरलगंज, पुराना सीसामऊ समेत दर्जनों मोहल्लों में काफी गंदगी फैली है और नालियां बजबजा रहीं हैं। भाजपा की मेयर सफाई के नाम पर केवल कागजों पर काम दिखा रही हैं, जबकि होली पर गंदगी से जनता काफी परेशान है। यह बातें नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहीं।

नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में रविवार को पदाधिकारियों, कार्यसमिति के सदस्यों, फ्रंटल संगठनों, वार्ड अध्यक्षों, 78 वार्ड प्रभारियों, विधानसभा अध्यक्षों और पीडीए प्रभारियों की मासिक बैठक हुई। अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि शहर में गंदगी और पानी की किल्लत है। दूषित पानी की आपूर्ति की जा रही है, जिसके कारण बीमारियां बढ़ रही हैं। लेकिन भाजपा इस ओर ध्यान न देकर अनदेखी का रवैया अपना रही है। तय हुआ कि मार्च के आखिरी सप्ताह में सरकार के खिलाफ जनसमस्याओं और महंगाई को लेकर सपा सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरुआत करेगी। प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, महासचिव संजय सिंह बंटी, नंदलाल जायसवाल, सुधांशु मिश्रा, शबाब अबरार, आनंद शुक्ला, परमवीर गंभीर, महेंद्र सिंह, रजत मिश्रा, अर्पित त्रिवेदी आदि थे।

# होली पर स्टाफ की छुट्टियां रद्द अस्पतालों में बेड आरक्षित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएमओ ने हैलट, उर्सला, केपीएम, कांशीराम अस्पताल के सीएमएस को दिए निर्देश

**अमृत विचार।** होली के त्योहार पर अगर किसी की तबीयत खराब होती है या कोई हादसे में घायल होता है तो उसे हैलट, उर्सला व कांशीराम संयुक्त अस्पताल में तुंरत इलाज मिलेगा। अस्पतालों में तैनात डॉक्टरों की छुट्टी रद कर दी गई है। डॉक्टरों के साथ ही स्टॉफ नर्स, फार्मासिस्ट व कर्मचारी भी मौके पर रहेंगे। जो ड्यूटी नहीं पहुंचेंगे, उनके खिलाफ अस्पताल प्रशासन द्वारा विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी को पत्र जारी कर स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी ने बताया कि हैलट में 30 बेड, उर्सला में 20 बेड, केपीएम में 10 बेड, कांशीराम संयुक्त चिकित्सालय में 10 बेड और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पांच-पांच बेड आरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं। वहीं, जिले के अस्पतालों में डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ की छुट्टी रद कर दी गई है। अस्पतालों में विशेष रूप से सर्जरी, आर्थो, मेडिसिन, नेत्र रोग, बाल रोग विभाग व ईएनटी विभाग के डॉक्टर अपनी टीम के साथ अलर्ट रहेंगे। ताकि अस्पताल आने वाले मरीजों को तुरंत इलाज मिल सके। वहीं, जो भी ड्यूटी से नदारत होगा, उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। 10 मार्च को गंगामेला तक यह व्यवस्था पूरी तरह से लागू रहेगी।

### हैलट इमरजेंसी में की गई व्यवस्था

- हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ. सौरभ अग्रवाल ने बताया कि इमरजेंसी में आर्थो व सर्जरी विभाग में तीन-तीन टीमें तैनात की गई है। एक टीम में छह डॉक्टर शामिल रहेंगे। इसी तरह नेत्र रोग, मेडिसिन विभाग और बाल रोग में डॉक्टरों की टीम इमरजेंसी में मुस्तैद रहेगी। इमरजेंसी में इलाज के बाद मरीजों को संबंधित वार्डों में रेफर किया जाएगा। उर्सला अस्पताल के प्रबंधक डॉ.फैसल नफीस ने बताया कि होली पर इमरजेंसी में तीन टीमें मौजूद रहेंगी। एक टीम में चार से पांच डॉक्टर रहेंगे। कुछ डॉक्टर ऑनकॉल भी रहेंगे।

## कुत्तों को भगाने पर चले लाठी-डंडे

**कानपुर।** गुजैनी के बी-ब्लाक में रविवार दोपहर घर के बाहर कुत्तों को भगाने पर शुरू हुए विवाद में पड़ोसियों के बीच लाठी-डंडे निकल आए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी पर कार्रवाई की है। बर्रा आठ बी-ब्लाक निवासी राहुल गुप्ता के अनुसार वह घर के बाहर खड़े कुत्तों को भगा रहे थे। तभी पड़ोस में रहने वाली एक महिला गाली-गलौज करने लगीं। विरोध करने पर महिला ने अपने परिजनों को बुला लिया और कुछ ही देर में बर्रा आठ निवासी प्रिंस तिवारी साथियों संग पहुंचकर राहुल और उनके पिता पर हमला बोल दिया। आरोप है कि हमलावरों ने दोनों को लाठी-डंडों से जमकर पीटा। शोर सुनकर लोगों ने बीच-बचाव कराया। थाना प्रभारी राजन शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर प्रिंस तिवारी का शांतिभंग में चालान किया गया है। जांच की जा रही है।

# स्कूल जाने की उम्र में थायराइड हो रहा बच्चों को

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिस उम्र में बच्चे स्कूल जाते हैं और उनका मानसिक व शारीरिक विकास होता है, उस उम्र में बच्चे अब थायराइड की बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। इसकी मुख्य वजह बचपन में ही ऑटोइम्यून सिस्टम का गड़बड़ाना है। थायरॉइड के लक्षण बच्चों में उम्र के अनुसार अलग-अलग हो सकते हैं। माता-पिता को ख्याल रखना जरूरी है। यह समस्या जन्मजात भी हो सकती है।

जीएसवीएसएस पीजीआई के एंडोक्रिनोलॉजी विभाग में प्रतिदिन 50 लोग थायराइड से ग्रस्त होकर पहुंच रहे हैं, जिनमे सात वर्ष से लेकर 14 वर्ष तक के बच्चे भी हैं। कम उम्र में ही बच्चों में यह बीमारी शारीरिक व मानसिक विकास को प्रभावित कर सकती है। उनको भविष्य में भी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की उप प्राचार्य व वरिष्ठ एंडोक्रिनोलॉजिस्ट डॉ.रिचा गिरी ने बताया कि अब बच्चों में भी थायरॉइड की समस्या देखी जा रही है। अगर समय रहते इसका इलाज न किया जाए तो ये बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है। बताया कि बच्चों में थायरॉइड की परेशानी जैनेटिक भी हो सकती है। समय से पहले पैदा होने पर भी बच्चे इस समस्या का शिकार हो सकते हैं। गर्भ में सही तरह से पोषण न मिल पाने पर थायरॉइड की समस्या हो सकती है।

### मेटाबॉलिज्म नियंत्रित करने के लिए जरूरी है

- डॉ.रिचा ने बताया कि थायरॉइड एक तितली के आकार की ग्रंथि है जो गले के आगे की ओर स्थित होती है। यह ग्रंथि कई महत्वपूर्ण हार्मोन्स बनाती है, जो शरीर के मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित करने के लिए जरूरी हैं। जब ये हार्मोन कम या ज्यादा बनने लगते हैं तो थायरॉइड की समस्या उत्पन्न होती है। लेकिन कुछ बातों का ध्यान रखकर थायरॉइड की समस्या से बचा जा सकता हैं। बताया कि यदि मस्तिष्क में स्थित पिट्यूटरी ग्रंथि सही संकेत नहीं देती है तो थायराइड कम सक्रिय हो सकता है।

### ऐसे करें बचाव

- डॉक्टर की सलाह पर नवजात स्क्रीनिंग टेस्ट कराएं।
- जन्म के तुरंत बाद टीएसएच और टी4 जांच कराएं।
- आयोडीन युक्त नमक का सेवन कराएं।
- बच्चे के विकास और व्यवहार पर नजर रखें।
- पहले से परिवारिक इतिहास होने पर विशेष सावधानी बरतें।
- बच्चों को संतुलित व पोषक आहार (विटामिन ए वडी, आयरन) से भरपूर आहार दें।

### इन लक्षणों को न करें बिल्कुल नजरअंदाज

- बच्चे का वजन तेजी से कम होना या बढ़ना।
- जल्दी थकना या जल्द ही बीमार होना।
- हड्डियां, बाल और दांतों का कमजोर होना
- त्वचा का सूखा और बेजान होना
- थायराइड ग्लैंड का साइज बढ़ना
- कब्ज, अपच जैसी पेट की समस्या बनी रहना
- आंखों में सूजन और सांस लेने में तकलीफ

# ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ की जान गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रेलबाजार में शराब के नशे में बाथरूम के लिए रेलवे लाइन के किनारे खड़ा अधेड़ ट्रेन की चपेट में आ गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

झकरकटी के सांई पुरवा निवासी 52 वर्षीय शंकर प्राइवेट नौकरी करते थे। परिवार में पत्नी गुड़िया, बेटा आकाश व बेटी काजल है। आकाश ने बताया की पिता शराब के लती थे। शनिवार देर रात भी नशे की हालत में आए थे। खाना खाकरसब लोग सो गए। देर रात करीब दो बजे वह बाथरूम के लिए उठे थे और नशे की हालत में ही रेलवे लाइन के किनारे चले गए। तभी गुजरी ट्रेन की चपेट में आकर उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह आसपास के लोगों ने रेलवे लाइन किनारे शंकर का शव पड़ा देखा तो परिजनों को सूचना दी। रेलबाजार थाना प्रभारी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## ऑनलाइन शॉपिंग से हो रहा नुकसान

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के निर्देश पर कानपुर ग्रामीण व्यापार मंडल के पदाधिकारी अकबरपुर लोकसभा सांसद देवेंद्र सिंह भोले से मिलकर ज्ञापन दिया। कहा कि ऑनलाइन शॉपिंग के अनियंत्रित विस्तार से छोटे व फुटकर व्यापारियों नुकसान और व्यापारियों को समस्या हो रही है। इस दौरान जिलाध्यक्ष राहुल शुक्ला, निर्भय रेजा, अतुल शुक्ला, रामराज पाल, बड़े सिंह चंदेल, पंकज अवस्थी, शील मिश्रा आदि पदाधिकारी रहे।

## फोर व्हीलर ने टू-व्हीलर को हराया



**कानपुर।** बृजेंद्र स्वरूप पार्क स्थित टीएसएच ग्राउंड में टू व्हीलर व फोर व्हीलर का क्रिकेट मैच हुआ, जिसमे पहले खेलते हुए फोर व्हीलर टीम ने 250 रन बनाए। जबकि टू व्हीलर टीम 235 रन पर ही ढेर हो गई। इस दौरान उप्र ओलंपिक एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ .रजत आदित्य दीक्षित समेत आदि रहे। • अमृत विचार

# मजदूरों के दो गुटों में मारपीट, तीन घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएम ग्रिड सड़क निर्माण में लगे मजदूरों में झड़प





**अमृत विचार।** किदवई नगर थानाक्षेत्र में सीएम ग्रिड सड़क निर्माण में लगे मजदूरों के दो गुटों के बीच शनिवार रात विवाद के बाद लाठी-डंडे और सरियों से हमला कर दिया गया, जिसमें तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर शांतिभंग में कार्रवाई की है, जबकि अन्य की तलाश की जा रही है। मूलरूप से फिरोजाबाद के शिकोहाबाद रामनगर निवासी नीरज कुमार ने बताया कि वह साथियों के साथ दो माह से निर्माण कार्य में लगा है। शनिवार दोपहर अर्जुन का मोहम्मदपुर निवासी ठेकेदार संजू कुमार से मामूली बात पर कहासुनी हो गई थी, जिसे लोगों ने शांत करा दिया था। आरोप है कि देर रात जब वह साथी मजदूरों के साथ थाने के पास सो रहा था, तभी संजू, उसका भाई पवन, ओमवीर व लेबर शैतान सिंह, अजीत, जीतू और 10-15 अज्ञात लोग लाठी-डंडे व सरिया लेकर पहुंचे और हमला कर दिया। मारपीट में अमित के दाहिने हाथ की हड्डी टूट गई और सिर पर 10 टांके आए, जबकि अर्जुन भी घायल हुआ। थाना प्रभारी धर्मेन्द्र राम ने बताया कि मौके से मोहम्मदपुर निवासी देवेन्द्र उर्फ टिंकू को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया गया है, अन्य की तलाश जारी है।

### गुजैनी पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी हिस्ट्रीशीटर को दबोचा

- **कानपुर।** गुजैनी पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी और बर्रा थाने से वांछित हिस्ट्रीशीटर मनोज सिंह को रविवार को हाईवे के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित बीते 17 नवंबर को बर्रा स्थित मैगी प्वाइंट पर हुई फायरिंग और उसी दिन बर्रा पांच में एक अधेड़ पर कार चढ़ाकर जान से मारने के प्रयास के मामले में फरार चल रहा था। डीसीपी दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि फायरिंग के बाद आरोपितों ने अधेड़ को कार से कुचलने की कोशिश की थी और परिवार के बचाने आने पर पथराव भी किया था। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बर्रा निवासी मनोज सिंह, उजाला सिंह, हर्ष द्विवेदी, विकास व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। एक आरोपित हर्ष द्विवेदी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। रविवार को मनोज के गुजैनी क्षेत्र में होने की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। सोमवार को उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण

जोनल अधिकारी का इस माह का वेतन रोकने के दिए निर्देश

# नगर आयुक्त को मिली गंदगी, अतिक्रमण और बेतरतीब दुकानें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** होली के पर्व पर शहर में सफाई व्यवस्था बदहाल है, जिसकी जानकारी तब हुई जब नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय खुद टीम के साथ रविवार को शहर के भ्रमण पर निकले। उनको कई जगहों पर गंदगी फैली मिली। अअतिक्रमण मिला और बेतरतीब ढंग से दुकानें सजी मिली, जिनकी वजह से यातायात प्रभावित हो रहा था। इसके अलावा उनको गड्ढे नजर आए और शौचालय भी बंद मिला।

नगर आयुक्त ने रविवार को कंपनीबाग चौराहे से यूपी सीडा गेस्ट हाउस के बाहर नवाबगंज, विष्णुपुरी, आजाद नगर, कर्बला चैराहा, वीवीएसडी कालेज, पं. दीनदयाल उपाध्याय इंटर कालेज समेत आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया। साथ में मुख्य अभियंता जैदी, जोनल अभियंता आरके सिंह, जोनल स्वास्थ्य अधिकारी-6 विजय शंकर शुक्ला व आदि अधिकारी रहे। कंपनी बाग चौराहे से नवाबगंज थाना वाली सड़क के साइट पटरी पर नगर आयुक्त को गड्ढे मिले, यहां केबिल डालने का कार्य पूरा होने के बाद कूड़ा जगह-जगह एकत्र मिला। फल की दुकानें आड़े-तिरछे लगी थी, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा था। साथ ही जगह-जगह सीएंडडी वेस्ट भी काफी मात्रा में पाए गए। निर्देश दिया कि कंपनीबाग चैराहे के यूपीसीडा होते हुए नवाबगंज तक सड़क के दोनों ओर इंटरलॉकिंग कार्य जल्द पूरा कराया जाए, यूपी सिडा गेस्ट हाउस से पहले उन्हें शौचालय पूर्ण रूप से बंद मिला। जोनल स्वास्थ्य अधिकारी ने संबंध में बताया कि पानी की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण शौचालय बंद है। इसपर उन्होंने तत्काल पानी की नई लाइन डालने व शौचालय में टंकी लगाकर पानी की आपूर्ति करने के निर्देश दिए। विष्णपुरी के सामने मिले सीएंडडी वेस्ट व कूडा को हटाये जाने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान निर्देश देते नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय। अमृत विचार



मौके पर पड़ी गंदगी, मानो कई दिनों से नहीं हुई सफाई। अमृत विचार

### फुटपाथ पर कब्जा

- नगर आयुक्त को विष्णुपुरी मुख्य मार्ग, नवाबगंज मुख्य मार्ग व आजाद नगर में अतिक्रमण मिला। कुछ जगह दुकानदारों द्वारा अनावश्यक रूप से फुटपाथ घिरा मिला, जिसके जिसके कारण राहगीर सड़क पर चलने के लिए बाध्य है। निर्देश दिए कि इन मार्गो पर सप्ताह में कम से कम दो दिन प्रत्येक दशा में अतिक्रमण अभियान चलाया जाए। दुकानदारों से यूजरचार्ज की वसूली की जाए। नगर आयुक्त के मुताबिक जगह-जगह काफी गंदगी मिलने पर जोनल स्वास्थ्य अधिकारी विजय शंकर का इस माह के वेतन अग्रिम आदेशों का रोका है।

## सिटी ब्रीफ

### मेस्टन रोड पर बिजली हुई गुल

**कानपुर।** मेस्टन रोड में रविवार को एचटी लाइन उतारने की वजह से सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक बिजली गुल रही। जबकि आनंदपुरी में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक, टाटमिल में सुबह सात बजे से शाम को करीब चार बजे तक बिजली नहीं रही, जिसकी वजह से क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### 201 लोगों ने किया रक्तदान

**कानपुर।** गंगाबैराज स्थित वोट क्लब में संकल्प सेवा समिति और जिला गंगा सुरक्षा समिति ने रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने बताया कि शिविर में 201 लोगों ने रक्तदान किया और उन्होंने अन्य लोगों को भी रक्तदान के प्रति प्रेरित किया। यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए रक्तदाताओं को हेलमेट वितरित किए गए। इस दौरान अनिल सिंह, डॉ.लोकेंद्र सिंह, आरएन कटियार आदि रहे।

### डॉक्टरों के आज दर्ज होंगे बयान

**कानपुर।** हैलट अस्पताल में डॉक्टरों व सुरक्षा गार्ड के बीच हुई झड़प व मारपीट की जांच शुरू हो गई है। वीडियो में के आधार पर पांच निलंबित डॉक्टरों के बयान सोमवार को दर्ज किए जाएंगे। क्योंकि अभी तक सुरक्षा गार्डों ने ही अपना पक्ष प्रमुख अधीक्षक डॉ.सौरभ अग्रवाल के सामने रखा है, जबकि डॉक्टर सामने नहीं आए हैं। मामले में पांच डॉक्टर चिन्हित कर उनको निलंबित कर दिया गया है, जो आज अपना बयान देंगे।

# खामेनेई की मौत पर मातम, शियाओं में तीन दिन सोग

## शिया जामा मस्जिद में मजलिस हुई, अमेरिका-इजरायल को कोसा गया, शहादत पर कहा, हमारे लीडर थे और हमेशा रहेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के मौत की खबर मिलते ही शहर में शोक की लहर दौड़ गई। मस्जिदों समेत अन्य क्षेत्रों में मजलिस हुई, मातम किया गया। इस दौरान आंसू छलकते रहे। उनकी मौत पर शिया समुदाय में तीन दिन तक सोग मनाया जाएगा।

रविवार को ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई की शहादत की खबर सुनकर शहर के शिया समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई। इस सिलसिले में एक मजलिस का आयोजन शिया जामा मस्जिद जूही में किया गया। इस मौके पर नायाब आलम, मोहम्मद जकी, शारिब अब्बास, सादिक रिजवी, अली अब्बास आदि मौजूद रहे। इस मौके पर शिया ओलेमा बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना नसीम अब्बास ने कहा की अली खामेनेई ने अपनी पूरी जिंदगी मजलूमों की हिमायत और जालिम ताकतों से लोहा लेने में गुजार दी। हमें उनकी शहादत पर गर्व है, वो हमारे लीडर थे और हमेशा हमारे लीडर रहेंगे। शिया ओलेमा बोर्ड के महासचिव मौलाना अलमदार हुसैन ने कहा की अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई की शहादत पर तीन दिनों का सोग मनाया जाएगा। ऑल इंडिया शिया युवा यूनिट के महासचिव नायाब आलम ने कहा की खामेनेई सादगी भरी जिंदगी जीने के लिए जाने जाते थे।



शिया जामा मस्जिद जूही में मजलिस हुई। अमृत विचार



खानकाह हुसैनी कर्नलगंज में बैठक। अमृत विचार

### खामेनेई की शहादत को सलाम

- खानकाहे हुसैनी के खादिमों की एक बैठक खानकाहे हुसैनी कर्नलगंज में हुई जिसमें ईरान के सुप्रीम लीडर की शहादत को सलाम कर खिराज ए अकीदत पेश किया गया। खादिम खानकाहे हुसैनी इखलाक अहमद डेविड चिश्ती ने कहा सैय्यद अली खामेनेई एक बुजुर्ग मुजाहिद 86 साल की उम्र में हक की आवाज बुलंद करते करते शहीद हो गये। बैठक व दुआ में हाफिज मोहम्मद अरशद वास्ती, हाफिज मोहम्मद कफील, हाफिज मोहम्मद गुफरान, फाजिल चिश्ती, मोहम्मद वसीम, जमालुद्दीन फारुकी, परवेज आलम वारसी, मोहम्मद मुजम्मिल, एजाज रशीद, शमशुद्दीन फारुकी, खादिम खानकाहे हुसैनी अफजाल अहमद आदि मौजूद रहे।

### ईरान में तालीम ले रहे छात्रों के घरों में बेचैनी

- शहर के शिया समुदाय के दर्जनों छात्र ईरान के विभिन्न मदरसों में तालीम हासिल कर रहे हैं, ऐसे छात्रों के परिजन परेशान हैं और अपने बच्चों की खैरियत पल पल ले रहे हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत ये है कि ऐसे छात्र अब ईरान से यहां आ भी नहीं पाएंगे क्योंकि ईरान में जंग के कासारी फ्लाइट बंद हैं। लोग अपनों को फोन करते रहे और सुरक्षित स्थान पर जाने की सलाह देते रहे। इतना ही भारतीय दूतावास के संपर्क में आने के लिए भी कहते देखे गए। हर कोई इस बात के लिए बेचैन दिखा कि अब खाड़ी देशों में क्या हो रहा है। तमाम घरों में तो लोग देर तक तक टीवी से चिपके रहे। साथ ही अल्लाह से युद्ध रुकने की दुआ भी करते रहे।

# मक्का में इबादत को जाने वाले अधर में, फ्लाइट को लेकर फंसे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रमजान के आखिरी अशरा में खान-ए-काबा में इबादत करने का सवाब (पुण्य) एक हजार गुना अधिक मिलता है। इस लिए लाखों की संख्या में लोग मक्का पहुंचते हैं और अपने शहर से भी सैकड़ों लोग रमजान में मक्का पहुंचते हैं।

कानपुर महानगर, कानपुर देहात के सैकड़ों मुसलमान खान-ए-काबा पहुंच चुके हैं, जबकि बड़ी संख्या में लोगों जाने को तैयार हैं। कानपुर से एक ग्रुप की फ्लाइट कल और दूसरे ग्रुप की फ्लाइट मंगलवार को है, इस ग्रुप जाने वाले पशोपेश में हैं क्योंकि कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट और दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट ईरान के मिसाइल हमलों के बाद बंद कर दिया गया है। फिलहाल अभी मक्का, जद्दा और मदीना की फ्लाइट जा रही हैं, वह भी सिर्फ सऊदी एयरलाइंस की, बाकी सारी फ्लाइट बंद हो चुकी हैं, ऐसे में खान-ए-काबा जाने वाले दहशत में हैं क्योंकि ईरान के द्वारा किये जा रहे लगातार हमले से लोग दहशत में हैं।

### फ्लाइट जब 4 घंटे उड़ान भर ले, तभी नीयत करें

- हज कमेटी के पूर्व हज के मास्टर ट्रेनर हाजी शारिक अलवी का कहना है कि फ्लाइट जब 4 घंटे की उड़ान भर ले, तभी रमजान में जाने वाले रोजेदार उमरा की नीयत करें क्योंकि फ्लाइट यदि कैंसिल हो गयी और आपने उमरा की नीयत कर ली है तो उसके एवज में बकरे की कुर्बानी देना पड़ेगी।

# खाड़ी में हजारों कनपुरिये, ईद पर कैसे आएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चमनगंज, बेकनगंज, बाबूपुरवा, मछरिया के हजारों युवक कर रहे काम
- कई युवक परिवार के साथ वहां रहते, ईद पर आने का टिकट करा चुके

**अमृत विचार।** ईरान द्वारा दुबई, कुवैत, यूएई समेत विभिन्न देशों पर किये जा रहे अटैक से दहशत है। कानपुर के हजारों युवक खाड़ी देशों में नौकरी कर रहे हैं। ऐसे युवकों को परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। कई ऐसे युवक हैं जिन्होंने रमजान में कानपुर आने के लिए फ्लाइट की बुकिंग करा रखा है लेकिन अब फंस गये हैं क्योंकि कई इंटरनेशनल एयरपोर्ट बंद हैं।

कानपुर के चमनगंज, बेकनगंज, बाबूपुरवा, मछरिया, बेगमपुरवा, कर्नलगंज, कुलीबाजार, जाजमऊ समेत दर्जनों इलाके ऐसे हैं, जहां के युवक रियाद, जद्दा, दुबई, कुवैत, यूएआई, शारजाह समेत विभिन्न देशों में काम कर रहे हैं। ऐसे युवकों को घर आने की इजाजत दो साल में एक बार मिलती है। ऐसे युवक रमजान का इंतजार करते हैं कि ईद पर दो महीने के लिए घर आ जाएंगे लेकिन इस बार ईरान जंग के चलते बुरे फंस गये हैं। ऐसे लोगों के परिजन परेशान हैं। बाबूपुरवा निवासी अकीला बेगम का बेटा इरफान कुवैत में हैं, जिनका कहना है कि कल से पूरे घर में किसी को नींद नहीं आ रही हैं, बेटा भी वहां परेशान हैं, उसका कहना है कि फ्लाइट बंद है तो कैसे आ जाएं। इसी प्रकार फहीमाबाद निवासी मुन्ना परिवार के साथ शारजाह में रहते हैं, वह भी डर के मारे वहां से आने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं।



पुस्तक का विमोचन करते अतिथि। अमृत विचार

## चुनौतियों का सामना करना सिखाती नूर-ए-सफर

**कानपुर।** जनवादी लेखक संघ और जनमानस फाउंडेशन ने नूर-ए-सफर पुस्तक पर परिचर्चा का आयोजन किया, जिसमें पुस्तक लेखक नूर इदरीसी का सम्मान क्रांतिकारी गया प्रसाद कटियार के परिवार ने किया। वरिष्ठ अधिवक्ता सईद नकवी ने कहा कि नूर-ए-सफर एक प्रेरणादायक पुस्तक है, जो नूर इदरीसी के जीवन के संघर्षों और उपलब्धियों को दर्शाती है। अनीता मिश्रा ने कहा कि यह पुस्तक पाठकों को उनके जीवन के अनुभवों से सीखने का अवसर प्रदान करती है। राजेश अरोड़ा ने कहा कि पुस्तक जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रोत्साहित करती है। देव कबीर ने कहा कि पुस्तक जीवन में चुनौती का सामना करना सिखाती है। क्रांति कटियार अध्यक्ष प्रो.बृजेश सिंह, प्रखर श्रीवास्तव, अनुराग अवस्थी, बृजभूषण सिंह परिहार, वालेंद्रु कटियार, अब्दुल हमीद इदरीसी समेत आदि मौजूद रहे।

## मकान देखने गई महिला से मारपीट

**कानपुर।** गुजैनी में अपना मकान देखने गई महिला से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

बर्रा-आठ वरुण विहार निवासी अरुण कुमार की पत्नी प्रभा का आरोप है कि वह अपना मकान देखने गई थीं। तभी वहां मौजूद रमाशंकर की बेटी सिपाली और पत्नी रीता श्रीवास्तव ने तीन-चार महिलाओं के साथ गाली-गलौज की। कहासुनी बढ़ने पर सभी ने मिलकर लाठी-डंडों से पीटा व जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी राजन शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# सिरकी मोहाल मौला अली मस्जिद में कुरआन पाक का दौर मुकम्मल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जश्ने तक्मीले कुरआन का जलसा आयोजित हुआ

**अमृत विचार।** सिरकी मोहाल स्थित मस्जिद मौला अली में हाफिज अब्दुल अहद ने तरावीह मे कुरआन पाक का दौर मुकम्मल किया इस मौके पर जशने तक्मीले कुरआन का जलसा हुआ जिसकी सदारत तंजीम बरेलवी उलमा-ए-अहले सुन्नत के सदर हाफिज व कारी सैयद मोहम्मद फैसल जाफरी ने की।

इस मौके पर मौलाना तहसीन रजा कादरी ने खिताब करते हुए कहा कि कुरआन पाक चार आसमानी किताबों में एक किताब है जो पैगंबर मोहम्मद साहब पर नाजिल हुई। इस किताब में हर चीज का जिक्र है इसका सुन्ना और सुनाना या देखना ये सब इबादत है। मुसलमानो को चाहिए कि वह अपने बच्चों को इल्म-ए-दीन हासिल कराएं और दुनियावी तालीम भी हासिल कराएं जब इल्म होगा तभी कामयाब नजर आएंगे। मौलाना ने कहा कि माहे रमजान का पहला अशरा रहमत वाला खत्म और दूसरा अशरा मगफिरत वाला शुरू हो गया है। संचालन मस्जिद के पेशइमाम मौलाना हबीबुर्रहमान ने की। मौलाना मोहम्मद फारूक, तौसीफ रजा ने नातिया कलाम पेश किया। जलसा सलात-ओ-सलाम व दुआ के साथ खत्म हुआ। जलसे के बाद शीरनी तकसीम हुई। मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सदर मोहम्मद रईस पहलवान ने मेहमानो का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर हाफिज मोहम्मद वसीम, हाफिज आमिर अजहरी, बब्लू भाई, गुड्डू भाई, सगीर अहमद, हयात जफर हाशमी, जावेद मोहम्मद खान, मुजाहिद खान, मोहम्मद ईशान आदि मौजूद थे।

# आपत्तिजनक पोस्ट पर करें कार्रवाई, डीसीपी को ज्ञापन

**कानपुर।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कानपुर बार एसोसिएशन व अधिवक्ताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के मामले में अधिवक्ता ऋषभ अवस्थी ने डीसीपी साउथ को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है।

उनका आरोप है कि 28 फरवरी को एक्स पर कुछ यूजर आईडी से बार एसोसिएशन और अधिवक्ताओं के खिलाफ अभद्र व अशोभनीय शब्दों का प्रयोग करते हुए पोस्ट साझा की है। जिससे अधिवक्ता समुदाय की छवि धूमिल हुई। अधिवक्ता समुदाय में रोष है।

ज्ञापन में बताया गया कि 27 फरवरी को बार पार्क में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ था। जिसके बाद सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डाली गई। अधिवक्ता ने संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है तथा मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

**सूचना**

मेरे मुवक्किल प्रेमचन्द्र पुत्र राम आसरे के भवन स्थित भूमि नं0–272 मि0 मौजा सैयद अब्बासपुर परगना, तहसील व जिला उन्नाव का मूल बैनामा कार्यालय उपनिबन्धक सदर उन्नाव में बही संख्या–1, जिल्द संख्या 12582 के पृष्ठ 289 से 308 तक क्रमांक 5947 पर दिनांक–09/05/2018 को दर्ज है। दिनांक–15/02/2026 वास्तव में खो गया। इसका किसी भी प्रकार का उपयोग गैर कानूनी होगा। **शिवांशु अवस्थी (एडवोकेट), सिविल कोर्ट कम्पाउण्ड, प्रथमतल, गेट–4, कानपुर नगर मो0–7355498033**

**सूचना**

भवन संख्या–116ए/492, आनन्द नगर, रावतपुर, कानपुर को स्वामी श्री मनोज कुमार द्वारा हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेन्स लि0 में बंधक हेतु प्रस्तुत किया है जिसके मूल बैनामें के अन्तिम पृष्ठ जो सब रजिस्ट्रार कार्यालय कानपुर में दस्तावेज नम्बर–59889 पर दिनांक–21/12/1989 कहीं खो गया है। उक्त सम्पत्ति पर यदि किसी को सत्व/दावा हो तो 7 दिवस के अन्दर सम्पर्क करें, अन्यथा उक्त सम्पत्ति को बंधक स्वीकार कर लिया जायेगा। **शिवेन्द्र अवस्थी (एडवोकेट) चेम्बर नं0–24, बाबू लाल अधि0 भवन सिविल कोर्ट, कानपुर, मो0–9335063025**

# कांग्रेस के रोजा इफ्तार में विश्व शांति के लिए दुआएं की गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सभी धर्मों के लोगों ने शिरकत करके दिया सौहार्द का पैगाम
- ईरान में शांति स्थापित हो, युद्ध खत्म होने की दुआ

**अमृत विचार।** कांग्रेस मुख्यालय तिलक हाल में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया जिसमें सभी धर्मों के लोगों ने शिरकत की। खजूर से इफ्तार करने के उपरांत ईरान समेत विश्व शांति के लिए दुआएं की गईं।

कानपुर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन गुप्ता की अध्यक्षता में रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही ईरान में शांति स्थापित हो, युद्ध खत्म हो, इसके लिए भी दुआ प्रार्थना की गई।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोजेदारों के अलावा कानपुर शहर के कांग्रेस नेता, गणमान्य नागरिक, उलेमा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता कर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।

रोजेदारों ने खजूर और पानी से इफ्तार किया। सभी ने विशेषकर ईरान युद्ध में जानमाल का नुकसान न हो इस बात के लिए भी प्रार्थना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुहेल अंसारी, हाजी मलिक अहमद उल्लाह, सय्यद तौफीक अहमद, काजी समीउल हक, हरप्रकाश अग्निहोत्री, आलोक मिश्रा, सैमुअल लकी सिंह, मदन मोहन शुक्ला, संजीव दरियाबादी, नौशाद आलम मंसूरी, इकबाल अहमद, निजामुद्दीन खां, श्याम देव सिंह, शंकर दत्त मिश्रा, अतहर नईम तुफैल अहमद खान, मोहम्मद अमीम, उरूज खान आदि थे।



तिलक हाल में कांग्रेस का रोजा इफ्तार हुआ। अमृत विचार

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

पहले मेरा नाम KHAN ALIAS SALEEM HAFIZ MOHAMMAD NAZAR था अब मै अपना बदलकर MOHD NAZAR KHAN रख लिया हूँ। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। MOHD NAZAR KHAN S/0-ALI NAZAR KHAN ADD-CHOWK JAMA MASJID IMAM PURANPUR PILIBHIT

**सूचना**

पहले मेरा नाम VASEE ROON NISA था अब BASHIRUN NISHA रख लिया है। भविष्य मे मुझे BASHIRUN NISHA के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-RAFEEQUL ISLAM ADD-KASBA DEVGAON POST-AND-PS-DEVGAON DIST-AZAMGARH-276201 (U.P.)

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि **ज्ञानमती पत्नी शीतला प्रसाद निवासी ग्राम बभनपुर ब्लाक छतोह परगना रोखा तहसील सलोन जिला रायबरेली** का नाम आधार कार्ड में ज्ञानमती पत्नी शीतला प्रसाद है परन्तु त्रुटिवश रिलायन्स निफोन लिमिटेड बीमा के दस्तावेज में ज्ञानवती पत्नी शीतला दीन हो गया है, ज्ञानमती पत्नी शीतला प्रसाद व ज्ञानवती पत्नी शीतला दीन दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है।

**सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD HASIN KHAN से बदल कर MOHD HASIN KHAN कर लिया है। भविष्य में मुझे MOHD HASIN KHAN पुत्र AMIULLAH KHAN नाम से जाना व पहचाना जाए। **मो0 हसीन खान पुत्र अमीउल्लाह खान निवासी राम नगर गनसियारी पोस्ट मऊ आइमा जिला प्रयागराज**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Iliyas Beg से बदलकर Mirza Iliyas Beg रख लिया है। भविष्य में मुझे Mirza Iliyas Beg S/O Mirza Afsar Beg के नाम से जाना व पहचाना जाए। 477/30 KA, Reti Mohalla, Khadra, Nirala Nagar, Lucknow

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Akancha Pandey से बदलकर Akanksha Pandey रख लिया है। भविष्य में मुझे Akanksha Pandey D/O Arun Kumar Pandey के नाम से जाना व पहचाना जाए। H.NO-80/5, MAKBAR GANESHGANJ, AYODHYA

**सूचना**

मै **कुसुमलता पत्नी कैलाश चन्द्र गुप्ता, निवासी–मोहल्ला ब्रह्मणी टोला कस्बा, परगना व तहसील फतेहपुर, जिला बाराबंकी,** अपने पुत्र नितिन गुप्ता के व्यवहार, क्रिया कलाप शुरूआत से अच्छे नही रहे है इसलिए मैने उसे अपने जीवन काल में ही घर एवं समस्त लेन देन से अलग कर दिया था तब से मेरा उपरोक्त पुत्र से कोई सम्बंध नहीं रहा है। वह आये दिन मुझे व समस्त घर परिवार को छिन्न–भिन्न कर देने की धमकी देता है। जिससे मै व मेरी पुत्रिया बहुत ही परेशान है। उसके इन क्रिया कलापों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब हमारा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।



बैठक को संबोधित करते अरुण पाठक। अमृत विचार

## पाठक ने की एसआईआर की समीक्षा

**कानपुर।** एमएलसी अरुण पाठक ने एसआईआर को लेकर रविवार को शहर में स्नातक मतदाताओं की जगह- जगह बैठक की। उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण के कार्य के संबंध में उनसे चर्चा की और दिक्कतें पूछीं। उन्होंने गोविंद नगर, श्याम नगर समेत आधा दर्जन स्थानों पर बैठकों में हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रदीप मोहन चौधरी, राजेश श्रीवास्तव, संजय निगम, राजीव श्रीवास्तव, पंकज, समीर विश्नोई, संतोष यादव आदि रहे।

**भाजपा** | जिला कमेटी में आठ उपाध्यक्ष, तीन महामंत्री, आठ मंत्री और एक कोषाध्यक्ष बनेंगे

# ओहदेदारों के नाम लिफाफे में, घोषणा नवरात्र पर

विशेष संवाददाता, कानपुर

- कोर कमेटी ने लगभग तय कर दिए हैं नाम, सांसद, विधायक और महापौर से भी हुआ विचार-विमर्श, जातीय समीकरण का भी ध्यान

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के जिला पदाधिकारी लगभग तय हो गए हैं। बंद लिफाफा आज (सोमवार) प्रदेश नेतृत्व को भेजा जा सकता है। उम्मीद है कि नवरात्र में कमेटियां घोषित कर दी जाएंगी।

कानपुर जिले को संगठन के दृष्टिकोण से तीन जिलों में बांटा गया है। कमेटियों के गठन के लिए जिला स्तर पर कोर कमेटियां बनाई गईं थीं। इसमें ज़िलाध्यक्ष, निवर्तमान जिलाध्यक्ष, सांसद, विधायक और महापौर को रखा गया है। सूत्र बताते हैं कि विचार विमर्श के बाद कोर कमेटी ने नाम तय कर दिए हैं। कुछ पदों पर एकमत नहीं बना तो उन्हें होल्ड किया गया है। बताते हैं लगभग पूरी कमेटी पर सहमति बन गई है। इस कमेटी में सांसद और क्षेत्रीय अध्यक्ष का प्रभाव दिखेगा। मंडल के कुछ बेहद सक्रिय पूर्व पदाधिकारियों को भी समायोजित किया जा रहा है। कई नए चेहरे जरूर दिखेंगे। कानपुर जिले के तीनों अध्यक्ष अपने खास को स्थान दिलाने में कामयाब हुए हैं। जातीय समीकरण साधे गए हैं। यूजीसी पर बवाल के बाद ब्राह्मण चेहरों को खास तरज़ीह दी गई है, लेकिन पिछड़े वर्ग के अलावा अनुसूचित जाति जनजाति का भी पर्याप्त ध्यान रखा गया है।

### जिला कार्यकारिणी में 30 महिलाएं

- कुल 90 की जिला कार्यकारिणी में 30 महिलाएं होंगी। इसमें एक महिला को महामंत्री, दो महिलाओं को उपाध्यक्ष और तीन को मंत्री बनाया जा सकता है। बाकी को सदस्य के रूप में समायोजित किया जाएगा। कमेटी के 20 मुख्य पदाधिकारियों में पिछड़े और अनुचूचित जाति का पर्याप्त समायोजन किया जा रहा है। यह भी तथ्य है कि आईटी, सोशल मीडिया और मीडिया सेल में समाज से जुड़े काबिल और भाजपा कॉडर के कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है। 2 मार्च तक कमेटियों का बंद लिफाफा प्रदेश नेतृत्व को भिजवाना है।

### विशेष आमंत्रित सदस्य भी

- कमेटी में 15 विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए जा सकते हैं। इसमें ऐसे नेताओं को लिया जाएगा, जो अनुभवी, सक्रिय और समाज से जुड़े हों। उनकी छवि अच्छी हो और पार्टी के लिए बेहद उपयोगी हों। भाजपा की जिला कमेटियां पांच साल बाद बन रही हैं। खास बात यह कि ज़िलाध्यक्ष तो दो बार बदल गए, लेकिन कमेटियां नहीं बन पाई थीं।

## सिटी ब्रीफ

### भोले मोरक्को संसदीय मैत्री समूह के सदस्य


सांसद देवेंद्र सिंह भोले

**कानपुर।** सांसद देवेंद्र सिंह भोले को मोरक्को संसदीय मैत्री समूह का सदस्य नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा निरंतर बढ़ रही है, और उसी कड़ी मंर उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने क्षेत्र और देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया गया है।

### होली उत्सव में उड़ा रंग-गुलाल

**कानपुर।** बाल भवन फूलबाग कानपुर में श्री रामनवमी महोत्सव सीमित शिवाला की ओर से होली उत्सव मनाया गया। इस दौरान एक दूसरे से गले मिलकर गुलाल लागकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम में विधायक अभिताभ बाजपेयी व सीमित के सदस्यों ने भजनों के बीच फूलो की होली भी खेली। राधा आई सखियां आई लेकर रंग गुलाल काले काले कान्हा को कर दिया लाल व वृंदावन में उड़े रे गुलाल का दो राधा रानी से जैसे भजनों में उत्साह रहा। कार्यक्रम में डा. सुमन्त गुप्ता, भूपेन्द्र गर्ग, दीप कुमार ओमर, विनोद गुप्ता, ज्ञानेन्द्र विश्नोई, अजय गुप्ता, आकाश ओमर, शिवम गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

### स्टाल को दूसरा स्थान हासिल हुआ

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के निदेशक प्रसार डॉ वीके त्रिपाठी ने बताया कि प्रसार निदेशालय द्वारा बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बांदा में आयोजित तीन दिवसीय उत्तर क्षेत्रीय किसान मेले में लगाए गए स्टॉल में कृषि की नवोन्मेषी तकनीकियों को प्रदर्शित किया गया। सीएसए के स्टॉल को शानदार प्रदर्शन के लिए द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह स्टॉल उन्नत कृषि तकनीकियों और सरकारी योजनाओं के बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है।

### ससुरालीजनों पर दर्ज किया मुकदमा

**घाटमपुर।** बीती 27 फरवरी को सजेती थाना क्षेत्र के अज्योरी गांव में प्रेम विवाहिता घर में फांसी के फंदे में लटकती मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। वहीं नम्रता उर्फ सोना के पिता अशोक कुमार ने सजेती थाना में शिकायत पत्र देते हुए आरोप लगाया कि उनकी बेटी की हत्या उसके पति सूरज और उसके परिवार के सदस्यों ने मिलकर की है। बताया नम्रता ने 7 मई 25 को सूरज निषाद से प्रेम विवाह किया था, लेकिन शादी के बाद से ही नम्रता को उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा था। नम्रता ने कई बार अपने परिवार से उत्पीड़न की शिकायत बताई थी, 27 फरवरी को नम्रता की हत्या कर दी गई और उसके शव को फांसी के फंदे से लटका दिया गया हैं। पिता ने शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

### कुशवाहा समाज का सम्मान समारोह

**कानपुर।** कुशवाहा समाज कानपुर नगर द्वारा एमआईजी 9 रतनपुर में स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि भारत विश्व गुर के रुप में दिखाई दे रहा है।

# आज रात 12:50 से 2:02 मिनट तक होलिका दहन

## 3 मार्च को चंद्र ग्रहण पड़ रहा, सुबह 9.20 बजे से लग जाएगा सूतक, 4 मार्च को देशभर में खेला जाएगा रंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ज्योतिषाचार्यों ने 2 मार्च की रात 12:50 से 2:02 मिनट तक होलिका दहन का मुहूर्त बताया है। 4 मार्च को होली खेली जाएगी।

ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि 2 मार्च की अर्धरात्रि के बाद 12 बजकर 50 मिनट से 2 बजकर 02 मिनट के बीच होलिका दहन का श्रेष्ठ समय रहेगा। 3 मार्च को चंद्रग्रहण 3 बजकर 20 मिनट से लेकर शाम 6 बजकर 46 मिनट तक लगेगा। सूतक सुबह 9 बजकर 20 मिनट से लागू होगा। 4 मार्च को ही पूरे देश में रंगोत्सव के रूप में होली मनाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि शास्त्रीय गणना के अनुसार 2 मार्च को अर्द्धरात्रि के बाद भद्रा के पुच्छकाल में होलिका दहन करना उचित और शास्त्रसम्मत रहेगा। इस दौरान परंपरागत विधि-विधान से होलिका पूजन कर सकते हैं। धर्म ग्रंथों के अनुसार होलिका दहन के लिए पूर्णिमा तिथि, भद्रा मुक्त समय और रात्रि काल का होना जरूरी माना जाता है। इस बार भद्रा पूरी रात रहने के कारण उसके पुच्छ काल में ही दहन करना शास्त्र अनुसार शुभ बताया गया है। फाल्गुन पूर्णिमा 2 मार्च की शाम 5:55 बजे से प्रारंभ हो रही है और इसका समापन 3 मार्च को शाम 5:07 बजे होगा। लेकिन पूर्णिमा लगते ही भद्रा का प्रवेश होने से होलिका दहन के मुहूर्त में बदलाव रहेगा। शास्त्रों में भद्रा के मुख काल में होलिका दहन वर्जित बताया गया है, जबकि पुच्छ काल को अशुभ नहीं माना गया है। ऐसे में 2 मार्च की अर्धरात्रि के बाद 12 बजकर 50 मिनट से 2 बजकर 02 मिनट (3 मार्च की सुबह) के बीच होलिका दहन का श्रेष्ठ समय रहेगा।


जगह-जगह होलिका सज गई हैं। अमृत विचार


होलिका के मुखौटे भी बिक रहे हैं। अमृत विचार

### बेकनगंज में सौहार्द की होली

- बेकनगंज स्थित दादामियां चौराहा पर सौहार्द की होलिका दहन किया जाएगा। इस हालिका दहन की खासबात यह है कि इस होलिका को मुस्लिम समाज के लोग सजाते हैं। इस आयोजन में पम्मी गुप्ता, विजय कुमार भाटिया, शहिद अजीज, मुस्तफा तारिक, कासिम हसन, नूर मोहम्मद, सैयद नजम, पप्पू, जाकिर हसन, मोहम्मद सलीम अंसारी, इरफान अंसारी और इलाके के कई लोग शामिल हैं।

### 4 को चलेगा झमाझम रंग

- 3 मार्च को चंद्रग्रहण लग रहा है, यह ग्रहण 3 बजकर 20 मिनट से लेकर शाम 6 बजकर 46 मिनट तक लगेगा। भारत में ग्रहण चन्द्रोदय के साथ शाम 6 बजकर 14 मिनट से शुरू होगा और 6 बजकर 46 मिनट पर समाप्त होगा। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक ग्रहण से करीब 9 घंटे पहले सूतक काल प्रारम्भ हो जाता है। यानि सुबह 9 बजकर 20 मिनट से सूतक लगेगा। सूतक काल में किसी भी प्रकार का शुभ कार्य या उत्सव करना मना होता है। इसलिए रंगोत्सव करना शास्त्र सम्मत नहीं है, इसके चलते 3 मार्च को होली नहीं खेली जाएगी। चंद्रग्रहण और सूतक की वजह से 4 मार्च को रंगों का त्योहार मनाया जाएगा।

### गौशाला सोसाइटी का कारोबार बढ़ा

- कानपुर गौशाला सोसाइटी का ईको फ्रेंडली होलीके कारोबार में इस बार इजाफा हुआ है। सोसाइटी के उपसभापति सुरेश गुप्ता ने बताया कि इस बार शहर की 18 कमेटियों ने उनसे ईको फ्रेंडली होली के उत्पाद खरीदे हैं। यह पिछले साल की तुलना में 30 फीसदी अधिक है। उन्होंने यह भी बताया कि कानपुर गौशाला सोसाइटी में हर वर्ष ईको फ्रेंडली होली का दहन किया जाता है। इनमें पंच गव्य, तुलसी की पत्ती, गुगल, कपूर और लोबान शामिल है। इससे पर्यावरण शुद्ध होता है।

### बजेंगे बाबा के भजन

- श्री बालाजी होलिका दहन नेहरू नगर में होलिका दहन पर इस बार लोगों को विशेष आकर्षण देखने को मिलेगा। संयोजक संजय अग्रवाल ने बताया कि होलिका दहन पर विशेष सजावट की गई है। डीजे पर इस बार बाबा के भजन को विशेष प्राथमिकता दी गई है। होलिका का पुतला लगभग 10 फिट ऊंचा बनाया गया है।

### ईको फ्रेंडली होली

- शहर में कई स्थानों पर इस बार ईको फ्रेंडली होलिका का दहन किया जाएगा। सार्वजनिक स्थानों में फीलखाना स्थित बाबा मतंगेश्वर मंदिर के बाहर ईको फ्रेडली होली सजाई जाएगी। राष्ट्रोदय समाज सेवी संस्था के अध्यक्ष विनय अवस्थी ने बताया कि संस्था की ओर से हर वर्ष यह कदम उठाया जाता है। इस होली में कंडो के साथ ही हवन सामग्री, कपूर सहित अन्य आयुर्वेदिक तत्व अर्पित किए जाते हैं। उधर सोसाइटी में इस गार ईको फ्रेंडली होलिका दहन का रुझान अधिक हैं। सबसे अधिक तिलक नगर, स्वरूप नगर, विष्णुपुरी, किदवई नगर में सोसाइटी में ईको फ्रेंडली होली होगी।

### 12 फिट की होलिका

- शहर में विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन पर झांकी भी सजाई जाती है। जीटी रोड व साकेत नगर स्थित दुकानों मे इन झांकियों को खरीदने वालो की भीड़ लगी रही। जीटी रोड स्थित दुकानदान चुन्नीलाल ने बताया कि इस बार पांच फिट से लेकर 12 फिट तक होलिका लोगों को चौराहों पर दहन से पहले दिखेगी। होलिका के पुतलों पर भी इस बार महंगाई का असर दिखाई पड़ रहा है। इसके चलते अधिकतर लोगों ने छोटे पुतले खरीदे। पुतले की लम्बाई घटने का मुख्य कारण को कारीगर श्याम और उषा देवी ने बताया कि रंगीन कागज पेपर और लकड़ी महंगी हो गयी है।

## होली में नहीं बिकीं चांदी की पिचकारी और कटोरी

**कानपुर।** होली पर इस बार चांदी का कारोबार करने वाले कारोबारी निराश है। इसकी वजह चांदी के दामों में अस्थिरता के चलते उनके उत्पादों का न बिकना रहा। खासतौर पर होली के पर्व पर बिकने वाले पारंपरिक उत्पादों के प्रति खरीदारों का रुझान कम रहा। कारोबारियों का कहना है कि इससे सबसे अधिक परेशानी कारीगरों को उठानी पड़ी।

चांदी के दामों में रोजाना उलटफेर हो रहा है। पिछले लगभग 15 दिनों में चांदी के दामों में लगातार परिवर्तन से आम खरीदार बाजार से हिचक गए। इसके चलते बाजार में चांदी की छोटी पिचकारी, बाल्टी, कटोरी, रंगभरी थाली जैसे उत्पाद के खरीदार नदारद रहे। इसके अलावा होली पर दिए जाने वाले चांदी के उपहार भी नहीं बिके। कारोबारियों का कहना है कि आम खरीदार चांदी के भाव में उच्चतम स्तर तक जाने के बाद उठापटक से खरीदार बाजार से दूर हो गए। ऐसे में वे उत्पादों पर रुपया खर्च करने में बचते रहे। पर्व के दौरान बाजार हाल पर कानपुर महानगर बुलियन एंड सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष पं. आशू शर्मा ने बताया कि होली के पर्व पर इस बार बाजार में काफी मंदी रही। पर्व पर बिकने वाले चांदी के पारंपरिक उत्पाद भी नहीं बिके। आम खरीदारों ने होली से संबंधित चांदी के उपहारों के बजाए अन्य उपहारों की ओर रुख किया। जिससे बाजार खरीदारों का इंतजार करता रहा।


विवाह समारोह में मौजूद जोड़े। अमृत विचार

# समारोह में एक दूजे के हुए 7 जोड़े

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जोड़ों को गृहस्थी का सारा सामान भेंट किया गया
- किदवईनगर अग्रसेन भवन में हुआ समारोह

**अमृत विचार।** अवर हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन व अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन की ओर से रविवार को सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया।

इस दौरान नवदंपत्तियों को गृहस्थी का सामान भी भेंट किया गया। किदवई नगर स्थित अग्रसेन भवन में हुए आयोजन में सातों जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच एक-दूसरे को वरमाला पहनाकर जीवनभर साथ निभाने का संकल्प लिया। विवाह स्थल पर प्रभु श्रीराम का सुसज्जित दरबार आकर्षण का केंद्र बना रहा। अध्यक्ष आदित्य पोद्दार ने बताया कि पांच वर्षों से लगातार सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है कार्यक्रम में महासचिव सुरभि द्विवेदी, प्रमुख सचिव विनीता अग्रवाल, गौरी गुप्ता, गिरिराज अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, श्रीगोपाल तुलस्यान, रामगोपाल तुलस्यान, अनिल जैन, अनिरुद्ध पोद्दार, एसएन अग्रवाल, नरेंद्र ओमर सहित अन्य मौजूद रहे।

### 21 जोड़ों का विवाह कराया

- **कानपुर।** नौबस्ता खाडेपुर में श्री यज्ञसेनी हलवाई वैश्य समाज द्वारा आयोजित नि :शुल्क दहेज रहित विवाह समारोह में 21 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक पूर्व पार्षद मनोज गुप्ता, समिति के महामंत्री एवं प्रवक्ता कुलदीप गुप्ता, पूर्व विधायक अजय कपूर ने दूल्हा दुल्हन के साथ केक काटकर आशीर्वाद दिया। सरस्वती गुप्ता, ऋचा गुप्ता, सारिका गुप्ता, अनीता गुप्ता, दीक्षा गुप्ता, कमलेश गुप्ता, सुशील शुक्ला, विलियम गुप्ता, सूरजन सिंह पाल, धर्मेंद्र चंदेल, राकेश रीता गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# होली में जमकर उड़े फूल, जीते पुरस्कार




तनिष्क स्टोर में मनाई गई होली। वहीं वृंदावन में उड़े रे गुलाल गीत पर झूमे लोग। अमृत विचार

**कानपुर।** कानपुर के साकेतनगर स्थित मिया बाय तनिष्क स्टोर में स्थानीय महिलाओं द्वारा एक भव्य और रंगारंग होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र की प्रतिष्ठित महिलाओं और स्टोर की नियमित महिला ग्राहकों ने शिरकत की।

महिलाओं ने पारंपरिक और सौहार्दपूर्ण तरीके से होली मनाने के लिए फूलों की होली को प्राथमिकता दी। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए केवल प्राकृतिक गुलाल का उपयोग किया गया। ममता ने ढोलक की थाप पर फाल्गुन गीत गाये और अनीता शुक्ला ने स्वरचित "होली के लोकगीत" प्रस्तुत कर रंग जमाया। फिल्मी गीतों पर महिलाओं ने जबरदस्त ग्रुप डांस किया, वहीं सुमन वर्मा ने अपने नृत्य से कार्यक्रम में ऊर्जा भर दी। मिया बाय तनिष्क प्रबंधन की ओर से अतिथियों के लिए जलपान के रूप में घर की बनी गुझिया, मठरी और ठंडाई पेश की गई।

आयोजन के दौरान स्टोर प्रबंधन ने सक्रिय रूप से भाग लेने वाली महिलाओं को 'स्मृति चिह्न' देकर सम्मानित किया। समारोह की आयोजक पूनम त्रिवेदी ने कहा कि आज के भागदौड़ भरे जीवन में इस तरह के आयोजन हमें अपनी परंपराओं से जोड़ते हैं। इस अवसर पर कंचन तिवारी , सविता अग्रवाल, मिथिलेश यादव , डिम्पल खुराना , शशि तिवारी , रीता सिंह , शालिनी सचान, अनीता ने भाग लिया।

### वृंदावन में उड़े रे गुलाल गीत पर झूमे लोग

- **कानपुर।** फूलबाग स्थित बाल भवन में श्री रामनवमी महोत्सव सीमित शिवाला ने रविवार को होली मिलन का आयोजन किया। रामनवमी महोत्सव समिति की 27 मार्च को निकलने वाली श्रीराम की शोभा यात्रा के रूपरेखा के संबंध में सीमित के लोगों ने एक दूसरे से विचार विमर्श किया। कार्यक्रम को कैसे भव्य और सफल बनाएं इसपर चिंतन किया।

## सनातनी विचारधारा को बढ़ाने वालों का सम्मान किया

**कानपुरः** भारतीय नव वर्ष महोत्सव जागरण समिति, कानपुर प्रांत द्वारा एसजीएम इंटरनेशनल स्कूल, इंदिरा नगर में आयोजित संस्कार भ्रमण सम्मान समारोह में हिंदू नव वर्ष और सनातनी विचारधारा को बढ़ावा देने वाले लोगों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि अमरनाथ, अवध बिहारी, कृष्णकांत प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। संयोजक वरुण त्रिपाठी और सहसंयोजक अमर शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# बीसी सखी रक्षा ने पेश की मिसाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मिशन 118 के तहत लिखी कामयाबी की इबारत, दो बार सम्मानित होकर बढ़ाया मान

**अमृत विचार।** महिला सशक्तिकरण और डिजिटल बैंकिंग के दौर में ग्रामीण महिलाएं अब सिर्फ घर की दहलीज तक सीमित नहीं हैं। घाटमपुर ब्लॉक के छोटे से गांव हथेरूवा की रहने वाली रक्षा तिवारी अपनी मेहनत और जज्बे से इस बात को साबित कर दिखाया है। आज रक्षा न केवल अपने गांव बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक कामयाब ''बीसी सखी'' (बैंकिंग कोरेस्पोंडेंट सखी) के रूप में पहचान बना चुकी हैं।

रक्षा तिवारी की कामयाबी की सबसे बड़ी कड़ी सरकार का ''मिशन 118'' रहा। इस अभियान के तहत उन्होंने बैंकिंग सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाया। उन्होंने 118 से अधिक जनधन खाते खोले। सिर्फ खाता खोलना ही नहीं, बल्कि उन्होंने ग्रामीणों को भविष्य के प्रति सुरक्षित करने के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से भी जोड़ा। उनकी इसी कार्यकुशलता और समर्पण को देखते हुए उन्हें लखनऊ में दो बार सम्मानित किया जा चुका है। जहां आज के दौर में रोजगार एक बड़ी चुनौती है, वहीं रक्षा तिवारी ने बीसी सखी के काम को एक प्रोफेशनल बिजनेस मॉडल बना दिया है।

अपनी बेहतर सर्विस और लोगों के भरोसे के दम पर वह आज हर साल एक लाख रुपये से ज्यादा की कमाई कर रही हैं। यह आंकड़ा ग्रामीण क्षेत्र की किसी भी महिला के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। रक्षा बताती हैं कि बैंकिंग सखी के रूप में ट्रांजेक्शन और अन्य सेवाओं के माध्यम से होने वाली आय ने उनकी आर्थिक स्थिति को पूरी तरह बदल दिया है।

# सर्विस रोड न बनने पर सपा नेता ने खड़े किये सवाल

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** अरौल कस्बे में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की कार्यप्रणाली पर सपा नेता रचना सिंह ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जीटी रोड के चौड़ीकरण में नियमों को ताक पर रखकर जनता की सुविधाओं की 'आहुति' दे दी गई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कस्बे में हाईवे और ओवरब्रिज तो बनकर तैयार हो गए हैं, लेकिन नियमों के तहत बनने वाली सर्विस रोड सिर्फ कागजों में ही बनी है। सर्विस रोड आज भी धूल और झाड़ियों के बीच दफन है। उन्होंने कहा कि सड़क के लिए पर्याप्त जगह होने के बावजूद निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। स्थानीय चर्चाओं के अनुसार, विकास की यह गति 'मोटे कमीशन' की भेंट चढ़ गई है। इसके चलते लोगों को तमाम तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

सपा नेता रचना सिंह ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि साल 2022 तक यहां कच्ची सर्विस रोड का काम चल रहा था, लेकिन विधानसभा चुनाव के बाद जैसे ही सत्ता समीकरण बदले, विकास की दिशा भी बदल गई।

### पुल पर शिलान्यास बोर्ड न होने पर भड़के सपाई

- **बिल्हौर।** शिवराजपुर क्षेत्र के खेरेश्वर गंगा घाट पर बांगरमऊ की ओर जाने वाले पुल का निर्माण कार्य समाजवादी पार्टी के शासन काल में हुआ था, लेकिन मौके पर शिलान्यास बोर्ड न होने पर समाजवादी पार्टी के विनय यादव और जितेंद्र कटियार ने विभाग पर सवाल खड़े किए हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री के शिलापट्ट न होने से उनके कार्यकाल में कराए गए विकास कार्य नहीं दिखाए जा रहे हैं।

> सत्ता के करीबियों को कमीशन मुबारक हो, लेकिन जनता के जीवन के साथ यह कमीशन का खेल' बंद होना चाहिए। हमारी मांग है कि तय मानकों के अनुसार सर्विस रोड का निर्माण और फुट ओवर ब्रिज का काम तत्काल शुरू किया जाए।
> — रचना सिंह सपा नेता

## पुलिस ने कस्बे में की पैदल गश्त

**शिवराजपुर।** कस्बे में होली त्योहार एवं रमजान के दृष्टिगत शांति व्यवस्था को बनाये रखने के लिये पुलिस ने पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया।

थाना पुलिस ने भीड़ भाड़ वाले स्थान मुख्य बाजार, मिश्रित आबादी एवं होलिका दहन वाले स्थान पर शाम के समय एंटी राइट उपकरण के साथ पैदल गश्त कर लोगों में सुरक्षा की भावना का एहसास कराया। साथ ही रास्ते में मिलने वाले लोगों और दुकानदारों से संवाद भी किया। बातचीत के दौरान थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि त्योहार के मद्देनजर कस्बे के प्रमुख सभी स्थानों पर गश्त जारी है। उन्होंने अराजकतत्वों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार की गड़बड़ी करने का साहस न करे अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

नई पहल | गुरुद्वारा भाई बन्नो साहिब में विशेषज्ञों द्वारा की गई काउंसिलिंग

# छात्र-छात्राओं को शिक्षा की उड़ान दी गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विशेषज्ञों द्वारा गुरुद्वारा भाई बन्नो साहिब जीटी रोड पर सिख समाज के छात्र-छात्राओं की रुचि के लिहाज से उनकी काउंसिलिंग करके उन्हें शिक्षा की उड़ान दी गई।

रविवार को सिख समाज कानपुर द्वारा पहली काउसलिंग गुरुद्वारा भाई बन्नो साहिब जीटी रोड पर आयोजित की गयी जिसकी अध्यक्षता संस्था के संस्थापक अध्यक्ष गुरविन्दर सिंह वासु प्रिंस ने की। सभा के उपाध्यक्ष अनमोलक सिंह कलसी ने कक्षा 10 कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं, एनसीसी, एनडीए, एफ. कैट एवं नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं के लिए काउंसिलिंग की गई। गुरुद्वारा में आये बच्चों और उनके अभिभावकों एवं समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में बच्चों का मनोबल बढाया गया। अध्यक्ष ने कहा कि हमारा संकल्प है कि कानपुर से अधिक संख्या में उत्कृष्ट, अनुशासित अधिकारियों का निर्माण कराने के लिए उच्च एवं रोजगार परक शिक्षा देना है। महासचिव गगनदीप सिंह चड्डा ने धन्यवाद दिया। अजीत सिंह भाटिया, चरनजीत सिंह बब्बी, प्रीतपाल सिंह, हनि प्रधान, मान सिंह बग्गा, सरदार नीतू सिंह, आतमजीत सिंह, रनधीर सिंह पिनका, अमरजीत सिंह चड्ढा, मंजीत सिंह चड्ढा आदि थे।

- सिख समाज के युवक-युवतियों का कॅरियर बनाने उतरी टीम



गुरुद्वारा में सिख छात्रों की काउंसिलिंग की गई। अमृत विचार

# डीएम, एसएसपी ने फोर्स के साथ किया पैदल रूट मार्च

## माहौल खराब करने वालों को दिया सख्त संदेश, लोगों से मिलजुल कर त्योहार मनाने की अपील की

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** डीएम गौरांग राठी व एसएसपी जयप्रकाश सिंह ने दंगा नियंत्रण उपकरणों के लैस पुलिस बल के साथ सदर कोतवाली क्षेत्र के मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र में रूट मार्च कर लोगो को सुरक्षा अहसास कराया। अफसरों का रूट मार्च होली, रमजान व ईद के त्योहार को लेकर किया गया। अफसरों ने लोगों मिल जुल कर त्योहार मनाने का संदेश दिया। साथ ही माहौल बिगाड़ने वालो को सख्त कार्रवाई के लिए तैयार रहने की चेतावनी भी दी गई।

डीएम, एसएसपी एवं अन्य पुलिस व प्रशासन के अफसरों ने सदर क्षेत्र के संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले इलाकों में भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया। जो बड़ा चौराहा से शुरू होकर कसाई चौराहा, छिपियाना, जामा मस्जिद से होते हुए छोटा चौराहा तक निकाला गया। इस दौरान दंगा नियंत्रण उपकरणों से लैस पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ आमजन में विश्वास का माहौल बनाने का प्रयास किया। जिले के सभी सीओ व थानेदार भी अपने-अपने क्षेत्रों में चिन्हित संवेदनशील स्थानों पर विशेष पैदल गश्त पर निकले। अधिकारियों ने व्यापारियों, धर्मगुरुओं व लोगों से संवाद कर आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। डीएम ने स्पष्ट किया कि अफवाह फैलाने, सोशल मीडिया पर भ्रामक, भड़काऊ पोस्ट करने व कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। रूट मार्च में एडीएम वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह, एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी, सहायक पुलिस अधीक्षक व सीओ सिटी दीपक यादव, सीओ संचित शर्मा भी मौजूद रहे।



रूट मार्च करते जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक। ● अमृत विचार

### होली, रमजान और ईद को लेकर प्रशासन अलर्ट

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) :** रमजान माह, होली एवं आगामी ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को जिला प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से गंगाघाट क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों में व्यापक पैदल रूट मार्च किया। जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल ने मनोहर नगर, शक्ति नगर, पोनी तिराहा से बालू घाट तक फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। रूट मार्च में अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार, एएसपी अखिलेश सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, सीओ सिटी नगर दीपक यादव, एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी एवं सहायक पुलिस अधीक्षक संचित शर्मा सहित दंगा नियंत्रण उपकरणों से लैस पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों, व्यापारियों और धर्मगुरुओं से संवाद कर भाईचारे, आपसी सम्मान और सहयोग के साथ त्योहार मनाने की अपील की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अफवाह फैलाने, सोशल मीडिया पर भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट साझा करने तथा कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वालों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जनसामान्य से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस या प्रशासन को देने की अपील की गई। उन्नाव पुलिस ने लोगों से बिना पुष्टि सूचना साझा न करने, निर्धारित मार्ग व समय के अनुसार धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का सीमित उपयोग करने तथा होली के दौरान जबरन रंग न लगाने की अपील की है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि पर्वों को सुरक्षित व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।



धर्मगुरुओं से संवाद करते डीएम व एसएसपी।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वास्थ्य मेले में 88 मरीजों का हुआ परीक्षण, दी दवाइयां

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)
**अमृत विचार :** रविवार को राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण कर दवा बांटी। इसके अलावा डॉ. राजेश चंद्रा, डॉ. रश्मि वर्मा, डॉ. अर्चना गुप्ता, विमल किशोर सिंह ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 88 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला, सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे।

### एक साथ रहने को राजी हुए 19 परिवार

**उन्नाव, अमृत विचार :** एसएसपी जय प्रकाश सिंह के निर्देशन में जिले के विभिन्न थानों में संचालित महिला हेल्प डेस्क द्वारा रविवार को परिवार परामर्श केंद्र और महिला हेल्प डेस्क की टीम ने आपसी विवाद के कारण अलग रह रहे 19 जोड़ों के बीच समझौता कराकर उन्हें पुनः एक साथ रहने के लिए विदा किया। विवादित जोड़ों को थानों में बुलाकर उनकी समस्याओं को सुना गया। परिवार परामर्शदाताओं और पुलिस टीम ने दोनों पक्षों को समझाते हुए उनके बीच उपजे मनमुटाव को खत्म कराया। काउंसलिंग के बाद पति-पत्नी ने पुरानी बातों को भुलाकर साथ रहने का वादा किया। पुलिस अनुसार कुल 19 जोड़ों की घर वापसी कराई गई।

# होली की तैयारी को बाजारों में उमड़ी भीड़

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** रंगों के महापर्व होली को लेकर जनपद में उत्साह और उमंग का माहौल है। त्योहार में अब कुछ ही समय शेष है, जिसके चलते शहर से लेकर कस्बों तक के बाजारों में दिनभर खरीदारों की भीड़ देखी जा रही है। हर तरफ होली के जश्न को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा है।

बाजारों में सबसे अधिक रौनक होलिका दहन की पूजन सामग्री को लेकर है। लोग पारंपरिक विधि से पूजा संपन्न करने के लिए गन्ने, गोबर से बने गेबर (बल्ले) और गेहूं की कच्ची बालियों की खरीदारी कर रहे हैं। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लोग अपनी परंपराओं को सहेजने के लिए बाजारों में सुबह से ही डटे हुए हैं। होली के पकवानों के बिना त्योहार अधूरा है, यही कारण है कि किराना दुकानों पर खासी भीड़ उमड़ रही है। चिप्स, पापड़, मैदा, सूजी और रंग-गुलाल की दुकानों पर ग्राहकों का तांता लगा हुआ है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार पिछले वर्षों की तुलना में ग्राहकों में अधिक उत्साह देखने को मिल रहा है, जिससे व्यापार में भी तेजी आई है। भीड़ को देखते हुए प्रमुख बाजार क्षेत्रों में सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। लोग टोलियों में निकलकर रंगों और पिचकारियों की खरीदारी कर रहे हैं, जिससे पूरा शहर होली के रंग में रंगा नजर आ रहा है।



बाजार में पूजा के लिए गन्ना खरीदतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से वृद्ध की मौत

**बांगरमऊ, उन्नाव, अमृत विचार :** हरदोई-उन्नाव मार्ग पर रविवार शाम तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार एक वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के ग्राम भटठन खेड़ा निवासी कालिका प्रसाद (65) पुत्र स्व. रामलाल रविवार शाम पड़ोसी गांव हफीजाबाद खरीदारी करने बाइक से गए थे। घर लौटते समय उन्नाव रोड स्थित ग्राम मंगली खेड़ा के सामने तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे भाई नन्हू व अन्य परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# होलिका दहन स्थलों पर डलवाई बालू

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचारः** होली पर्व को देखते हुए नगर पालिका ने होलिका दहन स्थलों पर सड़कों को सुरक्षित रखने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। रविवार को पालिका कर्मियों ने नगर के विभिन्न मोहल्लों में चिन्हित स्थानों पर बालू डलवाने का कार्य कराया, ताकि होलिका दहन के दौरान इंटरलॉकिंग, डामर व आरसीसी सड़कें क्षतिग्रस्त न हों।

नगर पालिका क्षेत्र के मिश्रा कॉलोनी, चंपापुरवा, आनंद नगर, सुभाष नगर, ऋषिनगर, गोपीनाथपुरम, नेहरू नगर, अंबिकापुरम, गायत्री नगर, भातूफार्म, आदर्श नगर, कंचन नगर, सर्वोदय नगर, गांधी नगर, प्रेम नगर, रामनगर, डॉक्टर कॉलोनी, बिंदा नगर, श्रीनगर, गंगानगर, मनोहर नगर, शक्तिनगर, इन्द्रानगर और सीताराम कॉलोनी समेत आधा सैकड़ा से अधिक स्थानों पर प्रतिवर्ष होलिका दहन किया जाता है। लकड़ियों की आग से कई बार सड़कों की सतह खराब हो जाती है। ईओ मुकेश मिश्रा के निर्देश पर 28 वार्डों में सर्वे कराकर होलिका स्थलों को चिन्हित किया गया है। पहले दिन कई स्थानों पर बालू डाली गई, जबकि शेष वार्डों में भी कार्य जारी रहेगा। ईओ ने बताया कि नगर के कुल 182 होलिका दहन स्थलों पर बालू डलवाई जाएगी, जिससे आग की तपिश से सड़कों को सुरक्षित रखा जा सके।



पालिका की ओर से होलिका स्थल पर डलवाई जाती बालू।

● नगर पालिका ने की इंटरलॉकिंग, डामर व आरसीसी की सड़कों को बचाने की पहल

# कमरे में फंदे से लटकता हुआ मिला छात्र का शव

**उन्नाव, अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र के वनकी माता मंदिर मोहल्ला निवासी कक्षा 11 के छात्र ने अपने कमरे में फंदे से लटक कर जान दे दी। जानकारी होने पर परिजन उसके जीवित होने की आस में अस्पताल लाए। जहां उसे मृत घोषित कर शव मोर्चरी भेजा गया।

आदर्श नगर वनकी माता मंदिर मोहल्ला निवासी जयशंकर पहले विदेश में नौकरी करते थे। दो साल से वह शहर के पीडी नगर में फास्ट फूड की दुकान किए है। पत्नी लखनऊ में रेलवे की ग्रुप डी कर्मी है। जयशंकर के मुताबिक उनका छोटा बेटा तनिष्क यादव (17) कक्षा 11 का छात्र था। बताया कि वह अक्सर अपना कमरा बंद कर पढ़ाई करता था। रविवार सुबह करीब 10 बजे मां ललिता ने उसे नाश्ता करने के लिए बुलाने गई तो दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से झांक के देखा तो बेटे को फांसी पर लटका देख उसकी चीख निकल गई। अन्य परिजनों ने पड़ोसियों की मदद से वीडियो बना कर शव नीचे उतार कर जिला अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंपा है। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजन आत्महत्या करने की वजह नहीं बता सके। अभी परिजनों का कोई आरोप नहीं है।

# सीएमओ ने परखीं स्वास्थ्य सेवाएं

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचारः** सीएमओ ने नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का रविवार को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत परखने के साथ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। अवकाश के दिन सीएमओ के अचानक पहुंचने से स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मचा रहा।

सीएचसी पहुंचे सीएमओ डॉ. सत्यप्रकाश ने इमरजेंसी कक्ष, महिला वार्ड, फार्मेसी व अस्पताल परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया। फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार से दवाओं की उपलब्धता और स्टॉक रजिस्टर की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि मरीजों को आवश्यक दवाएं अस्पताल से ही उपलब्ध कराई जाएं। बाहर से दवा न लिखे। यदि किसी डॉक्टर ने बाहर से दवा या जांच लिखी तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने भर्ती मरीजों व उनके तीमारदारों से बात कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का फीड बैक लिया। महिला वार्ड में भर्ती प्रसूता से उपचार संबंध में जानकारी ली। चिकित्सक डॉ. जितेंद्र सिंह को व्यवस्थाएं और बेहतर करने के निर्देश दिए। सीएमओ ने स्पष्ट कहा कि साफ-सफाई और इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अवकाश के दिन सीएमओ के पहुंचने पर स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मचा रहा।



इमरजेंसी कक्ष का निरीक्षण करते सीएमओ। ● अमृत विचार

### पारिवारिक विवाद में महिला ने दी फंदे से लटक कर जान

**उन्नाव, अमृत विचार :** पति से हुए विवाद के बाद महिला ने फंदे से लटक कर जान दे दी। सुबह परिजनों को इसकीं जानकारी हुई तो उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के सहरावां गांव के मजरा दरियार खेड़ा गांव निवासी रानी प्रजापति (35) पत्नी रामधनी ने बीती रात अपने कमरे में फंदे से लटक कर जान दे दी। पति ने बताया कि शनिवार देर रात रुपये के लेनदेन को लेकर उसका पत्नी से विवाद हुआ था। बाद में मामला शांत होने पर सभी अपने-अपने कमरे में सो गए। सुबह जब बच्चे जागे तो मां का शव फंदे से लटका देख शोर मचाया। इस पर पड़ोसियों की मदद से शव को नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दी। एसओ अरविंद पांडेय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पिता यदि तहरीर देंगे को जांच की जाएगी।

### पैट्रियाट शिक्षा संस्थान में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर किया मंत्रमुग्ध

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** पैट्रियाट शिक्षा संस्थान, डीह उन्नाव में रविवार को वार्षिकोत्सव 'ज्योतिका' का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना, गुरु वंदना तथा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम 'पाषाण काल से आधुनिक युग तक भारत की विजय गाथा' रही, जिसमें सतयुग, त्रेतायुग, द्वापर और कलयुग के साथ मुगलकाल, छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरगाथा तथा भारत की चंद्रमा तक की उपलब्धियों को आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शाया गया। विद्यार्थियों ने विष्णु स्तुति, गणेश वंदना, महिषासुर मर्दिनी, हनुमान चालीसा, शहीद भगत सिंह, झांसी की रानी, कृष्ण लीला, योगा डांस, महाभारत, अंधेर नगरी चौपट राजा, परिधान शो, 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' तथा राधा-कृष्ण की ब्रज होली जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग उत्तर प्रदेश प्रतिभा शुक्ला, शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल, सदर विधायक पंकज गुप्ता, पूर्व एमएलसी अरविंद कुमार त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानु मिश्रा एवं रिटायर्ड एडीजेसी बालकृष्ण बाजपेई मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत गीता मिश्रा ने करते हुए प्रगति आख्या प्रस्तुत की। अंत में संस्था के प्रबंधक स्वास्तिक मिश्र ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

# मजलिस में खामनाई की मौत पर जताया दुख

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** शहर के चौधराना स्थित शिया जामा मस्जिद में रविवार को मजलिस और शोक सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता आयतुल्ला अली ख़ामनाई से जुड़ी हालिया अंतरराष्ट्रीय घटनाओं और हमलों की खबरों के संदर्भ में आयोजित किया गया। इस दौरान शिया समुदाय के लोगों ने वैश्विक हालातों पर गहरा दुख और चिंता व्यक्त की।

कार्यक्रम का आगाज़ तिलावत-ए-कुरआन से हुआ, जिसके बाद बड़ी संख्या में मौजूद अकीदतमंदों ने खिराज-ए-अकीदत पेश किया। मजलिस को संबोधित करते हुए पेश इमाम मौलाना रज़ा अब्बास और मौलाना आबिद अब्बास ने आयतुल्ला ख़ामनाई के धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उलेमाओं ने कहा कि मुस्लिम जगत में उनकी भूमिका अत्यंत प्रभावशाली रही है और उन्होंने सदैव वैश्विक मुद्दों पर अपनी स्पष्ट राय रखी है। मजलिस के दौरान वक्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय संघर्षों पर चिंता जताते हुए दुनिया में शांति, अमन और न्याय इंसाफ की दुआ की। मजलिस में दुआ और फातिहा पढ़ी गई। इस दौरान माहौल काफी गमगीन रहा और कई लोगों की आंखें नम दिखीं।



शिया जामा मस्जिद के बाहर शोक व्यक्त करते लोग। ● अमृत विचार

### हाईवे पर ट्रक में पीछे से घुसा डंपर, चालक घायल

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचार :** कानपुर-लखनऊ हाईवे पर रविवार सुबह कनोड़िया पेट्रोल पंप के पास ट्रक और डंपर की टक्कर से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त वाहन बीच सड़क पर खड़े हो जाने से हाईवे पर करीब चार घंटे तक रुक-रुक कर जाम लगा रहा, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार सुबह करीब छह बजे चूनी-भूसी लदा ट्रक हाईवे से गुजर रहा था। इसी दौरान बलरामपुर निवासी साजन (27) गिट्टी लादकर डंपर से उन्नाव की ओर जा रहा था। कनोड़िया पेट्रोल पंप के पास डंपर अनियंत्रित होकर ट्रक में पीछे से जा घुसा। हादसे में डंपर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर जाजमऊ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। दुर्घटना के कारण दोनों लेनों पर लंबा जाम लग गया।

# दुल्हन के जेवर चोरी करने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ा

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचारः** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आजाद नगर स्थित गेस्टहाउस में शादी समारोह के दौरान दुल्हन के जेवर चोरी करने वाले शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को चोरी के जेवरात सहित पकड़कर न्यायालय भेज दिया गया है।

कोतवाली प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि पोनी रोड श्रीनगर निवासी मनोज गुप्ता की बेटी की शादी 20 फरवरी को राजधानी मार्ग स्थित सोना पैलेस गेस्टहाउस में थी। समारोह के दौरान चोर ने दुल्हन के बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे जेवरात पार कर दिए थे। घटना के बाद पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को उपनिरीक्षक मो. मुस्ताक ने हमराह पुलिस बल के साथ मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी मो. अनीस पुत्र मो. रफीक निवासी रामलीला मैदान हाता के पीछे, रेलबाजार कानपुर नगर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक पीली धातु की नथनी, चांदी का सिक्का तथा सफेद धातु का एक अन्य आभूषण बरामद किया। आवश्यक कार्रवाई के बाद आरोपी को कोर्ट भेज दिया गया।

### आर्य युवा दल ने विनय मिश्रा का किया सम्मान

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** आर्य युवा दल द्वारा रविवार को सहजनी स्थित महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित कर कानपुर बार एसोसिएशन के नव-निर्वाचित महामंत्री विनय मिश्रा का भव्य सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद उन्हें अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में अधिवक्ता समाज, सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक, क्षेत्रीय मीडिया प्रतिनिधि और आर्य युवा दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शुक्लागंज प्रेस क्लब अध्यक्ष मयंक शुक्ला ने की। इस अवसर पर यूपी राइस मिलर एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय शुक्ला, शिवकुमार पालीवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आर्य युवा दल के संस्थापक ऋषभ श्रीवास्तव ने कहा कि लोकतंत्र में अधिवक्ता समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वहीं विनय मिश्रा ने अधिवक्ताओं के हितों के लिए कार्य करने और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।



महामंत्री का स्वागत करते अध्यक्ष मयंक शुक्ला व अन्य।

### प्राची पांडेय ने इंदौर में जीता पैरा टेबल टेनिस में गोल्ड

**उन्नाव, अमृत विचार :** शहर के जुराखन खेड़ा की रहने वाली होनहार खिलाड़ी प्राची पांडेय ने इंदौर में आयोजित राष्ट्रीय पैरा टेबल टेनिस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में 26 से 28 फरवरी तक आयोजित इस दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश भर के दिव्यांग खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। प्राची ने टूर्नामेंट के दौरान शुरू से ही आक्रामक खेल दिखाया। मुकाबले में उनका सामना गुजरात की खिलाड़ी से हुआ, जिसे प्राची ने 3-1 के अंतर से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। प्राची की यह जीत कोई इत्तेफाक नहीं है। इसी महीने उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर अपनी फॉर्म का संकेत दे दिया था। इससे पहले भी वह स्पेन, नाइजीरिया और मिस्र जैसे देशों में पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय पटल पर जिले और देश का नाम रोशन कर चुकी हैं। प्राची की इस जीत पर खेल जगत में खुशी की लहर है। जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश सब्बरवाल समेत अश्वनी कुमार शुक्ला, कुशमेश कुमार, सोनू सिंह और मयंक कुमार ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

सौगात

## सुविधा के लिए आकर्षक लैंडस्केपिंग, हरियाली व टहलने के लिए सुव्यवस्थित पाथवे होगा

# आवास विकास में हुआ तुलसी वाटिका का लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद् द्वारा आवास विकास सी-ब्लॉक में नवनिर्मित पार्क तुलसी वाटिका का लोकार्पण रविवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा-अर्चना और फीता काटकर किया गया।

पार्क का उद्घाटन करते हुए नगर पालिका अध्यक्षा श्वेता भानू मिश्रा ने इसे क्षेत्र की जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा नगर के संतुलित और सतत विकास के लिए हरित क्षेत्रों का विस्तार अनिवार्य है। तुलसी वाटिका न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक पहल है, बल्कि यह बच्चों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों को एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण भी प्रदान करेगी। इस दौरान उन्होंने पार्क परिसर में तुलसी का पौधा रोपित कर भारतीय संस्कृति और प्रकृति के जुड़ाव का संदेश दिया। कार्यक्रम में निवर्तमान जिलाध्यक्ष भाजयुमो प्रवीण मिश्रा भानू ने पार्कों की उपयोगिता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में बच्चों का मोबाइल और टीवी से दूर रहकर मैदानों में समय बिताना उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे बच्चों में टीम भावना और आत्मविश्वास का संचार होता है। पालिका प्रशासन के अनुसार, इस पार्क में नागरिकों की सुविधा के लिए आकर्षक लैंडस्केपिंग, हरियाली, टहलने के लिए सुव्यवस्थित पाथवे, बच्चों के लिए आधुनिक खेल उपकरण, बैठने की समुचित व्यवस्था और प्रकाश व्यवस्था। लोकार्पण के अवसर पर अध्यक्षा नन्हे-मुन्ने बच्चों को चॉकलेट और टॉफियां वितरित कीं, जिससे बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर भाजपा नेता रमाकांत चौरसिया, प्रिया चौरसिया, डॉ. नेहा सिंह, डॉ. अवनीश सिंह, इकबाल जावेद, पृथ्वीनाथ दरोगा, योगेन्द्र शुक्ला, अमरनाथ शुक्ला, अमोल श्रीवास्तव अन्य मौजूद रहे।



लोकार्पण के बाद तुलसी का पौधा रोपित करतीं पालिका अध्यक्ष श्वेता मिश्रा।

### विद्यालय में रंगारंग होली उत्सव संपन्न

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** डिवाइन मिशन एवं डॉन बॉस्को स्कूल, कल्याणी देवी में होली की पूर्व संध्या पर रंगारंग होली उत्सव का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को होली के महत्व बताते हुए सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने के संदेश के साथ हुई। इस अवसर पर बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में होली से जुड़े गीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश भी दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रतिमा सहाय ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भाव और सकारात्मकता का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण के अनुकूल एवं सुरक्षित तरीके से होली मनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा।




स्कूल में मनाया जाता होली उत्सव।

भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में किफायती 7-सीटर गाड़ियों की मांग तेजी से बढ़ रही है। बढ़ते परिवार, बेहतर स्पेस की जरूरत और बजट में मल्टी-यूटिलिटी व्हीकल की चाह ने इस सेगमेंट को खासा मजबूत बना दिया है। इसी मांग को ध्यान में रखते हुए निसान ने फरवरी में अपनी नई 7-सीटर कार मीटर एमपीवी 'ग्रेवाइट' को लॉन्च किया है। इसकी शुरुआती इंट्रोडक्ट्री एक्स-शोरूम कीमत 5.65 लाख रुपये रखी गई है, जो इसे एंट्री-लेवल 7-सीटर खरीदारों के लिए आकर्षक विकल्प बनाती है। कंपनी ने दमदार इंजन और प्लेटफॉर्म के साथ नई स्टाइलिंग, बेहतर फीचर्स और उन्नत सुरक्षा पैकेज देकर इसे फैमिली-फ्रेंडली कार के रूप में पेश किया है। ऐसे में कम बजट में 7-सीटर की तलाश कर रहे ग्राहकों के लिए ग्रेवाइट एक व्यावहारिक विकल्प साबित हो सकती है।

-फीचर डेस्क

### वेरिएंट और कीमत

ग्रेवाइट को चार प्रमुख वेरिएंट- VXiA, Acenta, N-Connecta और Tekna में उतारा गया है। ट्रांसमिशन के तौर पर 5-स्पीड मैनुअल और 5-स्पीड एएमटी दोनों विकल्प उपलब्ध हैं, जिससे ग्राहक अपनी जरूरत और ड्राइविंग सुविधा के अनुसार चयन कर सकते हैं। कीमत की बात करें, तो यह 5.65 लाख रुपये से शुरू होकर लगभग 8.93 लाख रुपये (टेकना लॉन्च एडिशन एएमटी) तक जाती है। कंपनी ने इसकी बुकिंग शुरू कर दी है और डिलीवरी मार्च 2026 से प्रारंभ होने की संभावना जताई जा रही है। निसान की रणनीति स्पष्ट है कि कम कीमत में भरोसेमंद 7-सीटर विकल्प देकर बड़े ग्राहक वर्ग को आकर्षित करना।



### एक्सटीरियर : ज्यादा बोल्ड और मस्कुलर

इसकी बेसिक बॉडी शेप ट्राइबर से प्रेरित दिखाई देती है, लेकिन ग्रेवाइट को अलग पहचान देने के लिए कई नए स्टाइलिंग एलिमेंट्स जोड़े गए हैं। फ्रंट फेसिया पर बड़ी हनीकॉम्ब पैटर्न ग्रिल, बोनट पर 'Gravite' बैजिंग और स्लिम एलईडी डीआरएल्स इसे आधुनिक और दमदार लुक देते हैं। साइड प्रोफाइल में ऊंची रूफलाइन और सीधा स्टांस इसे ज्यादा स्पेशियस और प्रैक्टिकल दर्शाते हैं। 15-इंच स्टील व्हील्स और रूफ रेल्स इसकी यूटिलिटी अपील को मजबूत बनाते हैं। रियर सेक्शन में रैपअराउंड एलईडी टेललैंप्स, क्रोम स्ट्रिप और सी-शेप्ड सिल्वर एक्सेंट इसे प्रीमियम टच प्रदान करते हैं। कलर ऑप्शन की बात करें, तो यह ओनिक्स ब्लैक, स्टॉर्म व्हाइट, मेटैलिक ग्रे, ब्लेड सिल्वर और फॉरेस्ट ग्रीन जैसे पांच आकर्षक रंगों में उपलब्ध है।

# Nissan Gravite
# कम बजट में बड़ा स्पेस





### फीचर और सेफ्टी

निसान ने ग्रेवाइट को फीचर्स के मामले में प्रतिस्पर्धी बनाए रखने की कोशिश की है। इसमें क्रूज कंट्रोल, वायरलेस फोन चार्जर और रियर एसी वेंट्स जैसी सुविधाएं मिलती हैं। सुरक्षा के लिहाज से छह एयरबैग स्टैंडर्ड दिए गए हैं, जो इस कीमत में एक महत्वपूर्ण विशेषता है। इसके अलावा एबीएस के साथ ईबीडी, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल (ESC), रियर पार्किंग कैमरा, पार्किंग सेंसर और टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (TPMS) भी शामिल हैं। सेगमेंट में स्टैंडर्ड छह एयरबैग का मिलना इसे सुरक्षा के मामले में मजबूत दावेदार बनाता है।

### इंटीरियर : सादगी और उपयोगिता का मेल

- ग्रेवाइट का केबिन डिजाइन सादा, लेकिन कार्यात्मक है। डुअल-टोन ब्लैक और बेज थीम के कारण अंदर का माहौल खुला और हवादार महसूस होता है। डैशबोर्ड लेआउट परिचित जरूर है, लेकिन प्रेजेंटेशन में हल्के बदलाव इसे नया रूप देते हैं।
- बीच में 8-इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम दिया गया है, जो वायरलेस एप्पल कारप्ले और एंड्रॉयड ऑटो को सपोर्ट करता है। इसके नीचे मैनुअल क्लाइमेट कंट्रोल के लिए तीन रोटरी नॉब्स दिए गए हैं, जो उपयोग में सरल हैं।
- 7-इंच डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, 3-स्पोक स्टीयरिंग व्हील, पुश-बटन स्टार्ट और कीलेस एंट्री जैसे फीचर इसे आधुनिक स्पर्श देते हैं। सीटों पर लेदरेट फिनिश दी गई है और 8 एसी वेंट्स सुनिश्चित करते हैं कि सभी यात्रियों तक पर्याप्त ठंडी हवा पहुंचे। कुल मिलाकर, इसका इंटीरियर लक्जरी से ज्यादा व्यावहारिकता पर केंद्रित है।



### इंजन परफॉर्मेंस

ग्रेवाइट में 1-लीटर, 3-सिलेंडर नेचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 72 पीएस की पावर और 96 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। यह इंजन 5-स्पीड मैनुअल और 5-स्पीड एएमटी विकल्पों के साथ उपलब्ध है। माइलेज की बात करें, तो मैनुअल वर्जन 19.3 किमी/लीटर और एएमटी वर्जन 19.6 किमी/लीटर तक का सर्टिफाइड माइलेज देने का दावा करता है। यह इंजन मुख्य रूप से शहरी उपयोग और पारिवारिक ड्राइविंग जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। हालांकि हाईवे पर फुल लोड के साथ इसकी परफॉर्मेंस औसत रह सकती है।

---

## मॉय फर्स्ट राइड

# उत्साह, हिम्मत और आत्मनिर्भरता की यात्रा



मैंने जब गाड़ी चलाना सीखने के बारे में सोचा, तब मैं बहुत ज्यादा उत्साहित थी। सच कहूं तो मुझे पहले कभी अंदाजा नहीं था कि मैं भी गाड़ी चला पाऊंगी, लेकिन मन के भीतर एक दृढ़ इच्छा थी कि मुझे सीखना है। मुझे लगता था कि अगर घर में कोई भी व्यक्ति वाहन चला सकता है, तो मुझे भी यह कौशल आना चाहिए। यही सोच मेरे हौंसले की सबसे बड़ी ताकत बनी।

इस पूरे सफर में मेरे पति और मेरी छोटी-सी बेटी ने मेरा बहुत साथ दिया। आज भी मुझे वह दिन याद है, जब पहली बार ड्राइविंग स्कूल के इंस्ट्रक्टर हमें सिखाने आते थे। उनका मॉर्निंग शेड्यूल होता था, इसलिए हमें सुबह लगभग साढ़े पांच या छह बजे तक पहुंच जाना पड़ता था। मेरे पति हर दिन मेरा हौसला बढ़ाते थे और मेरी छोटी बेटी भी जाग जाती थी और कहती "मम्मी आपको सीखने जाना है।" उसका वह मासूम उत्साह मेरे लिए प्रेरणा बन जाता था।

पहली बार जब मैंने सड़क पर गाड़ी चलाई, तो दिल में थोड़ा डर था। वजह भी साफ थी कि सड़क पर गाड़ी चलाना सिर्फ खुद को संभालना नहीं, बल्कि दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखना भी होता है। शुरुआत में हर मोड़ और हर ब्रेक पर घबराहट महसूस होती थी, लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया और अभ्यास बढ़ता गया, मेरे अंदर आत्मविश्वास भी बढ़ने लगा। धीरे-धीरे डर की जगह विश्वास ने ले ली और ड्राइविंग मुझे मुश्किल नहीं, बल्कि आनंददायक लगने लगी।

आज जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं, तो महसूस करती हूं कि मेरे परिवार के सहयोग और मेरे खुद के हौसले की वजह से ही मैं आज इतनी आत्मविश्वास से गाड़ी चला पाती हूं। यह अनुभव मेरे लिए सिर्फ एक नई स्किल सीखने का नहीं था, बल्कि खुद पर भरोसा करना और अपने डर को हराना सीखने का भी था। सच में, मेरा ड्राइविंग का अनुभव बहुत अच्छा रहा, क्योंकि इसमें मेहनत, साहस और अपनों का साथ तीनों शामिल थे। गाड़ी सीखने के शुरुआती दिनों में कई बार ऐसा हुआ कि चलते-चलते गाड़ी बंद हो जाती, क्लच ठीक से संभलता नहीं था और गियर बदलते समय समझ ही नहीं आता था कि क्या करूं। बीच सड़क पर ट्रैफिक चल रहा होता और मेरी गाड़ी रुकी खड़ी रहती, तो एक पल के लिए लगता था कि शायद मुझसे नहीं हो पाएगा, लेकिन अगले ही क्षण मैंने खुद को हौसला दिया, नहीं मुझे यह जरूर सीखना है। यही आत्मविश्वास धीरे-धीरे मेरे डर को ताकत में बदलता गया और आखिरकार मैं सफल हो गई।

***-प्रगति श्रीवास्तव, वाइस प्रिंसिपल, सरयू इंटरनेशनल स्कूल, अयोध्या।***

---

**काम की बात**

# होली के रंगों से अपनी कार को ऐसे रखें सुरक्षित

होली खुशियों, उमंग और रंगों का त्योहार है। इस दिन लोग खुलकर जश्न मनाते हैं, लेकिन यही रंग और पानी हमारी कार के लिए परेशानी का कारण बन सकते हैं। हवा में उड़ता गुलाल, पानी से भरे गुब्बारे और केमिकल युक्त रंग कार के पेंट पर जिद्दी दाग छोड़ जाते हैं। कई बार ये निशान इतने गहरे हो जाते हैं कि उन्हें हटाने के लिए प्रोफेशनल डिटेलिंग की जरूरत पड़ती है। अगर आप चाहते हैं कि होली के बाद भी आपकी कार पहले जैसी चमकती रहे, तो कुछ आसान सावधानियां अपनाना जरूरी है।

### सही जगह पार्किंग

कोशिश करें कि होली के दिन कार को कवर पार्किंग में ही खड़ा करें। यदि ऐसी सुविधा उपलब्ध नहीं है, तो अच्छी क्वालिटी का कार कवर जरूर इस्तेमाल करें। यह कवर रंगों के साथ-साथ धूल, धूप और अन्य बाहरी तत्वों से भी सुरक्षा प्रदान करता है। अगर कवर भी उपलब्ध न हो, तो कार को ऐसी जगह पार्क करें, जहां होली खेलने वाली भीड़ के पहुंचने की संभावना कम हो।

### कार पर वैक्स की परत

वैक्स पेंट के ऊपर एक सुरक्षात्मक लेयर बना देता है, जिससे रंग सीधे पेंट पर नहीं चिपकते। इससे बाद में सफाई करना भी आसान हो जाता है। इसके अतिरिक्त, वैक्स कार को तेज धूप, धूल और पक्षियों की बीट से भी बचाने में मदद करता है। होली से पहले एक बार वैक्स करवा लेना समझदारी भरा कदम हो सकता है।

### खिड़कियां बंद रखना बेहद जरूरी

अक्सर लोग जल्दी में कार पार्क करते समय खिड़कियां पूरी तरह ऊपर करना भूल जाते हैं। इससे रंग या पानी कार के अंदर जा सकता है। खिड़कियां बंद रखने से न केवल केबिन सुरक्षित रहता है, बल्कि धूल और कीड़े-मकोड़े भी अंदर नहीं आते। यह आदत सिर्फ होली के लिए ही नहीं, बल्कि रोजमर्रा की सुरक्षा के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है।

### कार का इंटीरियर

कार के इंटीरियर की सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है, जितनी बाहरी हिस्से की। यदि आप होली खेलकर लौट रहे हैं, तो कोशिश करें कि गीले या रंग लगे कपड़ों में सीधे कार में न बैठें। बेहतर होगा कि एक जोड़ी अतिरिक्त कपड़े साथ रखें। अगर कपड़े बदलना संभव न हो, तो सीट पर तौलिया बिछा लें ताकि रंग सीधे सीट से संपर्क में न आए। डैशबोर्ड और अन्य हिस्सों को बचाने के लिए प्लास्टिक शीट या कवर का उपयोग किया जा सकता है।

### अच्छे शैंपू से धोएं कार


यदि सभी सावधानियों के बावजूद कार पर रंग लग ही जाए, तो देर न करें। जितनी जल्दी सफाई की जाएगी, दाग उतनी आसानी से हटेंगे। कार को साफ पानी और अच्छे कार शैंपू से धोएं। कठोर केमिकल का उपयोग करने से बचें, क्योंकि इससे पेंट को नुकसान हो सकता है। इंटीरियर की सफाई के लिए भरोसेमंद क्लीनर का इस्तेमाल करें।



---

# सड़कों का महाजाल: नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे के बीच का अंतर

*भारत का सड़क नेटवर्क आज दुनिया के सबसे विशाल और सुदृढ़ नेटवर्कों में से एक गिना जाता है। कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से अरुणाचल प्रदेश तक फैली ये सड़कें देश की अर्थव्यवस्था की धमनियां हैं। जब भी हम लंबी दूरी की यात्रा की योजना बनाते हैं, तो दो शब्द अक्सर सुनने को मिलते हैं : नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे। हालांकि आम बोलचाल में लोग इन्हें एक ही समझ लेते हैं, लेकिन तकनीकी, सुरक्षा और सुविधा के मामले में इनके बीच जमीन-आसमान का अंतर है। आइए आपको इनके बीच का अंतर बताते हैं।*



### नेशनल हाईवे

नेशनल हाईवे यानी राष्ट्रीय राजमार्ग, भारत के वे प्राथमिक मार्ग हैं, जो राज्यों की राजधानियों, बड़े औद्योगिक केंद्रों, महत्वपूर्ण बंदरगाहों और रणनीतिक सीमावर्ती क्षेत्रों को आपस में जोड़ते हैं। इनका मुख्य उद्देश्य अंतर्राज्यीय परिवहन को सुगम बनाना है।

### प्रबंधन और विस्तार

इनका निर्माण और रख-रखाव सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) के अंतर्गत भारतीय नेशनल हाईवे प्राधिकरण (NHAI) द्वारा किया जाता है। वर्तमान में भारत में 200 से अधिक मुख्य नेशनल हाईवे हैं, जिनका नेटवर्क लगभग 1.3 लाख किलोमीटर तक फैला हुआ है।

### बनावट और गति

ये सड़कें सामान्यतः दो से चार लेन की होती हैं। नेशनल हाईवे की एक मुख्य विशेषता यह है कि ये शहरों और कस्बों के बीच से होकर गुजरते हैं, जिससे स्थानीय यातायात भी इसमें शामिल हो जाता है। यहां कारों के लिए अधिकतम गति सीमा 100 किमी/घंटा और दोपहिया वाहनों के लिए 80 किमी/घंटा निर्धारित की गई है।

- **एक रोचक तथ्य** – भारत का सबसे लंबा राजमार्ग NH-44 है, जो उत्तर में श्रीनगर से शुरू होकर दक्षिण में कन्याकुमारी तक 3,745 किलोमीटर की अविश्वसनीय दूरी तय करता है।
- **एक्सप्रेसवे** – एक्सप्रेसवे को आप 'हाईवे का एडवांस वर्जन' कह सकते हैं। ये विशेष रूप से उच्च गति और निर्बाध यात्रा के लिए डिजाइन किए गए हैं। इनका मुख्य उद्देश्य दो बड़े बिंदुओं के बीच यात्रा के समय को न्यूनतम करना है।
- **कंट्रोल्ड ऐक्सेस**– एक्सप्रेसवे की सबसे बड़ी खासियत इसका 'कंट्रोल एक्सेस' होना है। इसका मतलब है कि आप अपनी मर्जी से कहीं से भी सड़क पर नहीं चढ़ सकते और न ही उतर सकते हैं। इसके लिए विशिष्ट 'एंट्री' और 'एग्जिट' पॉइंट्स बनाए जाते हैं।
- **लेन और सुविधाएं**– एक्सप्रेसवे आमतौर पर 6 से 8 लेन के होते हैं। यहां बीच में कोई चौराहे या रेड लाइट नहीं होती। सुरक्षा के लिए फ्लाईओवर, अंडरपास और सर्विस लेन की व्यापक व्यवस्था होती है। उत्तर प्रदेश का आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे (302 किमी) इसकी आधुनिकता का एक बेहतरीन उदाहरण है।
- **रफ्तार का रोमांच**– एक्सप्रेसवे पर कारों के लिए गति सीमा 120 किमी/घंटा तक होती है। यहां छोटे रास्ते या गलियां सीधा नहीं जुड़तीं, जिससे दुर्घटना की संभावना काफी कम हो जाती है।

### मुख्य अंतर

- **ऐक्सेस कंट्रोल**– हाईवे पर कई छोटे रास्ते जुड़ते हैं, जबकि एक्सप्रेसवे पर केवल निर्धारित एंट्री-एग्जिट पॉइंट होते हैं।
- **सुरक्षा और चौड़ाई**– एक्सप्रेसवे ज्यादा चौड़े, सुरक्षित और तेज रफ्तार यात्रा के लिए बनाए जाते हैं।
- **वाहन नियम**– हाईवे पर दोपहिया चलते हैं, लेकिन एक्सप्रेसवे पर आमतौर पर इनकी अनुमति नहीं होती।
- **ड्राइविंग नियम**– हाईवे पर गति सीमा का पालन करें और छोटे कस्बों से गुजरते समय सावधानी बरतें।
- एक्सप्रेसवे पर लेन अनुशासन और निर्धारित प्रवेश-निकास का पालन अनिवार्य है।
- दोनों ही सड़कों पर ओवरस्पीडिंग और गलत दिशा में गाड़ी चलाना गंभीर अपराध माना जाता है।

## आठ प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है भारत का इस्पात उद्योग

**नयी दिल्ली।** एक और जहां वैश्विक स्तर पर और चीन के इस्पात बाजार में गिरावट देखी जा रही है, वहीं भारत का इस्पात उद्योग लगभग आठ प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर बनाए हुए है। सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 'एडवांस्ड रोलिंग टेक्नोलॉजी' पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईएमएमएस 2026) के उद्घाटन सत्र में सेल के निदेशक (वित्त) एवं निदेशक (वाणिज्यिक - अतिरिक्त प्रभार) ए के पांडा ने कहा कि इस्पात उत्पादन की क्षमता तेजी से बढ़ रही है।

अमृत विचार
कानपुर, सोमवार, 2 मार्च 2026
www.amritvichar.com



### बिजनेस ब्रीफ

### एफपीआई ने फरवरी में की 37,847 करोड़ रुपये की लिवाली

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी में भारतीय पूंजी बाजार में 37,847 करोड़ रुपये की शुद्ध लिवाली की। शुद्ध लिवाली लगायी गयी पूंजी और निकाली गयी पूंजी का अंतर है। सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने फरवरी में 22,615 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी है। अक्टूबर 2025 के बाद यह पहला मौका है जब एफपीआई ने इक्विटी में शुद्ध रूप से लिवाली की है। डेट में भी उनका निवेश 18,791 करोड़ रुपये बढ़ा है। वहीं, हाइब्रिड उपकरणों से उन्होंने 3,896 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है।

### दीपक गुप्ता ने गेल का चेयरमैन पद संभाला

**नयी दिल्ली।** ऊर्जा क्षेत्र के अनुभवी कार्यकारी दीपक गुप्ता ने देश की सबसे बड़ी गैस पारेषण और विपणन कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का पद संभाल लिया है। कंपनी ने बयान में कहा कि दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से मैकेनिकल इंजीनियर गुप्ता को प्राकृतिक गैस पारेषण, विपणन और बुनियादी ढांचा विकास का व्यापक अनुभव है। उन्होंने संदीप कुमार गुप्ता का स्थान लिया है, जो 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हुए थे। उनका कार्यकाल 28 फरवरी, 2029 तक होगा।

### आईआईएफसीएल के आईपीओ को मंजूरी

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी (आईआईएफसीएल) को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए सरकार से जरूरी मंजूरी मिल गई है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने आईपीओ प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। आईआईएफसीएल के नवनियुक्त प्रबंध निदेशक (एमडी) रोहित ऋषि ने बताया कि निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने इस मंजूरी के बारे में कंपनी को बताया है। आईआईएफसीएल में केंद्र सरकार की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### सतर्क रहें, सुरक्षित रहें




जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को समाज के हर वर्ग से युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की कोशिश करने वालों और आतंकी तंत्र को बनाए रखने के प्रयास करने वाले तत्वों के प्रति सतर्क रहने की अपील की। श्री सिन्हा फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) द्वारा आयोजित 'आत्मनिर्भर भारत' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लघु एवं सूक्ष्म उद्यम (एमएसएमई) अब जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था का आधार हैं। **फोटो : एजेंसी**

## फरवरी में 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा जीएसटी संग्रह

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह फरवरी में सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। आयात से प्राप्त राजस्व में उच्च वृद्धि और घरेलू बिक्री में सुधार का इस वृद्धि में मुख्य योगदान रहा।

इस दौरान सकल घरेलू राजस्व 5.3 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.36 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि आयात से सकल राजस्व 17.2 प्रतिशत बढ़कर 47,837 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कुल शुद्ध जीएसटी संग्रह 1.61 लाख करोड़




रुपये से अधिक रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 7.9 प्रतिशत अधिक है। कुल रिफंड 10.2 प्रतिशत बढ़कर 22,595 करोड़ रुपये रहा। शुद्ध उपकर राजस्व 5,063 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल फरवरी में 13,481 करोड़ रुपये था। सितंबर, 2025 से लगभग 375 वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती की गई थी। साथ ही पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत के चार कर स्लैब को मिलाकर पांच और 18 प्रतिशत के दो स्लैब बनाए गए थे। इसके अलावा कुछ चुनिंदा अति-विलासिता की वस्तुओं और तंबाकू उत्पादों के लिए अधिकतम 40 प्रतिशत का स्लैब रखा गया था। कर कटौती लागू होने के पहले महीने में जीएसटी संग्रह में शुरुआती गिरावट देखी गई और नवंबर में राजस्व घटकर 1.70 लाख करोड़ रुपये रह गया था।

डेलॉयट इंडिया के भागीदार एम एस मणि ने कहा कि आंकड़े दर्शाते हैं कि उपभोग में हुई वृद्धि ने कर दरों में की गई कटौती की भरपाई कर दी है।

# ईरान संकट: पश्चिम एशिया में शिपिंग लागत का जोखिम खरीदारों पर डालें चावल निर्यातक

### शुरू हो चुका व्यापार पर संघर्ष का असर, रुक गयी बंदर अब्बास के रास्त ईरान-अफगानिस्तान जाने वाली खेप

**नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी**

ईरान पर अमेरिका और इजरायल के सैन्य हमलों के बाद हरियाणा के चावल निर्यातकों को ईरान और अफगानिस्तान जाने वाली खेप में व्यवधान और भुगतान में देरी का डर सता रहा है। पश्चिम एशिया में बिगड़ते सुरक्षा हालातों और होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से आवाजाही बाधित होने की आशंका के बीच शिपिंग लागत का जोखिम खरीदारों पर डालने की सलाह दी गयी है।

राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन की राज्य इकाई के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन ने रविवार को कहा कि व्यापार पर संघर्ष का कुछ असर पहले ही शुरू हो चुका है। ईरान के सबसे बड़े बंदरगाह- बंदर अब्बास के रास्ते ईरान या अफगानिस्तान जाने वाली खेप रुक गई है। जैन ने बताया कि स्थिति सुधरने तक ये खेप फंसी रहेगी, जिससे बाजार प्रभावित




होगा। भुगतान में भी देरी हो सकती है। हालांकि, उन्होंने कहा कि प्रभाव का सटीक आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी, क्योंकि यह इस बात पर निर्भर करेगा कि संघर्ष कितने समय तक चलता है। बासमती निर्यात के बारे में जैन ने बताया कि भारत के कुल वार्षिक निर्यात में हरियाणा का योगदान लगभग 35 प्रतिशत है।

इसबीच इंडियन राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन (आईआरईएफ) ने अपने सदस्यों को ईरान और खाड़ी के कुछ हिस्सों के लिए नए सीआईएफ (लागत, बीमा और माल ढुलाई) सौदों से बचने की सलाह दी है। फेडरेशन ने रविवार को जारी एक परामर्श में निर्यातकों से कहा है कि जहां तक संभव हो वे एफओबी (फ्री ऑन बोर्ड) शर्तों पर काम करें। इस व्यवस्था के तहत अंतरराष्ट्रीय खरीदार माल ढुलाई, बीमा और संबंधित जोखिमों को वहन करता है, जिससे भारतीय निर्यातक निश्चित मूल्य वाले अनुबंधों पर अचानक बढ़ने वाली लागत के जोखिम से बच जाते हैं।

निर्यातकों के निकाय ने चेतावनी दी कि ईरान और यूएई के घटनाक्रम 'बंकर' (मालवाहक जहाजों में प्रयुक्त ईंधन) की कीमतों को बढ़ा सकते हैं... कम समय के नोटिस पर कंटेनर और बल्क फ्रेट में भारी वृद्धि हो सकती है। साथ ही, बीमा प्रीमियम में भी तेज उछाल की आशंका जताई गई है। भारत के चावल निर्यात के लिए यह संकट काफी बड़ा है, क्योंकि अफ्रीका और पश्चिम एशिया को होने वाला निर्यात कुल राष्ट्रीय चावल निर्यात का लगभग आधा हिस्सा है। करनाल के चावल मिल मालिक नीरज कुमार ने कहा कि कल संघर्ष शुरू होने के बाद से अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। ईरान बासमती का हमारा सबसे बड़ा खरीदार है, जबकि इसका निर्यात यूएई, ओमान, यमन और इराक जैसे अन्य देशों में भी किया जाता है।

### सरकार-निर्यातकों-शिपिंग कंपनियों की बैठक आज

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और युद्ध के हालातों के बीच भारतीय व्यापार पर इसके प्रभाव का आकलन करने के लिए वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। इस बैठक में निर्यातकों, शिपिंग कंपनियों और विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि तेजी से बदलते हालात के बीच भारतीय व्यापार पर इसके असर को समझने के लिए आयोजित इस बैठक में कुछ लोग सीधे और कुछ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये शामिल होंगे। निर्यातकों ने गहरी चिंता व्यक्त की है कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध से होर्मुज जलडमरूमध्य और बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग प्रभावित होंगे। ये मार्ग भारत को खाड़ी क्षेत्र, उत्तरी अमेरिका और यूरोप से जोड़ने के लिए जीवन रेखा माने जाते हैं।

## इजराइलः हाइफा बंदरगाह पूरी तरह सुरक्षितः अदाणी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

ईरान के साथ बढ़ते सैन्य संघर्ष के बीच अदाणी समूह ने रविवार को कहा कि इजराइल स्थित उसका 'हाइफा बंदरगाह' पूरी तरह सुरक्षित है और परिचालन की स्थिति में है। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनमिक जोन (एपीएसईजेड) ने एक बयान में कहा कि उसके सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और बंदरगाह की सभी संपत्तियां तथा बुनियादी ढांचा पूरी तरह सुरक्षित है। अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान के खिलाफ एक सैन्य अभियान शुरू किया, जिसमें उसके सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं, जिनमें हाइफा को भी निशाना बनाया गया है।

बयान में कहा गया, "हाइफा पोर्ट कंपनी पुष्टि करती है कि उसके सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। बंदरगाह की सभी संपत्तियां और बुनियादी ढांचा पूरी तरह सुरक्षित एवं परिचालन की स्थिति में है।" हालांकि, बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि ईरान के किसी ड्रोन या मिसाइल ने बंदरगाह को नुकसान पहुंचाया है या नहीं।

### तेल आपूर्ति पर कोई बड़ा खतरा नहीं, बढ़ सकती हैं कीमतें

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** ईरान में गहराते संकट के कारण भारत को कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और व्यापक आर्थिक प्रभाव का सामना करना पड़ सकता है। विश्लेषकों की राय में हालांकि, देश की तेल आपूर्ति श्रृंखला को अभी तक किसी संरचनात्मक असुरक्षा का सामना नहीं करना पड़ा है। होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास बढ़ते तनाव ने ब्रेंट क्रूड की कीमतों को 73 डॉलर प्रति बैरल के सात महीने के उच्चस्तर तक पहुंचा दिया है। इससे वैश्विक ऊर्जा बाजारों में भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ गया है, जिससे मुद्रास्फीति और चालू खाते के घाटे (सीएडी) पर दबाव बढ़ सकता है। हालांकि, निकट भविष्य में तेल आपूर्ति बाधित होने की संभावना कम है। केपलर के शीर्ष शोध विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा कि मौजूदा स्थिति में शुरुआती प्रभाव मात्रा के बजाय कीमत आधारित होने की संभावना है।

## एयरटेल का स्पैम मैसेज रोकने के लिए गूगल से करार

**नयी दिल्ली।** निजी दूरसंचार कंपनी एयरटेल ने गूगल के आरसीएस प्लेटफार्म और स्पैम फिल्टर सुविधाओं के लिए उसके साथ एक करार किया है। कंपनी ने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि एयरटेल के नेटवर्क इंटेलिजेंस और गूगल के रिच कम्युनिकेशन सर्विसेज (आरसीएस) प्लेटफॉर्म तथा स्पैम फिल्टरिंग के संयोजन से उपयोगकर्ता अच्छी गुणवत्ता वाली फोटो और वीडियो का अनुभव कर सकते हैं।

वे मैसेज रिएक्शन जैसे इंटरैक्टिव विकल्पों का भी लाभ उठा सकते हैं। साथ ही उन्नत सुरक्षा व्यवस्था के जरिये मोबाइल स्पैम और डिजिटल धोखाधड़ी काफी हद तक कम हो जायेगी। कंपनी ने बताया कि डिजिटल इकोसिस्टम के भीतर एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कमी अब भी मौजूद है। जिनका शातिर और संगठित धोखेबाजों द्वारा बढ़ते स्तर पर दुरुपयोग किया जा रहा है।

## टॉप नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.18 हजार करोड़ रुपये घटा

**मुंबई, एजेंसी**

- एयरटेल का एमकैप सर्वाधिक 55,852 करोड़ रुपये घटा

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही भारी गिरावट के बीच बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल नौ कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 2,18,902 करोड़ रुपये घट गया जबकि हिंदुस्तान यूनीलिवर (एचयूएल) को एमकैप में फायदा हुआ है। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का एमकैप सबसे ज्यादा 55,852 करोड़ रुपये घट गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 37,580 करोड़ रुपये और विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का 34,846 करोड़ रुपये घट गया। बजाज फाइनेंस को एमकैप में 20,316 करोड़ रुपये और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस को 18,181 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सार्वजनिक क्षेत्र के एलआईसी का एमकैप 14,990 करोड़ रुपये कम हुआ। निर्माण एवं अभियांत्रिकी कंपनी एलएंडटी का बाजार पूंजीकरण 13,715 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का 13,061 करोड़ रुपये घट गया। आईसीआईसीआई बैंक को एमकैप में 10,360 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। एफएमसीजी कंपनी एचयूएल का एमकैप 5,463 करोड़ रुपये बढ़ा। बाजार पूंजीकरण के मामले में 18,86,833 करोड़ रुपये के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम है।

एचडीएफसी बैंक 13,65,659 करोड़ रुपये के साथ दूसरे और स्टेट बैंक 11,09520 करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर है।

## धूत भाइयों के खिलाफ दिवाला कार्यवाही पर रोक से इनकार

**नयी दिल्ली।** अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने कर्ज में डूबी वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज द्वारा कर्ज अदायगी में की गई चूक के मामले में धूत भाइयों - राजकुमार नंदलाल धूत और प्रदीप नंदलाल धूत की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया है, जिसमें उनके खिलाफ व्यक्तिगत दिवाला कार्यवाही शुरू करने को चुनौती दी गई थी।

धूत भाइयों के खिलाफ दिवाला कार्यवाही तब शुरू की गई थी, जब एसबीआई ने वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज द्वारा ऋण चूक पर 5,353.78 करोड़ रुपये की मांग का नोटिस जारी किया था। वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज मुख्य कर्जदार थी, जिसके लिए ये दोनों भाई व्यक्तिगत गारंटर थे। एनसीएलएटी की दो सदस्यीय पीठ ने पिछले साल जून में राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ के पारित उन आदेशों को बरकरार रखते हुए इन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

## पहली अप्रैल से लागू होगी सीमा शुल्क बाद में भुगतान की योजना 'ईएमआई'

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा है कि पात्र विनिर्माता आयातक (ईएमआई) योजना एक अप्रैल से लागू होगी। इसके तहत आयातक बिना सीमा शुल्क दिए अपने आयातित सामान निकाल सकेंगे। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि बाद में सीमा शुल्क भुगतान की सुविधा उन पात्र विनिर्माता आयातकों (ईएमआई) के लिए उपलब्ध होगी जो सीमा शुल्क, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अनुपालन, कारोबार, वित्तीय स्थिति अपने पिछले रिकॉर्ड से जुड़े तय मापदंड को पूरा करते हैं।

मंत्रालय ने कहा कि इस सुधार से कारोबार सुगमता की स्थिति बेहतर होगी, अनुपालन संस्कृति मजबूत होगी। एईओ (अधिकृत आर्थिक परिचालक) कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर भागीदारी को बढ़ावा देने और घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देने में मदद मिलेगी। मौजूदा एईओ-टी1 (अधिकृत आर्थिक परिचालक-




टी1) इकाई, जिनमें सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) भी शामिल हैं, जो पात्रता की शर्तें पूरी करते हैं, वे भी इस योजना के पात्र होंगे।

इसमें आगे कहा गया कि यह सुविधा एक अप्रैल, 2026 से उपलब्ध होगी, और 31 मार्च, 2028 तक लागू रहेगी।'''' इस पहल के तहत, ईएमआई से आयातित सामान लिया जा सकेगा, लेकिन उस समय सीमा शुल्क नहीं देना होगा। इसके बजाय, लागू शुल्क का भुगतान ''आयात शुल्क का बाद में भुगतान नियम-2016'' के तहत बाद में किया जा सकेगा। इससे विनिर्माता बेहतर तरीके से अपने नकदी प्रवाह और कार्यशील पूंजी का प्रबंधन कर सकेंगे।

ईएमआई योजना को भरोसे पर आधारित सुविधा के तौर पर डिजाइन किया गया है, जो नियमों का पालन करने वाले विनिर्माताओं को आसान प्रक्रिया का लाभ उठाने का अवसर देती है। इसके अलावा इससे अनुपालन को भी बढ़ावा मिलेगा। योजना की अवधि के दौरान, पात्र विनिर्माता आयातकों से से उम्मीद की जाती है कि वे धीरे-धीरे एईओ-टी2 या एईओ-टी3 का दर्जा हासिल कर लेंगे, जिससे एईओ कार्यक्रम के तहत उन्हें बेहतर सुविधा, तेज मंजूरी और प्राथमिकता वाला दर्जा मिल सके।

## राज्यों के बॉन्ड निर्गम में 'रीइश्यू' की 18.5 प्रतिशत हिस्सेदारी

**मुंबई, एजेंसी।** कुल राज्य विकास ऋण (एसडीएल) उधारी में 'रीइश्यू' (पुनर्निर्गम) की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 18.5 प्रतिशत हो गई है। यह पिछले सात साल का उच्चतम स्तर है। इससे पता चलता है कि राज्यों में अपनी बढ़ी हुई वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा प्रतिभूतियों को फिर से खोलने का रुझान बढ़ रहा है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के आधार पर एजेंसी द्वारा संकलित जानकारी के अनुसार, राज्यों ने वित्त वर्ष 2025-26 में कुल 10,32,788.8 करोड़ रुपये के एसडीएल निर्गम में लगभग 1,90,970 करोड़ रुपये पुनर्निर्गम के जरिये जुटाए। यह अनुपात वित्त वर्ष 2019-20 में दर्ज 17.29 प्रतिशत से अधिक है और पिछले कम से कम सात वित्त वर्षों में सबसे ऊंचा स्तर है।

### विस्तार

#### यूनिफॉर्म से लेकर एआई तक अगुवा बनने का इरादा

# अब शिक्षा क्षेत्र में दांव लगाने को तैयार मफतलाल समूह

**नयी दिल्ली, एजेंसी।**

कभी मशहूर कपड़ा ब्रांड रहा अरविंद मफतलाल समूह अब शिक्षा क्षेत्र में बड़ा दांव लगाने जा रहा है। समूह का इरादा यूनिफॉर्म (स्कूलों, अस्पतालों में इस्तेमाल होने वाली वर्दी) से लेकर कृत्रिम मेधा (एआई) तक की पेशकश करने का है। समूहके वाइस-चेयरमैन प्रियव्रत मफतलाल ने यह जानकारी दी।

समूह की प्रमुख कंपनी मफतलाल इंडस्ट्रीज कपड़ा, विशेषरूप से यूनिफॉर्म क्षेत्र पर खास ध्यान देगी। इसके साथ ही कंपनी प्रौद्योगिकी, भविष्य के कौशल, उद्यमिता और स्वास्थ्य एवं स्वच्छता क्षेत्र पर भी ध्यान केंद्रित करेगी। परिवार की तीसरी पीढ़ी से जुड़े प्रियव्रत मफतलाल ने एजेंसी के साथ साक्षात्कार में समूह की दीर्घावधि की महत्वाकांक्षा के बारे में पूछे जाने पर कहा कि हम सिर्फ कपड़ा क्षेत्र के अलावा और भी बहुत कुछ कर रहे हैं...।

मफतलाल इंडस्ट्रीज जिसकी 120 साल से ज्यादा की विरासत है। स्कूल, कॉरपोरेट और अस्पतालों के लिए यूनिफॉर्म या वर्दी बनाने वाली एक बड़ी कंपनी है। समूह की दूसरी कंपनियों में रबड़ केमिकल बनाने वाली एनओसीआईएल, भविष्य के कौशल पर केंद्रित लर्निंग स्टार्टअप '' गेट सेट लर्न'' और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी व्रत टेक साल्यूशंस शामिल हैं।



प्रियव्रत मफतलाल

उन्होंने कहा कि कपड़ा स्पष्ट तौर पर हमारा मुख्य क्षेत्र है। यूनिफॉर्म ऐसी चीज़ है जिसे हम बदलना चाहते हैं...आज किसी के पास कपड़ा खरीदने, दर्जी के पास जाने का समय नहीं है। आप चाहते हैं कि सिलेसिलाए कपड़े आपके घर आएं, खासकर यूनिफॉर्म के लिए।''''

मफतलाल ने कहा, हालांकि कुछ कंपनियां घर पर रेडिमेड यूनिफॉर्म की आपूर्ति कर रही हैं, लेकिन अगर हम इसे बड़े पैमाने पर कर सकें, तो यह एक बड़ा बदलाव होगा। शिक्षा के क्षेत्र में, उन्होंने कहा कि समूह स्तर पर, हम शायद दुनिया के अकेले या उन कुछ खिलाड़ियों में से एक के तौर पर स्थापित होना चाहेंगे जो आपको यूनिफॉर्म से लेकर एआई तक सब कुछ दे रहे हैं।

बताया-हम सरकारी स्कूलों में कक्षाओं को डिजिटल कर रहे हैं। उन्हीं सरकारी स्कूलों के साथ, अब हम आईसीटी लैब, पीएएल लैब और रोबोटिक लैब बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। हम उस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। 'गेट सेट लर्न' का ज़िक्र करते हुए, मफतलाल ने कहा कि यह सिर्फ भविष्य के कौशल... उद्यमिता और भविष्य के उद्यमिता रोबोटिक्स, एआई, करियर और जीवन में काम आने वाले कौशल पर काम कर रही है। हम इसे दुनिया के कुछ सबसे बड़े नामों जैसे हार्वर्ड, कैम्ब्रिज, आईआईटी गुवाहाटी, आईआईटी रुड़की, वीईएक्स... के साथ बना रहे हैं। वे भविष्य के कौशल के तहत आने वाले इस सफर पर मिलकर चलने के लिए हमारे साथ भागीदारी कर रहे हैं। यह बताते हुए कि समूह स्वच्छता क्षेत्र में स्क्रब, अस्पताल कर्मियों द्वारा पहनी जाने वाली वर्दी, डायपर और सैनिटरी नैपकिन में भी मुख्य रूप से शामिल है।

# सावधान! 'सिम बाइंडिंग' नियम लागू बिना सिम कार्ड नहीं चलेगा व्हाट्सएप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश में डिजिटल सुरक्षा को चाक-चौबंद करने के लिए भारत सरकार ने आज, 1 मार्च 2026 से मैसेजिंग ऐप्स के लिए नए 'सिम बाइंडिंग' (SIM Binding) नियमों को अनिवार्य कर दिया है। अब व्हाट्सएप, टेलीग्राम और सिग्नल जैसे प्लेटफॉर्म्स का उपयोग केवल तभी किया जा सकेगा जब संबंधित मोबाइल नंबर का फिजिकल सिम कार्ड डिवाइस में सक्रिय रूप से मौजूद हो। क्या है नया नियम? दूरसंचार विभाग (DoT) के टेलीकॉम साइबर सिक्योरिटी (TCS) रूल्स, 2024 के तहत




अब मैसेजिंग ऐप्स का सीधा जुड़ाव सक्रिय सिम कार्ड से होगा। पहले केवल एक बार OTP के जरिए वेरिफिकेशन होता था, जिसके बाद सिम हटा देने पर भी ऐप चलता रहता था। लेकिन अब सिम कार्ड निकालते ही या इनएक्टिव होते ही व्हाट्सएप काम करना बंद कर देगा। व्हाट्सएप वेब पर भी सख्ती डेस्कटॉप या लैपटॉप पर व्हाट्सएप वेब इस्तेमाल करने वालों को अब हर 6 घंटे में ऑटो-लॉगआउट का सामना करना पड़ेगा। दोबारा लॉगिन के लिए यूजर को अपने उसी प्राइमरी फोन की जरूरत होगी जिसमें सिम कार्ड लगा है।

यह कदम साइबर अपराधियों द्वारा वेब वर्जन के जरिए किए जाने वाले अवैध एक्सेस को रोकने के लिए उठाया गया है। इन ऐप्स पर पड़ेगा असर यह नियम उन सभी ऐप्स पर लागू है जो मोबाइल नंबर आधारित लॉगिन का उपयोग करते हैं, जिनमें WhatsApp, Telegram, Signal, Snapchat, JioChat और Arattai शामिल हैं।

# अफगानिस्तान ने बगराम एयरबेस पर पाकिस्तानी हमले को किया नाकाम

काबुल, एजेंसी

पाकिस्तानी सेना ने रविवार सुबह बगराम एयरबेस पर हमला करने की कोशिश की लेकिन देश की रक्षा प्रणाली ने इसे नाकाम कर दिया । पझवोक अफगान न्यूज के हवाले से यह जानकारी दी गयी है। प्रांतीय पुलिस मुख्यालय ने कहा कि सुबह करीब 5:00 बजे पाकिस्तानी सेना के कई जेट विमानों ने बगराम एयरबेस पर हवाई हमले किए।

बयान में कहा गया, बगराम की बहादुर रक्षात्मक और वायु सेना के तुरंत जवाब से दुश्मन की हरकतों को बेअसर कर दिया गया और एक जरूरी तथा निर्णायक जवाब दिया गया। अब तक इलाके में जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है और स्थिति पूरी तरह से सुरक्षा बलों के नियंत्रण में है। पुलिस मुख्यालय ने इस बात पर जोर दिया कि देश के हवाई क्षेत्र और देश की आजादी की रक्षा करना एक बुनियादी और अहम जिम्मेदारी है। अफगानिस्तान के इलाके, लोगों या मूल्यों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई का जवाब सही और निर्णायक तरीकों से दिया जाएगा। गौरतलब है कि 21 फरवरी को पाकिस्तानी सेना ने पक्तिका में एक मदरसे और नंगरहार में रिहायशी इलाकों पर हवाई हमले किए, जिसमें दस से अधिक लोगों की मौत हो गयी थी। इसके बाद 27 फरवरी को अफगानिस्तान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने डूरंड रेखा पर पाकिस्तानी सेना की चौकियों और सैन्य केंद्रों पर जवाबी हमले किए, जिसमें पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान हुआ।

- पाकिस्तानी वायुसेना ने रविवार सुबह की थी हमले की कोशिश



## क्या टूट जाएगी तेल की धारा

होर्मुज जलडमरूमध्य वर्तमान वैश्विक भू-राजनीति और अर्थव्यवस्था का वह चोक पॉइंट है, जिसकी धड़कनें रुकने का अर्थ है पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था का थम जाना। इसे दुनिया की तेल की जीवन रेखा कहा जाता है। जब भी मध्य-पूर्व में तनाव बढ़ता है, चाहे वह ईरान-इजराइल संघर्ष हो या ईरान-अमेरिका टकराव, ईरान अक्सर इस रास्ते को बंद करने की धमकी देता है। इस बार अमेरिकी-इजराइली हमले के बाद भी उसने यह धमकी दी है। ईरान के पास इस जलडमरूमध्य की भौगोलिक स्थिति का लाभ है, इसका पूरा उत्तरी तट ईरान के नियंत्रण में है। यदि ईरान इस रास्ते को बंद करता है, तो केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं होगी, बल्कि एक वैश्विक आर्थिक सुनामी होगी। तेल की कीमतों में उछाल, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का टूटना और ऊर्जा सुरक्षा पर मंडराता खतरा दुनिया को एक गहरी मंदी की ओर धकेल सकता है।

## होर्मुज जलडमरूमध्य



### कच्चे तेल का अहम रास्ता

- होर्मुज जलडमरूमध्य केवल पानी का एक संकरा रास्ता नहीं है, बल्कि यह आधुनिक सभ्यता के पहियों को घुमाने वाला मुख्य धमन मार्ग है। भौगोलिक दृष्टि से यह उत्तर में ईरान और दक्षिण में ओमान व संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच स्थित है। यह फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है। इसकी सबसे कम चौड़ाई मात्र 33 किलोमीटर के आसपास है, लेकिन इसका महत्व इसकी चौड़ाई से कहीं अधिक विशाल है। दुनिया भर में खपत होने वाले कुल कच्चे तेल का लगभग 20% से 30% हिस्सा इसी संकरे रास्ते से होकर गुजरता है। सांख्यिकीय दृष्टि से देखें तो प्रतिदिन लगभग 1.9 से 2.1 करोड़ बैरल तेल यहाँ से टैंकरों के माध्यम से निकलता है।

### भारत के लिए गहरा संकट

- भारत अपनी जरूरत का 85% कच्चा तेल आयात करता है, जिसमें से एक बड़ा हिस्सा फारस की खाड़ी से आता है।
- आर्थिक झटका : तेल की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी भी भारत के राजकोषीय घाटे को बढ़ा देती है। यदि कीमतें दोगुनी हुईं, तो भारतीय रुपया ऐतिहासिक गिरावट देख सकता है।
- पेट्रोल-डीजल के दाम : देश में ईंधन की कीमतें आसमान छूने लगेंगी, जिससे माल ढुलाई महंगी होगी और आम आदमी की थाली पर सीधा असर पड़ेगा।
- ऊर्जा सुरक्षा : भारत के रणनीतिक तेल भंडार केवल कुछ ही दिनों की आपूर्ति सुनिश्चित कर सकते हैं। लंबे समय तक रास्ता बंद रहने पर उद्योग ठप हो सकते हैं।
- प्रवासी भारतीय : खाड़ी देशों में लाखों भारतीय काम करते हैं। युद्ध की स्थिति में उनकी सुरक्षा और वहां से आने वाले रेमिटेंस (धन प्रेषण) पर खतरा मंडराएगा।

### दुनिया के सामने क्या हैं विकल्प

- पाइपलाइन का विस्तार : सऊदी अरब ने ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन बनाई है जो तेल को लाल सागर तक ले जा सकती है। इसी तरह यूएई ने हबशान-फुजैराह पाइपलाइन बनाई है।
- रणनीतिक भंडार : भारत, अमेरिका और चीन जैसे देश अपने जमीन के नीचे स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व कर रहे हैं ताकि संकट के समय 15-90 दिनों तक काम चल सके।
- नवीकरणीय ऊर्जा : इस निर्भरता को कम करने का दीर्घकालिक समाधान सौर, पवन और हाइड्रोजन ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ना है।
- कूटनीति : अमेरिकी टास्क फोर्स इस क्षेत्र में जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है।

# कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया

## प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्र शासित प्रदेश में एक जनसभा में विपक्षी पार्टी पर साधा निशाना

- पुडुचेरी में 2700 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की

पुडुचेरी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि इस केंद्र शासित प्रदेश में उसका शासन राजनीतिक अस्थिरता और भ्रष्टाचार से ग्रस्त था, तथा यह केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली में एक परिवार के लिए एटीएम की तरह था। द्रमुक पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि जनता पड़ोसी राज्य तमिलनाडु में हो रहे घोटालों की एक लंबी सूची देख सकती है, जहां द्रविड़ पार्टी का शासन है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पुडुचेरी में कांग्रेस के पूर्व शासनकाल के दौरान राशन की दुकानों में चावल नहीं था, वेतन में देरी होती थी, और सड़कों पर गुंडे तथा ड्रग माफिया का राज था। मोदी ने यहां नई परियोजनाओं की शुरुआत और नई पहलों के लिए आधारशिला रखने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में बैठे एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और द्रमुक पुडुचेरी के विकास पथ में गतिरोधक बन गए हैं। यहां 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पुडुचेरी को केवल राज्यों के लिए बनाई गई पूंजी निवेश से जुड़ी विशेष सहायता योजना में शामिल किया है।

स्वतंत्रता आंदोलन में पुडुचेरी क्षेत्र की भूमिका की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक हमें एक विकसित पुडुचेरी, एक विकसित भारत का निर्माण करना होगा, पुडुचेरी की डबल इंजन सरकार इस मिशन में आपके साथ है और हम सर्वश्रेष्ठ पुडुचेरी के लिए काम करते रहेंगे।



पुडुचेरी में कई परियोजनाओं की आधारशिला रखने के दौरान प्रधानमंत्री मोदी।

### युवाओं के सपने साकार करने को कर रहे काम

मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने पुडुचेरी को विशेष पूंजी निवेश सहायता योजना में शामिल किया है, जो केवल राज्यों के लिए है। उन्होंने कहा कि इस कदम से सड़कों सहित बेहतर बुनियादी ढांचे के रूप में केंद्र शासित प्रदेश के लोगों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि पांडिचेरी विश्वविद्यालय में भी बुनियादी ढांचे का उन्नयन किया गया है। उन्होंने कहा, सशक्त युवा ही विकास की नींव हैं। हम उनके सपनों को साकार करने के लिए काम कर रहे हैं। एनआईटी कराईकल में नया डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग ब्लॉक और आधुनिक छात्रावास सुविधाएं कई छात्रों के लिए तकनीकी शिक्षा को मजबूत करेंगी।

### पुडुचेरी को राज्य का दर्जा देने की मांग

एआईएनआरसी-भाजपा गठबंधन सरकार के प्रमुख मुख्यमंत्री एन रंगासामी ने प्रधानमंत्री से पुडुचेरी की राज्य का दर्जा देने की मांग को स्वीकार करने की अपील की। कार्यक्रम में अपने भाषण में उन्होंने कहा कि पुडुचेरी वर्षों से लगातार राज्य का दर्जा देने की गुहार लगा रहा है और प्रस्तावों के माध्यम से केंद्र से मांग कर रहा है। रंगासामी ने कहा कि विधानसभा में 13 मौकों पर प्रस्ताव पारित किए गए जिन्हें पुडुचेरी को राज्य का दर्जा देने के लिए केंद्र को भेजा गया। उन्होंने कहा कि राज्य का दर्जा देने की मांग पुडुचेरी के लोगों की आकांक्षा है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री हमारी मांग मान लेंगे।

## जम्मू में सुशासन सम्मेलन कराएगी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार का प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग जम्मू-कश्मीर सरकार के सहयोग से तीन मार्च को जम्मू में एक-दिवसीय राष्ट्रीय सुशासन सम्मेलन का आयोजन करेगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य देश भर के जिलों द्वारा अपनाई गई उन नवोन्मेषी शासन पद्धतियों को प्रदर्शित और प्रसारित करना है, जिनसे सेवा वितरण, नागरिक कल्याण और स्थानीय विकास में सुधार हुआ है। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन करेंगे। कार्मिक मंत्रालय के मुताबिक, सम्मेलन का विषय 'जिलों का समग्र विकासः विकसित भारत के लिए शासन में परिवर्तन' है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित 2023 और 2024 की योजनाओं को प्रदर्शित करने वाले सत्र से होगा, जिसमें एलुरु (आंध्र प्रदेश), गोमती (त्रिपुरा), कोरापुट (ओडिशा) और करगिल सहित विभिन्न जिलों एवं संस्थानों की प्रस्तुतियां शामिल होंगी। सम्मेलन में उन शासन मॉडल को प्रदर्शित किया जाएगा, जिन्हें लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कारों की विभिन्न श्रेणियों के तहत मान्यता प्राप्त हुई है।

# प. बंगाल की मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों को हटाया गया

कूच बिहार, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों को हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में अवैध प्रवासियों का समय समाप्त हो गया है। नवीन का यह बयान पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची के प्रकाशन के एक दिन बाद है, जिसमें 63.66 लाख नाम हटा दिए गए हैं।

कूच बिहार में पार्टी की परिक्रमा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए नवीन ने आरोप लगाया कि जिन्हें मतदाता सूची से हटाया गया है वे घुसपैठिए थे, जो सरकारी नौकरियों और वास्तविक नागरिकों के लिए बनी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे थे। उन्होंने कहा, मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों को हटा दिया गया है। ये न केवल वैध नागरिकों के अधिकारों का हनन कर रहे थे, बल्कि देश की सुरक्षा को भी खतरे में डाल रहे थे। नवीन ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फर्जी दस्तावेज हासिल करने में मदद करके घुसपैठियों को संरक्षण प्रदान किया। नवीन ने तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व पर तीखा हमला करते हुए कहा, ममता बनर्जी ने मतदाता सूची में घुसपैठियों को बचाने के लिए अदालतों का रुख किया।

- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने किया दावा



### तो मूल निवासी अल्पसंख्यक बन जाएंगे: नड्डा

कृष्णानगर। केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा ने पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर घुसपैठियों की मदद का आरोप लगाते हुए दावा किया कि इसके कारण पश्चिम बंगाल के मूल निवासी अल्पसंख्यक हो जाएंगे। नड्डा ने नदिया जिले के कृष्णानगर में एक रैली में आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस राज्य को घुसपैठियों का केंद्र बनाने की कोशिश कर रही है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अजय डबास डेल्टा फोर्स के जीओसी बने

**जम्मू।** मेजर जनरल अजय सिंह डबास ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद-रोधी बल (डेल्टा) की कमान संभाल ली है। उन्होंने मेजर जनरल ए.पी. एस. बल का स्थान लिया है। डेल्टा फोर्स का गठन पांच सितंबर 1994 को हुआ था और इसका मुख्यालय रामबन जिले के बटोटे क्षेत्र में स्थित है। यह बल चेनाब घाटी के रामबन, किश्तवाड़ और डोडा जिलों में आतंकवाद को काफी हद तक समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है। पदभार संभालने के बाद, मेजर जनरल डबास ने युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

### पॉकेट पॉटर्स सीरीज में दो नई पुस्तकें जारी

**नई दिल्ली।** ब्लूम्सबरी इंडिया ने अपनी पॉकेट पॉटर्स सीरीज में दो नई पुस्तके जारी कीं, जिनमें हैरी पॉटर के अलग-अलग पात्रों से जुड़ी कहानियों के अहम पल और मजेदार जानकारियां शामिल हैं। ये दोनों पुस्तकें लूना लवगुड और एल्बस डंबलडोर के किरदारों को समर्पित हैं। पिछले साल हैरी पॉटर, रॉन वीस्ली और हर्मियोनी ग्रेंजर पर आधारित पुस्तकें पॉकेट पॉटर्स के नाम से जारी हुई थीं। भारत में हैरी पॉटर के आधिकारिक प्रकाशक ब्लूम्सबरी ने बताया कि डॉबी और हैग्रिड पर आधारित अतिरिक्त पुस्तकें अगस्त में जारी किए जाने की योजना है।

### सीजेआई ने तिरुमला मंदिर में की पूजा

**तिरुमला।** मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने रविवार सुबह विश्व प्रसिद्ध तिरुमला मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी की पूजा-अर्चना की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सीजेआई का पद संभालने के बाद शनिवार शाम मंदिर नगरी का अपना पहला दौरा किया है। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के पुजारियों और अधिकारियों ने मुख्य मंदिर परिसर के महाद्वारम पर आगमन के समय उनका पारंपरिक स्वागत किया।

### कूनो नदी में घड़ियाल और कछुओं को छोड़ा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को श्योपुर जिले के कूनो राष्ट्रीय उद्यान स्थित (केएनपी) कूनो नदी में घड़ियाल और कछुओं को छोड़ा तथा इसे वन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। यादव ने राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य के तत्वावधान में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय उद्यान के अंदर पालपुर किले के पास कूनो नदी में 53 घड़ियाल और 25 कछुओं को छोड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि घड़ियाल और कछुओं की आबादी का संरक्षण और संवर्धन किया जा रहा है।

# विकसित भारत युवाओं की आकांक्षाओं पर आधारित

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- परमेश्वरन स्मृति व्याख्यानमाला में बोले केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि विकसित भारत 2047 का विजन भारत के युवाओं की आकांक्षाओं में निहित है। उन्होंने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और भविष्य के लिए तैयार नवाचार से होने वाले बदलावों के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत की।

सिंह ने शनिवार को यहां पांचवें पी. परमेश्वरन स्मृति व्याख्यान में इस बात पर जोर दिया कि 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की यात्रा सशक्त युवा प्रतिभाओं, एक मजबूत अनुसंधान प्रणाली और साहसिक नीतिगत सुधारों पर आधारित होगी। विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री ने कहा कि 'विकसित भारत' देश के युवाओं को समर्पित है और केंद्र सरकार ने युवा सशक्तिकरण को शासन के केंद्र में रखा है। सिंह ने प्रमुख योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए विवि व संस्थानों में अनुसंधान संस्कृति को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना, साथ ही अटल नवाचार मिशन और अटल टिंकरिंग लैब का उल्लेख किया, जो स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा और नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, भारत ने वैश्विक नवाचार सूचकांक में प्रगति की है, जो नवाचार और अनुसंधान के केंद्र के रूप में इसकी बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाती है।

## महासमुंद जिले में 15 नक्सलियों ने डाले हथियार

**महासमुंद।** माओवदियों के संगठन में विशेष क्षेत्रीय समिति स्तर के सदस्य विकास सहित 15 नक्सलियों ने रविवार को महासमुंद जिले में सुरक्षाकर्मियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में नौ महिलाएं भी शामिल हैं। ये नक्सली प्रतिबंधित संगठन के बालांगीर-बरगढ़-महासमुंद डिवीजन से संबंधित थे और छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर सक्रिय थे। छत्तीसगढ़ के गृह विभाग की भी जिम्मेदार संभाल रहे शर्मा ने इस घटनाक्रम को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# प्रशिक्षण देने त्रिंकोमाली पहुंचा आईएनएस तरंगिनी

नई दिल्ली/कोलंबो, एजेंसी

- श्रीलंका की नौसेना के चयनित जवान पोत पर होंगे सवार

भारतीय नौसेना का प्रशिक्षण पोत आईएनएस तरंगिनी एक प्रशिक्षण यात्रा के हिस्से के रूप में श्रीलंका के त्रिंकोमाली बंदरगाह पहुंच गया है। नौसेना प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि यात्रा के दौरान तरंगिनी के कमांडिंग ऑफिसर ने पूर्वी नौसेना क्षेत्र के उप कमांडर कोमोडोर हरिता जयदेवत से मुलाकात की और पाल प्रशिक्षण में सहयोग पर चर्चा की।

जहाज ने श्रीलंकाई सैनिकों, उनके परिवारों और प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए जहाज पर एक परिचय दौरे की मेजबानी की। जहाज के इस बंदरगाह प्रवास के दौरान सामुदायिक जुड़ाव गतिविधियों और प्रशिक्षण आदान-प्रदान की योजना बनाई गई है। श्रीलंका नौसेना और समुद्री अकादमी के चयनित प्रशिक्षु अधिकारी कोलंबो तक की यात्रा के लिए आईएनएस तरंगिनी पर सवार होंगे। इस यात्रा के दौरान, प्रशिक्षुओं को पाल प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया जाएगा। आईएनएस तरंगिनी की संकल्पना अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध डिजाइनर कॉलिन मुडी ने की थी और इसका निर्माण स्वदेशी रूप से गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में किया गया था। पोत में एक मजबूत स्टील हल है और एल्युमीनियम डेकहाउस है और सागौन लकड़ी की बारीक नक्काशी से इसके आंतरिक भाग को सजाया गया है।


## कैसा रहेगा आपका आज का दिन


मेष
आज व्यवसाय में वृद्धि हेतु कुछ धन का निवेश कर सकते हैं। पुराने संपर्क से लाभ होगा। शाम को कोई शुभ समाचार मिल सकता है।


वृष
आज नया काम शुरु न करें। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व कम होगा। कानूनी पचड़ों में घिरने की आशंका है।


मिथुन
आज घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। बिजनेस में नए अनुबंध हो सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।


कर्क
आज आपकी योजनाएं समय पर पूर्ण होंगी। कारोबार में नए प्रयोग लाभकारी हो सकते हैं। मेहनत का सुखद परिणाम प्राप्त होगा।


सिंह
आज अव्यावहारिक निर्णय लेने से आपको बचना चाहिए। प्रेम-संबंधों में निकटता बढ़ेगी। धार्मिक लोग किसी साधना को लेकर विचारशील रहेंगे।



कन्या
आज सहकर्मी आपकी सहायता करेंगे। संपत्ति के विवादों में समझौता हो सकता है। कार्यक्षेत्र में विरोधी परेशान कर सकते हैं।


तुला
आज नया वाहन खरीदने का मन बना सकते हैं। सामाजिक कार्यों के कारण लोकप्रियता बढ़ेगी। धैर्यवान होकर समस्या का समाधान खोजें।


वृश्चिक
आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। अनुभवी लोगों से आपके संबंध मधुर होंगे।


धनु
आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। शरीर मे थकावट व ऊर्जा में कमी महसूस करेंगे। काम का दबाव बढ़ने से आप थोड़े नाखुश रहेंगे।


मकर
आज कोई बड़ा निर्णय न लें। व्यापार में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। नई जॉब ढूंढ रहे लोगों को परेशानी होगी।


कुंभ
आज अपनी क्षमता से अधिक खर्च का बजट न बनाएं। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में बॉस से बहस होने की आशंका है।


मीन
आज प्रेम की अभिव्यक्ति कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सम्मान व आर्थिक लाभ दोनों प्राप्त होंगे। आप अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे।

# सिद्धार्थ चटर्जी वियना स्थित थिंक टैंक की संभालेंगे कमान

बीजिंग, एजेंसी

- बनाए गए ग्लोबल नेबर्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी

संयुक्त राष्ट्र के भारतीय मूल के अनुभवी राजनयिक सिद्धार्थ चटर्जी को वियना स्थित थिंक टैंक ग्लोबल नेबर्स का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। चीन में रविवार को संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर (आरसी) के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद चटर्जी (62) की यह नियुक्ति हुई है।

चीन में 2021 में संयुक्त राष्ट्र के 26 कार्यालयों के प्रमुख के रूप में उनकी नियुक्ति काफी चर्चा में रही थी क्योंकि यह पूर्वी लद्दाख गतिरोध को लेकर भारत-चीन तनाव के बीच हुई थी। भारत में पुणे स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के पूर्व छात्र रहे चटर्जी ने संयुक्त राष्ट्र में शामिल होने से पहले भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दी थीं और उन्हें 1995 में वीरता के लिए सम्मानित किया गया था। ग्लोबल नेबर्स द्वारा जारी बयान में कहा गया कि चटर्जी को दो मार्च से प्रभावी रूप से इसका सीईओ नियुक्त किया गया है। ग्लोबल नेबर्सकी स्थापना 2022 में उद्यमी जोवांका पोर्श, ऑस्ट्रिया के पूर्व चांसलर क्रिश्चियन केर्न और जर्मनी के पूर्व उप-चांसलर फिलिप रोस्लर ने की थी। इसका उद्देश्य व्यापार, राजनीति और समाज के हितधारकों के बीच तथ्य-आधारित संवाद के लिए एक मंच तैयार कर यूरोप, एशिया और अन्य क्षेत्रों के बीच सेतु का निर्माण करना है।

भारतीय संगीत परंपरा

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने केरल के त्रिशूर में रखी चेतना गणाश्रम की नींव


# लाखों दिलों को एक लय में पिरोता है संगीत

- भारत में संगीत की समृद्ध परंपरा हजारों साल पुरानी

त्रिशूर (केरल), एजेंसी

उपराष्ट्रपति सीपी. राधाकृष्णन ने रविवार को कहा कि भारत में संगीत एक ऐसा शक्तिशाली सूत्र है, जो लाखों दिलों को एक लय में पिरोता है। उन्होंने यहां नादतारा में कुरियाकोस इलियास सर्विस सोसाइटी की पहल गणाश्रम (संगीत-आध्यात्मिक केंद्र) के शिलान्यास समारोह में यह बात कही। राधाकृष्णन ने कहा, भारत की अपनी समृद्ध संगीत परंपरा है, जो हजारों साल पुरानी है।

भारत का संगीत एक आध्यात्मिक सफर, ध्यान, प्रार्थना और जीवन का उत्सव है। संगीत लाखों दिलों को एक लय में पिरोता है। उन्होंने कहा कि भारत की बात करते समय हम एक प्राचीन सभ्यता की बात करते हैं, जिसकी आत्मा संगीत में अपनी शुद्धतम अभिव्यक्ति पाती है। उन्होंने कहा, वेदों के स्तोत्रों से लेकर संतों की भावपूर्ण अभिव्यक्तियों तक, संगीत हमारी सभ्यता में पवित्र गंगा की तरह बहता रहा है। उन्होंने कहा कि सामवेद के मंत्र दुनिया में व्यवस्थित संगीत के शुरुआती आधारों में से हैं। उन्होंने कहा, चोल राजाओं द्वारा निर्मित मंदिरों में प्राचीन दक्षिण भारत की संगीत संस्कृति के जीवंत प्रमाण मिलते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि भारत की संगीत विरासत अत्यंत प्राचीन है। उन्होंने कहा कि भारत में संगीत परंपराओं की बड़ी विविधता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उत्तर की हिंदुस्तानी और दक्षिण की कर्नाटक शास्त्रीय परंपराएं ध्वनि की गहन प्रणालियां हैं, जिन्हें सदियों से महान गुरुओं ने समृद्ध किया है। उन्होंने कहा, त्यागराज की अमर रचनाएं आज भी मन में नयी उमंग भर देती हैं। तानसेन की प्रतिभा इतिहास में गूंजती है।




### हमारे भीतर की भावना से जुड़ता है सप्तस्वर

राधाकृष्णन ने कहा कि पश्चिमी संगीत हो या भारतीय, दुनिया भर में स्वर तो सात ही हैं। उन्होंने कहा, प्रत्येक सप्तस्वर हमारे भीतर की भावनाओं से जुड़ता है। एक सुकून देने वाला राग चिंता कम कर सकता है, भक्तिमय रचना मनोबल बढ़ा सकती है और जीवंत धुन ऊर्जा भर सकती है।" उन्होंने कहा, संगीत और ध्यान के जरिए सभी धर्मों के लोगों को एक आध्यात्मिक छत्र के नीचे लाने के लिए मैं गणाश्रम की सराहना करता हूं। राधाकृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योग को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिली है।

## आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 2 मार्च, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी 17.55 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- अश्लेशा 19.51 तक तत्पश्चात मघा।

## सुडोकू - 76 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 8 | 7 | 9 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 |
| 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 4 |
| 7 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 5 | 4 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 7 | 8 | 9 | 4 | 1 | 6 | 5 | 2 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | 8 | 3 | 4 | 7 |

## सुडोकू -77

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | | | 1 | | |
| | 5 | | 9 | 4 | | | 6 | 8 |
| 6 | | | | | 3 | 9 | | |
| 3 | 2 | | 7 | | | 6 | | 4 |
| | | 4 | | 2 | | | 5 | |
| 1 | | 9 | | | 6 | 8 | | 3 |
| | 1 | | 8 | | 4 | | | |
| | 9 | 6 | | | | 5 | | 7 |
| | | | 5 | | | 4 | | |




मुझे लगता है कि हम एक भी विभाग में रणनीति पर अमल नहीं कर पाए। गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन बल्लेबाजों ने कुछ असाधारण शॉट खेले। हमने वापसी की कोशिश की लेकिन असफल रहे। बल्लेबाजी में भी अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल पाए।
–प्रतिका रावल


# स्टेडियम

कानपुर नगर, सोमवार, 2 मार्च 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com

जुझारू पारी के दौरान शॉट लगाते संजू सैमसन। एजेंसी

# संजू सैमसन की अविष्मरणीय पारी से भारत छठी बार सेमीफाइनल में

## टी-20 विश्व कप : सुपर-8 के अंतिम मुकाबले में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया

खेल डेस्क

**अमृत विचार।** विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन (नाबाद 97 रन, 50 गेंद, चार छक्के, 12 चौके) का बल्ला जरूरत के वक्त जमकर गरजा और रविवार की रात खचाखच भरे ईडन गार्डंस में उनकी अविष्मरणीय पारी का परिणाम भी दिखा, जब मौजूदा चैम्पियन व सह मेजबान भारत ने सुपर 8 के अंतिम ग्रुप एक मैच में चार गेंदों के शेष रहते वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर टी-20 विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में छठी बार अपनी जगह सुरक्षित कर ली।

**पॉवेल व होल्डर की ताबडतोड़ भागीदारी से 195 रनों तक पहुंचा था विंडीज :** पहले बल्लेबाजी पर बाध्य पूर्व चैम्पियन वेस्टइंडीज ने अंतिम छह ओवरों में रोवमैन पॉवेल (नाबाद 34 रन, 19 गेंद, दो छक्के, तीन चौके) और जैसन होल्डर (नाबाद 37 रन, 22 गेंद, तीन छक्के, दो चौके) की ताबड़तोड़ भागीदारी से पांच विकेट पर 195 का मजबूत स्कोर खड़ा किया था।

**संजू ने अंतिम ओवर की पहली दो गेंदों पर छक्के के बाद जड़ा विजयी चौका :** जवाबी काररवाई में संजू पारी की शुरुआत से अंत तक डटे रहे और लक्ष्य का पीछा करने के दौरान भारत के सर्वोच्च स्कोरर बनने के बीच उन्होंने साथी बल्लेबाजों के छिटपुट सहयोग से टीम इंडिया को 192 ओवरों में पांच विकेट पर 199 रनों तक पहुंचा दिया। उन्होंने अंतिम ओवर में रोमारियो शेफर्ड की पहली गेंदों पर छक्का व चौका जड़ते हुए करोड़ों भारतीय प्रशंसकों को खुशियों से भर दिया।

**सैमसन व कप्तान सूर्या ने तीसरे विकेट पर जोड़े 58 रन :** बड़े लक्ष्य के सामने तिरुवनंतपुरम के 31 वर्षीय बल्लेबाज संजू ने शुरुआत से ही नजरें जमा लीं। लेकिन सामने वाले छोर पर अभिषेक शर्मा (10 रन, 11 गेंद, दो चौके), ईशान किशन (10 रन, छह गेंद, दो चौके) शुरुआती हाथ दिखाने के बाद क्रमशः अकील हुसैन (1-22) व जैसन होल्डर (2-38) के शिकार हो गए (2-41)। कप्तान सूर्यकुमार यादव (18 रन, 16 गेंद, एक छक्का, एक चौका) ने मौके की नजाकत समझते हुए 'प्लेयर ऑफ द मैच' सैमसन का साथ निभाना बेहतर समझा और दोनों के बीच 35 गेंदों पर 58 रनों की साझेदारी आ गई।

**तिलक वर्मा बने दूसरे सर्वोच्च स्कोरर :** सामर जोसेफ (2-42) ने 11वें ओवर में 99 के स्कोर पर सूर्या को लौटाकर यह भागीदारी तोड़ी तो दूसरे सर्वोच्च स्कोरर तिलक वर्मा (27 रन, 15 गेंद, एक छक्का, चार चौके) ने संजू की मौजूदगी में आकर्षक प्रहारों के बीच स्कोर 141 रनों तक पहुंचाया। 15वें ओवर में होल्डर की गेंद पर तिलक के रूप में हेटमायर ने अपना तीसरा कैच पकड़ा तो हार्दिक पंड्या (17 रन, 14 गेंद, दो चौके) ने भी सैमसन का साथ निभाने की कोशिश की।

**चेज व होप ने पहले विकेट पर 68 रनों की भागीदारी की:** इसके पूर्व भारतीय टीम शुरुआती दबाव में आ गई, जब कैरेबियाई ओपनद्वय रोस्टन चेज (40 रन, 25 गेंद, एक छक्का, पांच चौके) व कप्तान शाइ होप (32 रन, 33 गेंद, एक छक्का, तीन चौके) ने 53 गेंदों पर 68 रनों की साझेदारी कर दी। हालांकि इस दौरान चेज को दो जीवनदान भी मिले। अंततः वरुण चक्रवर्ती (1-40) ने नौवें ओवर में होप को बोल्ड मारकर भारत को पहली सफलता दिलाई। वेस्टइंडीज ने 11ओवर में 100 रनों का आंकड़ा पार किया तो उधर जसप्रीत बुमराह (2-36) ने 12वें ओवर में दो बड़ी सफलताएं हासिल कीं।



कोलकाता के ईडन गार्डंस में जीत के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। एजेंसी

### सुपर-8 ग्रुप 1

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. साउथ अफ्रीका | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 2.259 |
| 2. भारत | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 0.106 |
| 3. वेस्टइंडीज़ | 3 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.993 |
| 4. जिम्बाब्वे | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -3.415 |

### सुपर-8 ग्रुप 2

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. इंग्लैंड | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 1.096 |
| 2. न्यूज़ीलैंड | 3 | 1 | 1 | 1 | 3 | 1.390 |
| 3. पाकिस्तान | 3 | 1 | 1 | 1 | 3 | -0.123 |
| 4. श्रीलंका | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -1.950 |

### 5 मार्च को इंग्लैंड से सेमीफाइनल में होगा मुकाबला

सुपर 8 ग्रुप एक में दूसरे स्थान पर रहे भारत की अब पांच मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में ग्रुप दो में शीर्षस्थ इंग्लैंड से दूसरे सेमीफाइनल में मुलाकात होगी। वहीं ग्रुए में अजेय रहे दक्षिण अफ्रीका का, जिसने आज ही नई दिल्ली में जिम्बाब्वे को पांच विकेट से शिकस्त दी, चार मार्च को यहीं (कोलकाता) में न्यूजीलैंड से सामना होगा। फाइनल आठ मार्च को अहमदाबाद में खेला जाएगा।

### वेस्टइंडीज

**195/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| शाइ होप बो वरूण | 32 |
| रोस्टन चेस का सूर्यकुमार बो बुमराह | 40 |
| हेटमायेर का सैमसन बो बुमराह | 27 |
| रदरफोर्ड का सैमसन बो पंड्या | 14 |
| रोवमैन पॉवेल नाबाद | 34 |
| जैसन होल्डर नाबाद | 37 |

गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-43-0, पंड्या 4-0-40-1, अक्षर 4-0-35-0, बुमराह 4-0-36-2, वरुण 4-0-40-1

### भारत

**199/5** (19.2 ओवर)

| | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा का हेटमायेर बो हुसैन | 10 |
| संजू सैमसन नाबाद | 97 |
| ईशान किशन का हेटमायेर बो होल्डर | 10 |
| सूर्यकुमार का रदरफोर्ड बो जोसेफ | 18 |
| तिलक वर्मा का हेटमायेर बो होल्डर | 27 |
| हार्दिक पंड्या का होल्डर बो जोसेफ | 17 |
| शिवम दुबे नाबाद | 08 |

गेंदबाजी : हुसैन 2-0-22-1, फोर्डे 3-0-22-0, होल्डर 4-0-38-2, मोती 2-0-18-0, शेफर्ड 2.2-0-34-0, जोसेफ 4-0-42-2, चेस 2-0-18-0

### यह मेरे जीवन के सबसे बड़े दिनों में से एक : संजू

संजू सैमसन ने स्वीकार किया कि 'अगर नहीं हुआ तो क्या होगा' जैसे ख्याल उनके दिमाग में लगातार आते रहे लेकिन उन्होंने हर गेंद पर फोकस करके बल्लेबाजी की। सैमसन ने मैच के बाद प्रसारक से कहा यह सवाल तो हमेशा चल रहा था कि अगर नहीं हुआ तो क्या होगा। उन्होंने कहा लेकिन जब भी वह ख्याल आता था तो मैं खुद को वर्तमान में ले आता और गेंद को देखकर, खुद पर भरोसा रखकर खेलता रहा। उन्होंने विराट कोहली, रोहित शर्मा और एम एस धोनी से लक्ष्य का पीछा करना सीखा है। मैं लंबे समय से यह प्रारूप खेल रहा हूं। 10-10 साल से आईपीएल और एक दशक से देश के लिए खेल रहा हूं। अंतिम एकादश में नहीं रहने पर भी डगआउट से देखकर कोहली, रोहित जैसे दिग्गजों से सीखा है।

## हाईलाइट

### आकिब ने दिलाई जम्मू-कश्मीर को नई पहचान

**श्रीनगर।** आक़िब नबी ने जम्मू-कश्मीर को खेलों में दिलाई नई पहचान, ये जम्मू-कश्मीर के पूर्व कप्तान परवेज रसूल के शब्द थे जो आक़िब नबी का शुक्रिया अदा कर रहे थे। नबी ने 60 विकेट चटकाए जिसमें से 26 केवल नॉकआउट में ही आए थे और अपनी टीम को चैंपियन बनाया। छह साल पहले जनवरी 2020 में रसूल ने ही नबी को उनकी रणजी ट्रॉफ़ी की पहली कैप थमाई थी।

### गुकेश को नवारा ने बराबरी पर रोका

**प्राग (चेक गणराज्य)।** विश्व चैंपियन डी गुकेश का पहली जीत का इंतजार जारी रहा जब यहां प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के चौथे दौर में उन्हें चेक गणराज्य के डेविड नवारा ने बराबरी पर रोक दिया। नीदरलैंड के जोर्डन वान फोरेस्ट ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोएव को हराकर चार मैच में तीसरी जीत के साथ बढ़त बना ली है लेकिन गत चैंपियन भारत के अरविंद चिदंबरम को जर्मनी के विन्सेंट केमर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की

होबार्ट, एजेंसी

कप्तान एलिसा हीली ने 158 रन की पारी खेलकर शानदार अंदाज में वनडे क्रिकेट को अलविदा कहा जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां तीसरे और आखिरी महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में विश्व चैंपियन भारत को 185 रन से हराकर श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की।

पैंतीस साल की हीली का यह अंतिम वनडे मैच था जिनके 158 रन और बेथ मूनी के नाबाद 106 रन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया। इस 410 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर ऑल आउट हो गई और तीन मैचों की सीरीज 0-3 से गंवा बैठी।

हीली छह मार्च से भारत के खिलाफ पर्थ में एकमात्र गुलाबी गेंद का टेस्ट खेलने के बाद अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह देंगी। हीली ने 126 वनडे मैचों में 3777 रन बनाए हैं जिसमें आठ शतक और 19 अर्धशतक शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया ने फीबी लिचफील्ड (14) का विकेट जल्दी खो दिया लेकिन हीली और जॉर्जिया वोल (52 गेंद पर 62 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। हीली और मूनी ने भी तीसरे विकेट के लिए 145 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को विशाल स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। अपना 126वां मैच खेल रही हीली ने आठवां एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा जिसमें उन्होंने 27 चौके और दो छक्के मारे। वोल ने अपनी पारी के दौरान सात चौके और एक छक्का लगाया जबकि मूनी की पारी में 10 चौके और एक छक्का शामिल रहा। अनाबेल सदरलैंड (23) और निकोला कैरी (15 गेंद में से 34 रन) ने आखिर में तेजी से रन बनाए।



शतक लगाने के बाद दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करतीं कप्तान एलिसा हीली। एजेंसी

- **कप्तान एलिसा हीली ने शतक के साथ वनडे क्रिकेट से लिया संन्यास**

### किसी परीकथा जैसा था आखिरी मैच : हीली

**होबार्ट।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने रविवार को यहां तीसरे और आखिरी मैच में 158 रन की शानदार पारी खेलकर विश्व चैंपियन भारत पर 185 रन की जीत से वनडे से शानदार विदाई लेने के बाद क्रिकेट के भगवान का शुक्रिया अदा किया। पैंतीस साल की हीली के लिए यह किसी परीकथा जैसा आखिरी पल था जिनके 158 रन और बेथ मूनी के नाबाद 106 रन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया। भारतीय टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर आउट हो गई और तीन मैचों की सीरीज 0-3 से गंवा बैठी। 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुनी गई हीली ने मैच के बाद कहा मुझे लगता है कि हम कितना अजीब खेल खेलते हैं कि यह आपको इतनी बार नीचे गिरा सकता है और फिर आपको आज जैसे मौके दे सकता है। उन्होंने कहा मुझे हर उपलब्धि वाला मैच पसंद नहीं आया इसलिए आज बस क्रीज पर जाकर उसका मजा लेने का मौका था।

# दक्षिण अफ्रीका ग्रुप में टॉप पर जिम्बाब्वे खाता नहीं खोल सका



जीत दर्ज करने के बाद जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों से हाथ मिलाते साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी। एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

कप्तान सिकंदर रजा (73 रन और तीन विकेट) के हरफनमौला खेल के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के औपचारिकता वाले मुकाबले में रविवार को यहां पांच विकेट से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में अब तब सभी मैचों में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। पहले ही सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर चुकी दक्षिण अफ्रीका की टीम इस जीत से सुपर आठ के ग्रुप एक में शीर्ष पर रही जबकि शुरुआती ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाला जिम्बाब्वे सुपर आठ में जीत का खाता खेलने में नाकाम रहा।

रजा की 43 गेंद में आठ चौके और चार छक्के समेत 73 रन की पारी के बावजूद जिम्बाब्वे की टीम सात विकेट पर 153 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका ने 17.5 ओवर में पांच विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। दक्षिण अफ्रीका टीम अब सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड का सामना करने के लिए कोलकाता जायेगी। दक्षिण अफ्रीका के लिए डेवाल्ड ब्रेविस ने 18 गेंद में दो चौके और चार छक्के की मदद से 42 रन बनाये। उन्होंने चौथे विकेट के लिए डेविड मिलर (16 गेंद में 22 रन) के साथ 25 गेंद में 50 रन की साझेदारी की। रेयान रिकल्टन ने 22 गेंद में चार छक्के की मदद से 31 का योगदान दिया। जॉर्ज लिंडे (21 गेंद में नाबाद 30) और ट्रिस्टन स्टब्स(24 गेंद में नाबाद 21) ने छठे विकेट के लिए 44 गेंद में 53 रन की अटूट साझेदारी के साथ टीम की जीत पक्की कर दी। जिम्बाब्वे के लिए रजा ने चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट लिए। रजा को बल्लेबाजी के दौरान दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिला। उनके अलावा क्लाइव मदांडे (नाबाद 26) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए क्वेन मफाका ने चार ओवर में 21 रन देकर दो विकेट लिये। कोर्बिन बोश को भी दो सफलता मिली लेकिन उन्होंने 40 रन लुटाये। जॉर्ज लिंडे, लुंगी एनगिडी, एनरिच नोर्किया को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को पहले ओवर में ही क्विंटन डिकॉक को खाता खोले बगैर चलता करने के बाद कप्तान एडेन मारक्रम (चार) को पवेलियन की राह दिखाई। डिकॉक का कैच विकेटकीपर मारुमनी ने लपका जबकि मारक्रम बोल्ड हुए।

- **जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने हरफनमौला खेल से सराहनीय प्रदर्शन किया**

### जिम्बाब्वे

**153/7** (17.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| तदिवानाशे मारुमनी बो मफाका | 07 |
| ब्रायन बेनेट का मारक्रम बो नोर्किया | 15 |
| डियोन मायर्स का ब्रेविस बो लिंडे | 11 |
| सिकंदर रजा का मिलर बो मफाका | 73 |
| रेयान बर्ल पगबाधा एनगिडी | 05 |
| टोनी मुनयोंगा बो बोश | 02 |
| क्लाइव मदांडे नाबाद | 26 |
| ब्रैड इवांस बो बोश | 08 |
| वेलिंगटन मसाकदजा नाबाद | 01 |

**गेंदबाजी :** लिंडे 3-0-22-1, मफाका 4-0-21-2, एनगिडी 4-0-29-1, नोर्किया 4-0-29-1, बोश 4-0-40-2, मारक्रम 1-0-11-0

### दक्षिण अफ्रीका

**154/5** (17.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| एडेन मार्करम बो सिकंदर रजा | 04 |
| डिकॉक का मारुमनी बो रजा | 00 |
| रेयान रिकेल्टन का बर्ल बो इवांस | 31 |
| डेवाल्ड ब्रेविस का बर्ल बो रजा | 42 |
| मिलर का मायर्स बो मुजरबानी | 22 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 21 |
| जॉर्ज लिंडे नाबाद | 30 |

**गेंदबाजी :** रजा 4-0-29-3, मुजरबानी 3.5-0-22-1, इवांस 3-0-22-1, क्रीमर 2-0-27-0, मसाकद्जा 2-0-23-0, बर्ल 2-0-12-0

**13** गेंदें शेष रहते दक्षिण अफ्रीका ने हासिल किया लक्ष्य

## प्रतिक्रिया

टी-20 विश्व कप से बाहर होने के बाद पूर्व क्रिकेटर बोले- दो साल बाद मिले मौकों को भुना नहीं पा रहे हम

# पाकिस्तान क्रिकेट जगत में फैली घोर निराशा



कराची, एजेंसी

पाकिस्तान ने भले ही अपना टी-20 विश्व कप अभियान जीत के साथ खत्म किया हो लेकिन इस बड़े टूर्नामेंट में टीम के प्रदर्शन से देश का क्रिकेट जगत बहुत निराश है।

पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज जावेद मियांदाद ने रविवार को कहा आपको अपने देश के क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन की छाप छोड़ने के लिए दो साल में एक मौका मिलता है और आप फिर से विफल हो जाते हैं। यह सब देखना बहुत निराशाजनक है। मियांदाद ने कहा कि ऊंची रैंकिंग वाली टीम के खिलाफ टीम का प्रदर्शन बहुत बड़ी चिंता की बात है और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को अब कुछ बड़े फैसले लेने की जरूरत है।

पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ ने कहा कि कुछ खिलाड़ियों को टी20 क्रिकेट में खुद को स्थापित करने के लिए बहुत ज्यादा मौके दिए गए और वे बड़े टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा अब आगे बढ़ने और अपनी गलतियों से सीखने का समय है।

पूर्व कप्तान मोइन खान ने कहा कि जब तक पाकिस्तान ऊंची रैंकिंग वाली टीमों को नहीं हरा पाता, तब तक वह कभी भी आईसीसी टूर्नामेंट नहीं जीत पाएगा। उन्होंने दुख जताते हुए कहा आप कोई बड़ा टूर्नामेंट तब तक नहीं जीत सकते जब तक आपके पास शीर्ष टीमों को हराने की काबिलियत नहीं हो। बदकिस्मती से हमने चयन और मैदान पर बहुत सारी गलतियां की हैं। हमारे मुख्य खिलाड़ी विश्व कप में अच्छा नहीं कर पाए।

पूर्व कप्तान बाबर आजम, मौजूदा कप्तान सलमान अली आगा और शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी और मोहम्मद नवाज जैसे दूसरे सीनियर खिलाड़ियों की कड़ी आलोचना हो रही है। आगा के घर लौटने के बाद उन्हें कप्तानी के पद से हटाने की उम्मीद है।

पाकिस्तान के कोच रह चुके सकलेन मुश्ताक को भी अपने दामाद शादाब के प्रदर्शन का दोष मुख्य कोच माइक हेसन पर डालकर उनका बचाव करने की कोशिश करने के लिए काफी आलोचना का सामना करना पड़ा है।

### हमने दबाव में सही फैसले नहीं लिए : आगा

**पल्लेकल।** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा का कहना है कि उन्होंने टी20 विश्व कप में दबाव में सही फैसले नहीं लिए और वे अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। पाकिस्तान ने अपने आखिरी सुपर आठ चरण के मैच में सह मेजबान और पहले ही बाहर हो चुकी श्रीलंका को पांच रन के मामूली अंतर से हराया। पर यह जीत उन्हें सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए काफी नहीं थी। आगा ने शनिवार रात को मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा अगर आप पूरा टूर्नामेंट देखें तो हमने उम्मीद से कम प्रदर्शन किया है। 20 ओवर के मैच में हमने 18 ओवर बहुत अच्छे से खेले और दूसरी टीम को दो ओवर अच्छे से खेलने दिए गए। आखिरी तीन ओवर में रणनीति पर अच्छी तरह अमल नहीं किया। हमने पहले इससे भी बेहतर गेंदबाजी की है। हमारी गेंदबाजी इकाई काफी बेहतर है। लेकिन हम ठीक से कार्यान्वयन करने में चूक गए। पाकिस्तानी के कप्तान ने खराब प्रदर्शन की पूरी जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा हम इसकी पूरी जिम्मेदारी लेंगे। क्यों नहीं? क्योंकि हम टीम चुनने में शामिल थे और खिलाड़ियों के लिए हम जिम्मेदार थे। मैं जिम्मेदारी लूंगा और मुझे यकीन है कि कोच भी लेंगे।